CMYK




# जागरूक टाइम्स

सिरोही, सोमवार, 20 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 04 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



पूजा हेगड़े को मिला 'क्रॉसओवर क्वीन' का टैग...

पेज -11

## संविधान सभा के सभी व्यक्तित्व को 'नमन'

### पीएम मोदी का 2025 का पहला 'मन की बात' कार्यक्रम



**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (19 जनवरी) को पहला 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। यह इस रेडियो प्रसारण का 118वां एपिसोड है। आमतौर पर यह कार्यक्रम महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित होता है, लेकिन इस बार आखिरी रविवार को 26 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस है। ऐसे में पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को एक हफ्ते पहले प्रसारित किया गया। 'मन की बात' कार्यक्रम के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। इस बार का गणतंत्र दिवस बहुत विशेष है। ये भारतीय गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। मैं संविधान सभा के उन सभी महान व्यक्तित्व को नमन करता हूं, जिन्होंने हमें हमारा पवित्र संविधान दिया।

#### संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे पूरे

शेष पृष्ठ 5 पर

### चुनाव आयोग को दी बधाई

पीएम मोदी ने कहा, 25 जनवरी को नेशनल वोटर्स डे है। ये दिन इसलिए अहम है, क्योंकि इस दिन 'भारतीय निर्वाचन आयोग' की स्थापना हुई थी। हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान में हमारे चुनाव आयोग को लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को बहुत बड़ा स्थान दिया है। मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है, मजबूत किया है। मैं चुनाव आयोग को निष्पक्ष चुनाव के उनके कमिटमेंट के लिए भी बधाई देता हूं।

### प्रयागराज महाकुंभ

प्रयागराज में महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेला' हमारे ये पर्व, हमारे सामाजिक मेल-जोल को, सद्भाव को, एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं। ये पर्व भारत के लोगों को भारत की परंपराओं से जोड़ते हैं।

### स्टार्टअप के नौ साल हुए पूरे

कुछ दिन पहले ही स्टार्टअप इंडिया के नौ साल पूरे हुए हैं। हमारे देश में जितने स्टार्टअप नौ साल में बने हैं उनमें से आधे से ज्यादा टियर टू और थ्री शहरों से हैं और जब यह सुनते हैं तो हर हिंदुस्तानी का दिल खुश हो जाता है, यानी हमारा स्टार्टअप कल्चर बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने लगाई महाकुंभ में आस्था की डुबकी

### 'महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट व्यवस्थाएं'





### हमारे देश की प्राचीन संस्कृति दुनिया में अद्वितीय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर स्नान किया। उन्होंने सपरिवार मां गंगा की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बोट से त्रिवेणी संगम का अवलोकन किया और बड़े संगम तट पर स्थित लेटे हनुमान जी के दर्शन भी किए। उन्होंने राजस्थान मण्डप में संत-महात्माओं का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और परम्परा समृद्ध है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है। हमारी संस्कृति सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया: के भाव के साथ हम सब को सुख-शान्ति से रहने का संदेश देती है।

उन्होंने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का बदलता स्वरूप हम सबने देखा है। देश-दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा है और हमारी समृद्ध संस्कृति का परचम पूरी दुनिया में लहराया है।

## प्रयागराज महाकुंभ 2025 — मेला क्षेत्र में लगी आग

### किसी नुकसान की खबर नहीं, दूर-दूर तक लपटें-धुएं के दिखे गुबार





**प्रयागराज।** प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार को आग लग गई। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट के चलते पांडाल में आग लगी। मेला क्षेत्र में दूर-दूर तक धुएं के गुबार उठते हुए नजर आने लगे। मौके पर मौजूद दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नही है। मेला क्षेत्र के सेक्टर 19 में यह आग लगी। दमकल की चार गाड़ियां आग बुझाने में जुट गईं और देखते ही देखते आग पर काबू पा लिया गया। आग के चलते सिलेंडर ब्लास्ट की भी बात कही जा रही है लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पांडाल का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो गया है। यह एक बड़ी आग थी लेकिन वहां इस तरह के इंतजाम किए गए थे कि आग पर तत्काल काबू पा लिया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है। वे खुद घटनास्थल पर पहुंचे।

#### सीएम योगी ने लिया घटना का संज्ञान

## न्यूज ब्रीफ

### बॉर्डर के पास मोर्टार बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में बॉर्डर के पास बीएसएफ ने रविवार सुबह 82 एमएम का मोर्टार शेल बरामद किया। बीएसएफ ने बताया कि इस मोर्टार शेल में जंग लगा हुआ था। यह रामगढ़ सब-सेक्टर में सीमा चौकी कामौर इलाके के पास सुबह करीब 9.45 बजे देखा गया।

### राष्ट्रपति मुर्मू पुरस्कार समारोह में होंगी शामिल

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें अप्रैल में होने वाले श्रीमंत शंकरदेव पुरस्कार 2025 में शामिल होने का निमंत्रण दिया। राष्ट्रपति मुर्मू ने इस कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया। अवॉर्ड का नाम असम के महान वैष्णव संत और सुधारक श्रीमंत शंकरदेव के नाम पर रखा गया है।

### डल्लेवाल का आमरण अनशन खत्म



**चंडीगढ़।** पटियाला रेंज के डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू और एसएसपी डॉ. नानक सिंह ने मरण व्रत पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात कर उन्हें चिकित्सा सहायता दिलाई। इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने किसान नेता सुखजीत सिंह हरदोजंडा समेत 122 किसानों को जूस पिलाकर उनका मरण व्रत समाप्त करवाया। अधिकारियों ने बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने का भरोसा दिलाया।

## कटिहार: गंगा नदी में नाव पलटी, तीन की मौत

### चार लापता, नाव में कुल 17 लोग थे सवार



**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में रविवार को गंगा नदी में नाव पलट गई। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि यह नौका अमदाबाद इलाके में गोलाघाट के पास पलटी, जिसमें 17 लोग सवार थे। अब तक दस लोगों को बचाया जा चुका है, जिनमें अधिकतर तैरकर किनारे तक पहुंचे। जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने बताया,'लापता चार लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान जारी है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं।' मृतकों में से दो की पहचान पवन कुमार (60) और सुधीर मंडल (70) के रूप में हुई है, जबकि एक अन्य की पहचान नहीं हो पाई है।

शेष पृष्ठ 5 पर

### रिश्तेदार के यहां जा रहे थे

हादसे का शिकार हुए सभी लोग दक्षिनी करिमुल्ला पुर के मेघू घाट पर नाव में सवार हुए थे और ये लोग गद्दाई दियारा जा रहे थे। नाव में सवार लोग अमदाबाद के गोला घाट से सकरी (झारखंड) में रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी क्रम में नाव अनियंत्रित होकर गोलाघाट के पास पलट गई, जिसमें तीन लोग पवन कुमार (60),सुधीर मंडल (70) और एक साल के मासूम की मौत हो गई।

## बीकानेर के लूणकरणसर में दर्दनाक हादसा

### बारात में जा रही कार पलटने से चार की मौत, दो की हालत गंभीर

**बीकानेर।** बीकानेर के लूणकरणसर में कार के आगे सांड आने से अनियंत्रित होकर चार बार पलटी खा गई। हादसे में दो चचेरे भाइयों समेत चार लोगों की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया है। कार सवार लोग चूरू के भोजासर छोटा गांव से बारात में लूणकरणसर के पेमासर गांव जा रहे थे। इस दौरान हंसेरा गांव के पास ये हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही लूणकरणसर थानाधिकारी गणेश बिश्नोई और टाइगर फोर्स के लोग मौके पर पहुंचे। घायलों को अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने भगवान दास (28) पुत्र नौरंगदास, विनोद (22) पुत्र हजारी भारती, सुनील (18) पुत्र जयनारायण भारती और कालू भारती (35) को मृत घोषित कर दिया। दरअसल, बारात तो आगे निकल गई, लेकिन ये कार पीछे रह गई थी। बाद में पता चला कि पीछे कार का एक्सीडेंट हो गया है। हादसे में जिन चार युवकों की मौत हुई है, उनमें विनोद पुत्र हजारी और सुनील पुत्र जयनारायण भारती चचेरे भाई थे।

## सैफ अली खान अटैक केस

## आरोपी को पांच दिन की पुलिस कस्टडी

### ठाणे के जंगली इलाके में छिपा था आरोपी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान के घर में घुसकर उनपर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए शख्स को 19 जनवरी को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में सबसे पहले आरोपी को उसका चेहरा दिखाने कहा गया और फिर उसका नाम पूछा गया। आरोपी ने अपना नाम बताया। कोर्ट ने आरोपी से पूछा कि क्या पुलिस के खिलाफ उसकी कोई शिकायत है। इस पर आरोपी ने कहा कि 'नहीं'। पुलिस ने बताया कि हमें घटनास्थल से चाकू मिला है। लीलावती हॉस्पिटल में हमने सैफ के शरीर से निकला चाकू बरामद किया है।

शेष पृष्ठ 5 पर



#### आरोपी बांग्लादेशी नागरिक : पुलिस

पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने पर पता चला कि वह बांग्लादेशी नागरिक है। मुंबई पुलिस ने कोर्ट को बताया कि वह गुप्त रास्ते से बांग्लादेश से भारत में आया था। उसे यहां किसने मदद की और उसे कौन सहारा दे रहा था। यहां उसकी पहचान का कौन-कौन रह रहा है इसकी जांच करनी है।

## डोनाल्ड ट्रंप का शपथ ग्रहण आज



### ट्रंप के डिनर में पहुंचे मुकेश और नीता अंबानी, कई और बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट भी शामिल

#### ब्लैक-टाई रिसेप्शन में भी शामिल होगा अंबानी परिवार

*ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के बाद, अंबानी परिवार को रिपब्लिकन मेगा-डोनर मिरियम एडेलसन और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग द्वारा आयोजित ब्लैक-टाई रिसेप्शन में शामिल होगा। इस आयोजन में दुनिया के प्रभावशाली नेताओं और व्यापार जगत के दिग्गजों का जमावड़ा होगा।*



**वाशिंगटन डीसी।** वाशिंगटन डीसी में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले आयोजित डिनर में रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने शिरकत की।

इस खास अवसर पर दुनिया के कई बड़े इंडस्ट्रियलिस्ट, वैश्विक व्यापार जगत के नेता और ट्रंप के कैबिनेट के नामित सदस्य मौजूद थे। डिनर में अंबानी परिवार को अन्य भारतीय उद्यमियों, जैसे एम3एम डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक पंकज बंसल और ट्रिबेका डेवलपर्स के संस्थापक कल्पेश मेहता के साथ देखा गया। कल्पेश मेहता भारत में ट्रंप टावर्स को स्थापित करने में एक प्रमुख भागीदार हैं। इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीरों में मेहता को मुकेश और नीता अंबानी के साथ पोज़ देते हुए देखा जा सकता है।






CMYK

### संविधान गौरव अभियान के तहत विचार गोष्ठी आयोजित

# डॉ अंबेडकर के साथ कांग्रेस के किए गए भेदभाव को जनता को बताने की जरूरत : बालकनाथ



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार रविवार को जिला मुख्यालय पर भाजपा जालोर की ओर से संविधान गौरव अभियान के तहत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि विचार गोष्ठी में मुख्य वक्त । तिजारा विधायक योगी बालक नाथ थे। मुख्य सचेतक एवं विधायक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राव श्रवणसिंह बोरली एवं संभाग प्रभारी जगदीश देवासी का आतिथ्य रहा। योगी बालकनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों में संविधान में किस तरह से छेड़छाड़ की और बाबा साहब के साथ कांग्रेस ने जिस तरीके का भेदभाव किया उसे जनता के बीच बताने की जरूरत है। संविधान गौरव अभियान के दौरान सभी कार्यकर्ता इन गोष्ठियों में भाग लें और कांग्रेस के बाबा साहब को लेकर फैलाए जा रहे झूठ का मुंह तोड़ जवाब दें।

#### कांग्रेस ने किया संविधान को तार-तार : गर्ग

*मुख्य सचेतक व विधायक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि संविधान को कांग्रेस ने तार-तार करने का काम किया है। जबकि भाजपा ने प्रजातंत्र की रक्षा करते हुए लोकतंत्र की रक्षा का काम किया है। प्रदेश भर में 11 जनवरी से लगातार अभियान चल रहा है। हम सभी मेरा संविधान मेरा गौरव, मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान इस भाव को लेकर जनता के बीच जाएंगे। जो विरोधी भ्रम फैलाने का काम करते है, जनता के बीच में उस भ्रम को दूर करने का प्रयास करेंगे। बाबा साहब को सही अर्थों में अगर सम्मान मिला है तो भाजपा की सरकार ने दिया है। सांसद लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि हम सबको बाबा साहब द्वारा किए गए कार्यों को आगे बढ़ाना है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि संविधान गौरव अभियान के तहत जिला और मंडल स्तर तक के पदाधिकारी, विधायक, सांसद शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों कॉलेज में गोष्ठी, परिचर्चाओं का आयोजन करेंगे। संभाग प्रभारी जगदीश देवासी ने कहा कि इस अभियान को हम सबको मिलकर मजबूती के साथ सफल बनाना है। अभियान नाम सहित परिभाषित होता है कि हमें हमारे संविधान पर गौरव होना चाहिए। शांतिनाथ बी-एड कॉलेज डायरेक्टर केएन भाटी का अतिथियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश महावर ने किया।*

#### यह भी रहे मौजूद

*धनाराम पुरोहित, जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड़, पुखराज राजपुरोहित, हिंगलाजदान चारण, नगर परिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष मिश्रीमल मेघवाल, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धुखाराम राजपुरोहित, भाजयुमो जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिसोदिया, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजू सोलंकी, विधानसभा क्षेत्र संयोजक दीपसिंह, मंडल अध्यक्ष रवि सोलंकी, सायला मंडल अध्यक्ष नेनमल लखारा, जीवाणा मंडल अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तम गर्ग, गणपतसिंह, महेंद्रसिंह, भूरसिंह, सुशीला सेन, अमन देवेंद्र मेहता, जसराज राजुरोहित, नाथूसिंह, दिलीप सोलंकी, मुकेश राजपुरोहित, पहाड़सिंह राव, इंद्र गर्ग, रतन सुथार, महेश भट्ट, घनश्याम देवासी, उर्मिला दर्जी, गीता बारोट, मधु भाटी, गोरधनसिंह राजपुरोहित सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।*



## स्नेहमिलन समारोह आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** संयुक्त व्यापार महासंघ का स्नेह मिलन समारोह रविवार को क्षेमंकरी माता मंदिर की तलहटी पर आयोजित किया गया। आयोजन में स्वामीनारायण विश्व मंगल गुरुकुल के स्वामी दिव्यस्वरूप महाराज, विधायक डॉ समरजीतसिंह, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, सीटीओ प्रकाश विश्नोई, एसीटीओ ओमप्रकाश विश्नोई व जयकिशन विश्नोई, पूर्व नपा अध्यक्ष सांवलाराम देवासी व हीरालाल बोहरा, थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण एम दवे, पूर्व अध्यक्ष भरतसिंह भोजानी, महेंद्र सोलंकी और पूर्व प्रधान देराम विश्नोई का सान्निध्य रहा। कार्यक्रम का संचालन मीठालाल जांगिड़ ने किया। संयुक्त व्यापार संघ सचिव नरेश सुखाड़िया, संरक्षक श्यामलाल खेतावत, शेखर व्यास, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह भूतेल, पारसमल मोदी, ओमप्रकाश महेश्वरी, सचिव लक्ष्मण भाजवाड़, प्रवक्ता देवेंद्र भंडारी व रेडिमेड संघ अध्यक्ष श्रवणसिंह राव सहित मशीनरी एसोसिएशन, खाद्य व्यापार संघ, रेडीमेड गारमेंट एसोसिएशन, मणिहारी एवं फुटवियर एसोसिएशन, बर्तन व्यापार संघ, रीको एसोसिएशन, वस्त्र व्यापार संघ, कृषि मंडी मर्चेंट एसोसिएशन, पुस्तक व्यापार संघ, मिष्ठान व्यापार संघ, ऑटोमोबाइल एसोसिएशन, सब्जी मंडी एसोसिएशन, सर्राफा एसोसिएशन, मेडिकल एसोसिएशन, हेयर एंड सेलून संघ, मोबाइल एसोसिएशन, हैंडलूम संगठन, सेनेटरी एसोसिएशन, नाश्ता संघ, हार्डवेयर एसोसिएशन, मार्बल एसोसिएशन, इलेक्ट्रिकल्स एसोसिएशन, बिल्डिंग मटेरियल संघ, फोटोग्राफर एसोसिएशन व साउंड एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद थे। इसके बाद प्रसादी का आयोजन हुआ।

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारतीय धर्म एवं संस्कृति के वाहक : राज्यमंत्री देवासी

### आकोली में महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** आकोली में रविवार को महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण महंत करणगिरी के सान्निध्य, राज्यमंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य एवं आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी, जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित व भूपेन्द्र देवासी के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। राज्य मंत्री देवासी ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप भारतीय धर्म एवं संस्कृति के वाहक थे।






उन्होंने कन्हैयालाल सेठिया की प्रसिद्ध कविता संग्रह 'पाथल एवं पीथल' की पंक्तियां ''हरे घास की रोटी वन बिलाव ले भाग्यो...'' को उद्धृत करते हुए महाराणा प्रताप के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। आहोर विधायक राजपुरोहित ने महाराणा प्रताप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शौर्य, त्याग एवं मातृभूमि प्रेम की साक्षात मूर्ति बताया तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। रानीवाड़ा विधायक देवासी ने प्रताप के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन अम्बिकाप्रसाद तिवारी व ईश्वरसिंह काबावत ने किया। जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित, भू-अभिलेख निरीक्षक ज्ञानेश त्रिपाठी, आकोली सरपंच चोपाराम देवासी, प्रकाश सुथार आदि उपस्थित थे।

## हॉकी के गौरव को फिर से स्थापित कर आगे बढ़ाएंगे : गोविंदला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** हॉकी जालोर की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार को वतन रिसोर्ट बिशनगढ़ में हॉकी जालोर के लालसिंह गोविंदला की अध्यक्षता तथा हॉकी राजस्थान के पर्यवेक्षक रंजी स्मिथ, जालोर जिला ओलम्पिक संघ के पर्यवेक्षक नाथू सोलंकी के पर्यवेक्षण में किया गया। गोविंदला ने कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल हैं। जालोर जिले में हॉकी खेल के गौरव को आगे ले जाने के लिए खेल मैदानों की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए खेल सामग्री, विभिन्न स्तर की हॉकी प्रतियोगिता, विशेषकर बालिकाओं को हरसंभव खेलों में आगे बढ़ाने तथा हॉकी के अलावा भी खेलों के हर क्षेत्र में आवश्यक सुविधाएं मुहैया करवाने में हरसंभव सहयोग करेंगे।




#### इनका हुआ निर्वाचन

सभी पदों पर एकल प्रक्रिया में ही नामांकन प्राप्त हुए एवं सभी पदों पर नामांकन वैध पाए जाने पर रविवार 19 जनवरी को मुख्य संरक्षक प्रहलाद गर्ग, संरक्षक हीरालाल चौधरी, अध्यक्ष लालसिंह गोविंदला, चेयरमैन गणपतसिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णकांत जेथलिया, उपाध्यक्ष जितेन्द्रसिंह सांखला, भागीरथ गर्ग, भंवराराम संत, दौलाराम रांगी, श्रीमती प्रभावती इंदा, सचिव मदनसिंह राठौड़, संयुक्त सचिव मूलसिंह राठौड़, श्रीमती सूरज गर्ग, राजेंद्रकुमार भट्ट, रमेशकुमार, श्रीमती रेणूकंवर, कोषाध्यक्ष लालसिंह सांखला, कार्यकारिणी सदस्य दीपसिंह, दौलाराम भाटी, धर्मवीर भारती, हिदाराम, शैलेन्द्रसिंह सांखला तथा राष्ट्रीय खेलनीति 2011 की अनुपालना के तहत स्पोर्ट्स पर्सन ऑफ ऑउटस्टेंडिंग मैरिट के तहत हिम्मतसिंह सोलंकी, सुश्री विशाखा भटनागर, एथलीट कमीशन में राहुलकुमार देवासी, श्रीमती यामिनी चौहान को निर्विरोध घोषित किया गया। प्रदीपकुमार, कानाराम परमार, ओमप्रकाश गर्ग को आयोजन समिति, एडवोकेट सतपाल को विधि सलाहकार, जीवनसिंह, शिवलाल मेघवाल, दिनेश प्रजापत, हनवंतसिंह चारण, विकास एवं मदनसिंह, निराजसिंह मनोहर राणा, रघुवीरसिंह बराड, जोगाराम मीणा, प्रकाश भटनागर को परामर्शदाता समिति में लिया गया।

#### आमसभा में करवाए चुनाव

सभा में आगामी चार वर्षो की अवधि 2025-2029 के लिए चुनाव करवाने का निर्णय लिया गया। चुनाव अधिकारी सेवानिवृत जिला शिक्षा अधिकारी प्रभुदान राव ने बताया कि स्पोर्ट्स एक्ट 2005 के तहत हॉकी जालोर के चुनाव आयोजित करवाने के लिए 2 से 7 जनवरी तक नामांकन फॉर्म जमा करवाने, 9 जनवरी को प्राप्त नामांकन फॉर्मो की जांच कर संशोधित सूची जारी की थी। 10 से 14 जनवरी तक नाम वापसी तक किसी ने भी नाम वापिस नहीं लिया। 15 जनवरी को अंतिम सूची जारी की गई।

## मेघवाल समाज की बैठक में छात्रावास निर्माण पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जसवंतपुरा।** कस्बे के सुंधा माता रोड स्थित मेघवाल समाज छात्रावास में रविवार को मेघवाल सेवा समिति की बैठक पूर्व जिला परिषद सदस्य वजाराम पावटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में छात्रावास निर्माण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही छात्रावास निर्माण को लेकर सहयोग राशि एकत्रित कर छात्रावास हेतु कमरों के निर्माण पर चर्चा की। छात्रावास की अधूरी पड़ी चारदीवारी को पूरा करवाने पर विचार विमर्श किया। इस दौरान हजारीमल, कलाराम पहाड़िया राजीकावास, मफाराम राजपुरा, केराराम, वीराराम सोलंकी, फूलाराम जसवंतपुरा, बगदाराम गोलाना, वचनाराम, रमेश कुमार, रामाराम कारलू, ललित गोलाणा, छगनलाल, भीखाराम गोलाणा, प्रकाश पावटी, पंकज गोलाणा, वि' मकुमार समेत समाजबंधु मौजूद रहे।

## तारबंदी कार्य का शुभारंभ

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** गौतम सरोवर (गोलाणी) की पाळ के चारों तरफ रविवार को भामाशाह की ओर से तारबंदी कार्य का शुभारंभ किया गया। भामाशाह हीरालाल किस्तुरमल माली के प्रतिनिधि सहित भीनमाल के प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति में शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी द्वारा वेद मंत्रो के साथ लाभ अमृत वेला में सम्पन्न हुआ। क्षेमंकरी माताजी ट्रस्ट के प्रतिनिधि हरीसिंह सोलंकी, नीम गोरिया क्षेत्रपाल ट्रस्ट से नैनाराम चौहान, सुरमसिंह सोलंकी, वारहश्याम ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम खेतावत, फाफरिया हनुमान मन्दिर ट्रस्ट से नरपतसिंह राव, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भीनमाल के संघ चालक प्रभुराम जीनगर, विप्र फाउंडेशन से दिनेशकुमार दवे, शंकरलाल सुंदेसा, श्रवण जीनगर, माली थानमल परमार, किशोर जीनगर, भानाराम मेगवाल, खेमाराम जीनगर सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## रामानंदाचार्य की जंयती पर भजन संध्या आज, कल निकलेगी शोभायात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** चतुर्सम्प्रदाय वैष्णव वैरागी शिक्षा सेवा समिति ब्लॉक सायला के तत्वावधान में स्वामी रामानंदाचार्य की 725वीं दो दिवसीय जयंती समारोह सोमवार से मनाया जाएगा। समिति के अनुसार महोत्सव को लेकर सोमवार को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। जिसमें गायक राजूदास एवं पदमदास प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन मंगलवार सवेरे शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें भामाशाह, संत समेत कई जने रथ पर सवार होकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। इसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा। उधर महोत्सव को लेकर आयोजन समिति की ओर से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं को आमंत्रण पत्रिका देकर न्यौता दिया गया है। साथ ही मंदिर प्रांगण को रंग-बिरंगी रोशनी एवं फूल-मालाओं से सजाया गया है।



## महाकुंभ के लिए एकत्रित किए 915 थैले व थालियां

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** विप्र फाउंडेशन की ओर से नीम गोरिया क्षेत्रपाल मंदिर प्रांगण में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता अभियान को लेकर 915 थैले व थालियां एकत्रित की गई। आयोजन वरिष्ठ समाजसेवी शेखर व्यास व बद्रीनारायण गौड़ की मौजूदगी में हुआ। आयोजन में भीनमाल ब्लॉक से 515, सायला से 300 व सांचौर से 100 थाली-थैलों सहित जालोर जिले से कुल 915 थाली व थैले एकत्रित किए गए। प्रदेश महामंत्री दिनेश दवे ने कहा कि देश और समाज के उत्थान में हर व्यक्ति की भूमिका अहम है। समाज में शांति, न्याय और सदभावना को प्रोत्साहित करने के साथ हमारी जिम्मेदारी है कि हम हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में कदम बढ़ाते रहें। हमें उनके दिखाए स्वच्छता रूपी पर्यावरण संरक्षण हेतु मार्ग का अनुसरण करते हुए हमारे पूर्वजों की दी हुई सांस्कृतिक विरासत को संजोने के साथ मजबूत भी करना चाहिए। समाजसेवी शेखर व्यास ने कहा कि वेदों और शास्त्रों का पारायण, नित्यकर्मों का पालन और सामाजिक आयोजनों के माध्यम से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। जिला उपाध्यक्ष मानाराम ने कहा कि ब्राह्मण समाज हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक धारा को दिशा देने वाला महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है। यह वह समाज है जो पूरे राष्ट्र को दिशा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह राजस्थान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए देश-दुनिया में जाना जाता उसी तरह अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है।

#### महाकुंभ के लिए संतों का दल रवाना

महाकुंभ में मोनी अमावस्या को स्नान के लिए करीब साधु संतों के नेतृत्व में दर्जनों श्रद्धालु रवाना हुए। पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष एवं धुंधलेश्वर महादेव मंदिर गजीपुरा महंत प्रेमभारती, पुनासा महंत बाबूगिरी, पादरा महंत चेतनगिरी, भाडू महंत शिवगिरी, डोरडा व मायलावास महंत कुलदीप भारती, कोमता महंत उम्मीदगिरी के नेतृत्व में सभी श्रद्धालु रवाना हुए। जिनको ग्रामीणों ने रवानगी दी।

## जयकारों के बीच मनाया चारभुजा मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** रेवतड़ा स्थित वैष्णव वैरागी समाज द्वारा चारभुजा मंदिर की प्रथम वर्षगांठ रविवार को सेवन्त्री महंत लक्ष्मणदास खाकी महाराज के सान्निध्य में मनाई गई। सवेरे से ही समाजबंधुओं का पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर मंदिर परिसर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वहीं ध्वजा के लाभार्थी मोहनलाल हरीराम वैष्णव परिवार अपने निवास स्थान से ढोल ढमाकों के साथ नाचते गाते ध्वजा लेकर मंदिर पहुंचे। जहां विधिवत पूजन करवाया गया। इसके बाद शुभ मुहूर्त में मंदिर शिखर पर ध्वजा चढाई गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर चारभुजा नाथ के जयकारों से गूंजायमान हो गया। भजन गायकों द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों की सुमधुर स्वरलहरियों के साथ भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद महाआरती का आयोजन हुआ एवं बालभोग लगाया गया। इस मौके पर धर्मसभा एवं महाप्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।



# विद्यार्थियों ने निहारी लेकसिटी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुंजाणी के विद्यार्थियों ने दो दिवसीय उदयपुर का भ्रमण कर विभिन्न स्थानों की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि ग्रीन स्कूल के तहत पर्यावरण जागरूकता शैक्षणिक भ्रमण के लिए पीएम विद्यालय के 140 विद्यार्थियों का दल रवाना हुआ। विद्यार्थियों ने सिरोही के सारणेश्वर महादेव के दर्शन कर वहां की ऐतिहासिक कलाकृति व आध्यात्मिकता से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। शुक्रवार को उदयपुर के सेलिब्रेशन मॉल में विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों की वस्तुओं, भावों, सुविधाओं, आधुनिक डीलिंग प्र' िया के बारे में जानकारी ली। उसके बाद झीलों की नगरी उदयपुर की फतेहसागर झील का अवलोकन किया। झील के किनारे पैदल वॉक करके प्रकृति के अदभूत सौंदर्य को निहारते हुए सनसेट व रात्रिकालीन दृश्य से विद्यार्थी अभिभूत हुए। विद्यार्थियों ने महाराणा प्रताप म्यूजियम, फतेहसागर झील में बोटिंग कर वहां के प्राकृतिक सौंदर्य को निहारा। दूसरे दिन शनिवार को गुलाब बाग में बर्ड पार्क, विविध वनस्पतियों, नवलखा महल, विक्टोरिया पुस्तकालय, गांधी स्टैचू की शिल्प कला, रंग बिरंगे फव्वारे एवं गुलाब बाग की टॉयज ट्रेन में म्यूजिकल यात्रा, झूलों से विद्यार्थी को आनंदित हुए। सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का भ्रमण कर वाइल्ड लाइफ को प्राकृतिक रूप में प्रत्यक्ष रूप से जाना, समझा व जानकारी एकत्रित की। विभिन्न प्रजाति के जीव जंतुओं शेर, बाघ, तेंदुआ, लोमड़ी, गीदड़, जरख, भालू, चिंकारा, सांभर, बारासिंघा, मगरमच्छ के अलावा कई बर्ड रेप्टाइल, मेमेलियन जीव जंतुओं के बारे में जानकारी जुटाकर उनके बारे में जानकारी प्राप्त की। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शॉपिंग, रेल यात्रा, बोटिंग सहित विभिन्न प्रकार के आनंद का लुत्फ उठाया। पीएमश्री विद्यालय के ग्रीन स्कूल फील्ड विजिट के घटक पर्यावरण जागरूकता को वास्तविक रूप में सफल होने का महसूस किया।



## विप्र गौरव का किया विशेष सम्मान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** विप्र फाउंडेशन जालोर ब्लॉक द्वारा स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बार एसोसिएशन भीनमाल अध्यक्ष एडवोकेट निरंजन व्यास, उपाध्यक्ष एडवोकेट सत्यवानसिंह राजपुरोहित एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण एम दवे का बतौर विप्र गौरव सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी शेखर व्यास ने की। विप्र फाउंडेशन जालोर संरक्षक बद्रीनारायण गौड़, रामदास वैष्णव, विप्र फाउंडेशन जिला उपाध्यक्ष मानाराम राजपुरोहित, भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष वासुदेव अवस्थी, महामंत्री राजेन्द्र वैष्णव, उपाध्यक्ष जुहारमल पुरोहित, महिला विंग जिला उपाध्यक्ष कंचन वैष्णव, छाया वैष्णव, युवा जिला उपाध्यक्ष प्रशांत त्रिवेदी, जिला कार्यकारी सदस्य रमेश दवे धुम्बडिया, नरोत्तम त्रिवेदी, जिला सेवा प्रमुख मुकेश शर्मा, भीनमाल के स' िय कार्यकर्ता सुरेश वोरा व जयश दवे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे।

# ब्राह्मणों का मूल मंत्र ही रहा है सर्वे भवन्तु सुखिनः त्रिवेदी

## विप्र फाउण्डेशन के युवा जिलाध्यक्ष ने की कार्यकारिणी की घोषणा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** विप्र फाउण्डेशन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक टाइगर की अनुशंसा एवं जिलाध्यक्ष हिम्मत राजपुरोहित के अनुमोदन पर युवा प्रकोष्ठ सिरोही के जिलाध्यक्ष मनीष त्रिवेदी ने जिला युवा कार्यकारिणी की घोषणा करके नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को नियुक्ति पत्र दिए। जिलाध्यक्ष मनीष त्रिवेदी ने कहा कि ब्राह्मण समाज स्वयं के लिए नहीं अपितु राष्ट्र, संस्कृति एवं मानवता के लिए जीता आया है। ब्राह्मणों का मूल मंत्र ही रहा है सर्वे भवन्तु सुखिनः। जातिय संकीर्णता का ब्राह्मण समाज में कभी भी कोई स्थान नहीं रहा है। पथभ्रष्ट व दिग्भ्रमित समाज एवं राष्ट्र को ब्रह्म कर्तव्य से प्रेरित होकर विप्र मनिषियों ने सुपथ दिखाया है। वर्तमान समय में विप्र समाज को भगवान परशुराम से प्रेरणा लेकर प्रजा पालन धर्म से विमुख हुए शासन वर्ग को अपना राजधर्म याद दिलाना होगा। त्रिवेदी ने बताया कि युवा सिरोही जिले में जमीनी स्तर पर चलाने में अपना जी जान लगा देगा। उन्होंने नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों को विप्र फाउण्डेशन के नियम तथा अनुशासन की पालना करते हुए ब्राह्मण समाज के विकास और उत्थान के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विप्र समाज के सदस्यों को जोड़ने की प्रक्रिया को सुदृढ बनाने के लिए ब्लॉक अध्यक्षों के साथ प्रभारियों की नियुक्ति की गई। प्रदेश मंत्री धर्मेन्द्र पुरोहित ने मंच संचालन किया तथा विप्र फाउण्डेशन युवा कार्यकारिणी के संरक्षक डॉ नरेन्द्र ओझा ने कहा कि सभी को समाज के लिए समय निकालने की आवश्यकता है। त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान समय की विपरित परिस्थितियों को देखते हुए आगामी कुछ समय में फरसा दीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर शिक्षा क्षेत्र में विप्र समाज में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क तैयारी को लेकर चर्चा की। श्रीकांत चुलेट, नितिन शर्मा, कौशिक ओझा, नकुल ओझा, जगदीश दवे, ओमप्रकाश सैदावत, किरण राजपुरोहित, निखिल व्यास, विकास दवे, उमेश पुरोहित, जिग्नेश रावल, जयेश ओझाए, अंकित मिश्रा, पीयूष द्विवेदी किरण राजपुरोहित एवं देवेन्द्र रावल उपस्थित रहे।

### दस ब्लॉक में बांटा जिला

सिरोही जिले को 10 ब्लॉक में बांटकर दीपक रावल को सिरोही नगर, हेमन्त ओझा को सिरोही ग्रामीण, मितेश दवे को शिवगंज नगर, मनोज रावल को शिवगंज ग्रामीण, चिराग राजपुरोहित को पिण्डवाडा नगर, राकेश रावल को पिण्डवाडा ग्रामीण, सुनील पारीक को आबूरोड नगर, रोशन शर्मा को आबूरोड ग्रामीण, अभिनन्दन दीक्षित को आबूपर्वत तथा सतीश जोशी को रेवदर के ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व दिया गया।

## पायलट का आज गोयली चौराहे पर होगा स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** टोंक विधायक एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट सोमवार को सिरोही जिले के दौरे पर आएंगे। पायलट दोपहर सिरोही पहुंचेंगे जहां जिला मुख्यालय स्थित गोयली चौराहा पर जिले के कांग्रेसी उनका स्वागत करेंगे। पूर्व जिलाध्यक्ष जीवाराम आर्य ने बताया कि पायलट सवेरे उदयपुर हवाई अड्डे से राजसमंद जिले के लाम्बोदी गांव में पीसीसी सदस्य गणेश गुर्जर के घर जाकर उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना प्रदान कर सड़क मार्ग से देसूरी होते हुए सिरोही आएंगे। सिरोही में स्वागत के बाद मेर मांडवाड़ा जाएंगे। जहां वे पूर्व प्रदेश सचिव गुमानसिंह देवड़ा के पुत्र मानवेन्द्रसिंह देवड़ा के विवाह समारोह में शिरकत करेंगे।

## व्याख्याता नहीं होने से शिक्षण कार्य प्रभावित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में व्याख्याताओं के पद खाली रहने के कारण विद्यार्थियों के शिक्षक कार्य प्रभावित हो रहा है। विद्यार्थियों के पाठयक्रम भी अभी तक पूरे नहीं हुए है। परीक्षा कि तिथियां भी नजदीक आ गई हैं। छात्रों ने कुछ समय पहले एडीएम, एसडीएम एवं नोडल अधिकारी को भी व्याख्यात लगाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है। लेकिन, आज दिन तक रिक्त पदों को नहीं भरा गया है।

## विद्यार्थियों को सांवरिया सेठ के करवाए दर्शन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** अग्रसेन दिव्यांग सेवा संस्थान के बालकों को पिम्स हास्पिटल उमरडा द्वारा मण्डफिया के सांवरिया सेठ व आवरी माता के दर्शन करवाए गए। सिरोही से बालकों को बस द्वारा सांवरिया सेठ ले जाया गया। संस्थान के प्रबंधक सुनिल गुप्ता ने बताया कि संस्थान के 40 बालकों व स्टाफ के साथ भ्रमण के लिए सांवरिया सेठ के दर्शन करवाए तथा इसके बाद आवरी माता के भी दर्शन करवाकर इनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। शिक्षक पूनम सेन, जगदीश कुमार, पुष्पा गर्ग, वर्षा, साक्षी, धिरेन्द्रसिंह, बंदना, रिंकु का सहयोग रहा।

## कन्या महाविद्यालय व आदिवासी कन्या छात्रावास की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** भाजपा के पूर्व जिला मीडिया प्रभारी सतीश अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन भेजा। राज्य के बजट में शहर में कन्या महाविद्यालय व आदिवासी कन्या छात्रावास की स्वीकृति दिलाने की मांग की।

## लंगरे आम में उमड़े अकीदतमंद



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** सैय्यद ख्वाजा हसन चिश्ती रहमतुगाह अलैह के उर्स पर नमाजे ईशा गुस्ल व संदल की रस्म अदा की गई। रविवार सुबह कुरान ख्वानी व महफिले मिलाद का प्रोग्राम हुआ। दोपहर 12 बजे से लंगरे आम शुरू हुआ। बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने भाग लिया।

## बांध में डूबने से युवती की मौत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** केर के मुनिया बांध की पाल से पैर फिसलने के कारण पानी में डूबने से एक युवती की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कालाबोर केर निवासी नारायणलाल पुत्र थावराराम गरासिया ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पुत्री पूजा तीन दिन पहले जंगल में मवेसी चराने गई थी जो वापस घर नहीं आई। रविवार को किसी महिला का शव मुनिया बांध में तैरता हुआ मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो शव की शिनाख्त पूजा कुमारी के रुप में हुई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया।

## सत्संग में अनैतिक कार्यों से दूर रहने का किया आह्वान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** गोडाना में एक दिवसीय सत्संग समागम व निःशुल्क नामदान का आयोजन हुआ। सत्संग के माध्यम से संत रामपाल महाराज ने सत्संग में तत्व ज्ञान बताया और पूर्ण परमात्मा जानकारी से सभी मानव समाज को अवगत कराया। गरीब दास महाराज ने कहा कि गीता में सत भगति संबंधित प्रमाण भी दिखाए की वास्तविक भगति साधना क्या है और कैसे करनी चाहिए । इसीक्र म में आगे समाज सुधार के संबंध में भी विशेष संदेश दिया कि समाज में फैली कुप्रथा, दहेज नहीं लेना और देना, रिश्वत लेना समेत कई कार्यों से अलग रहने का आह्वान किया। प्रभु दास एवं पदमदास ने बताया कि संत रामपाल महाराज से नाम दीक्षा निःशुल्क दी जाती है। कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है। महेंद्रसिंह, आनंद डांगी, सुरेशचंद्र मीणा, धनाराम देवासी, विनोद कुमार चांदोरा, वर्दीसिंह, उम्मेदसिंह, गोमाराम, दीपक कुमार, सुरेश कुमार, नारायणलाल, ललित कुमार, मोहनलाल झा, जोराराम, रामस्वरूप, जैसाराम, राजेन्द्र कुमार, चतराराम, कानाराम देवासी, सवाराम, गीता देवी, भागु देवी, मिटू देवी, रिंकूदेवी, गीता देवी, छगनलाल आदि मौजूद थे।

## मेघवाल समाज के वार्षिक कलेंडर का विमोचन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जावाल।** अम्बेडकर सर्किल स्थित रामरसोड़ा परिसर में रविवार को मेघवाल समाज वार्षिक कलेंडर का हकमाराम रांगी, हंसाराम सिंघल, आबूराज ग्रेनाइट एसोसियन जिलाध्यक्ष तगाराम राठौड़, पीसीसी सदस्य हरीश राठौड़, तेजाराम परमार एवं मूल शंकर मेघवाल की उपस्थिति में किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में अर्जुन कुमार मेघवाल, भावना मेघवाल, का सम्मान किया गया। हंसाराम, नारायणलाल परमार, कानाराम परिहार, छगनलाल परमार, देवाराम गहलोत, जयनारायण परिहार, ईश्वरलाल, धनाराम, खुशाल, सकाराम, प्रकाश, टीलाराम, अर्जुन, अशोक, अशोक, लुंबाराम, सोमाराम, नारायण भाटी, खीमाराम, गोविंद भाटी, दानाराम, धनराज भाटी, थानाराम, शांतिलाल, गोपाल, दिनेश, नरेश, केराराम, सुकना देवी, उकी देवी, आदाराम, आशाराम आदि समाज बंधु उपस्थित रहे।




## पुलिस कर रही मृतका की शिनातगी के प्रयास



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** पुलिस की ओर से अज्ञात विक्षिप्त महिला को इलाज के लिए जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल में भेजा था।जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला का शव पिण्डवाडा पुलिस ने जोधपुर के अस्पताल में शिनाख्त के लिए रखवाया है। पुलिस की ओर से आमजन को इस महिला की शिनाख्त के लिए खोजबीन शुरू की है। मृतका की पहचान श्रीमति सीला बेन के रूप में हुई है, जो कि मानसिक विक्षिप्त थी।

### » यह था मामला

गत 23 मार्च 2024 को राजकीय चिकित्सालय पिण्डवाड़ा में एक विक्षिप्त महिला को समाजसेवी ने उपचार के लिए भर्ती करवाया था। इसके बाद पिण्डवाड़ा चिकित्सालय के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सिरोही जिला अस्पताल में इलाज के लिए रेफर किया। जहां से तीन दिन बाद 26 मार्च को सिरोही उपखण्ड मजिस्ट्रेट के आदेश से सिरोही अस्पताल चौकी के कांस्टेबल चंपालाल व महिला कांस्टेबल विमला देवी ने जोधपुर के मथुरा दास माथुर अस्पताल में महिला को भर्ती करवाया था। महिला के 11 महीने चले उपचार के बाद 5 जनवरी 2025 को उसकी मृत्यु हो गई। महिला का शव मथुरादास माथुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।

## डेडिकेशन फॉर नेशन संस्थान की बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पुराना भवन विद्यालय के सभाभवन में रिंकोश देवड़ा के मार्गदर्शन में डेडिकेशन फॉर नेशन संस्थान की बैठक आयोजित की गई। देवड़ा ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य शिक्षा, खेल व कला के प्रचार प्रसार का हैं। यह संस्थान नियमित गरीबों व असहाय लोगों के बिच रहकर उनके जीवन स्तर को मजबूत करने के लिए प्रयासरत रहेगी। संस्थान की कोमल माली ने बताया की हम सभी सदस्यों का एकत्र होना इस बात की गारंटी है की हम सब मिलकर अपने शहर और गांवों के लिए निरंतर सामाजिक कार्य व सेवा करेंगे। बैठक के बाद सभी सदस्यों ने मिलकर गरीब परिवारों के बच्चों को स्वेटर वितरित किए। दीपिका माली, सीमा सेन, कीर्ति सेन, तन्वी देवड़ा, आरती, गुड़िया कुमारी, मनीषा प्रजापत, पिंकी माली, तरीका सैन, किंजल सेन सहित अनेक सदस्यों उपस्तिथ थे।



## यातायात नियमों की दी जानकारी



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** यातयात पुलिस की ओर से रेलवे स्टेशन पर लोगों व टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। यातायात नियमों की पालना करने बाबत पाबंद किया। इस दौरान हैड कांस्टेबल किशोरीलाल एवं वाहन चालक मौजूद थे।

## विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ओर के भाटनीफली राजकीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक से पांच तक के विद्यार्थियों को स्वेटर का वितरण किया गया। अहमदाबाद के सुरेश कुमार, दिनेश चौहान, लीला बहन, भावना सोलंकी, राजेंद्र सोलंकी का अभिनंदन किया गया। दिनेश कुमार ने विचार व्यक्त किए।

## सैनजी भगवान मंदिर की प्रतिष्ठा को लेकर भजन संध्या आज

### चढ़ावे की बोलियों को लेकर दो दिन होंगा कार्यक्रम

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** झालरावास स्थित लगभग दौ सौ वर्ष अतिप्राचीन सैनजी महाराज, भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी, गणेश, हनुमान, एवं गरुड़ भगवान एवं ओगढदानी भोलेनाथ के अतिप्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के अंतिम चरण का पूर्ण होने पर 25 अप्रैल 2025 को प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सोडा, झोरा, बोरा, खाटली चार परगनों के सानिध्य में आयोजित महोत्सव में सिरोही, जालोर एवं पाली समेत अन्य स्थानों से भक्त भाग लेंगे। महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर सोमवार से दो दिन कार्यक्रम का आयोजन कर मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के विभिन्न चढ़ावों की बोली शुरू की जाएगी। चढ़ावों का कार्यक्रम राठौड़ लाइन स्थित जैन वीसी एवं सुनार समाज के भवन में आयोजित की जाएगी। इसमें भजन कलाकार राजेश सेन एंड पार्टी सिरोही प्रस्तुती देंगे। मीठालाल सेन, केसाराम सेन भी सम्बोधित करेंगे। कार्यक्रम में जावाल के रामगिरी महाराज का भी सानिध्य रहेगा।



## दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय मूलनिवासी बहुजन कर्मचारी संघ ट्रेड यूनियन का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण रविवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण सीइसी गोमाराम रमेशा प्रशिक्षक ने दिया। संजय कुमार नारोलिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण में ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक मूलनिवासी बहुजन समाज के सरकारी कर्मचारी और गैर सरकारी कर्मचारियों का देश आजादी के पूर्व और देश आजादी के बाद ट्रेड यूनियन की भूमिका, सरकार और कर्मचारी के बीच संवाद कर हक अधिकार की बात करने में संविधान की जानकारी दी गई। महापुरुषों के इतिहास से ट्रेड यूनियन की रूपरेखा पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में प्रशिक्षक जानकारी ने दी । सुरेश कुमार नोगिया ने बताया कि इस आवासीय प्रशिक्षण में सुबह से रात्रि तक सत्र वार प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में 90 लोगों ने प्रशिक्षण लिया गया। भारतीय विद्यार्थी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला कुमारी का सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी में चयन होने पर सम्मान किया और निर्मला ने इस कामयाबी का माता पिता और महापुरुषों की प्रेरणा का श्रेय दिया। सुंदरलाल मोसलपुरिया ने बताया कि रविवार को राजस्थान राज्य समीक्षा मीटिंग केएल पासी बामसेफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और एडॉप्शन इंचार्ज राजस्थान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। तोलाराम फाचरिया ने दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण और राज्य समीक्षा मीटिंग में आए हुए संभागीयों का आभार प्रकट किया। प्रदेशाध्यक्ष प्रोटॉन शिवदानाराम राठौड़ प्रदेश कोषाध्यक्ष बामसेफ भंवरलाल मेघवाल, जिलाध्यक्ष पाली रमेश कुमार राणावत, भारत मुक्ति मोर्चा प्रदेश सदस्य पाली गिरधारीलाल बारूपाल, एडवोकेट सुंदरलाल मोसलपुरिया, सुरेश कुमार नोगिया, शंकरलाल बुनकर, आसुराम लूनिया, अमराराम, विष्णु कुमार मोहरेशा, पोपटलाल राठौड़, त्रिजा देवी, मंजूलता मोसलपुरिया, रजनी नारोलिया, गौरी देवी, लेखा रमेशा, दीक्षा बुद्धिस्ट, नगाराम, रणछोड़ राम चौहान इत्यादि उपस्थित थे

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** जिलेभर में रविवार को महाराणा प्रतापसिंह की 428वीं पुण्यतिथि को हर्षोल्लास से मनाई। जगह जगह प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके सौर्य एवं बलिदान को याद किया। जिला मुख्यालय के संतोषी माता नयावास स्थित राजपूत समाज की ओर से पुण्यतिथि को हर्षोल्लास से मनाई गई। समाज के लोगों ने कहा कि इतिहास के पन्नों में महाराणा प्रताप की वीरता और शौर्यगाथा से जुड़े कई किस्से प्रचलित हैं। जिनमें से एक है हल्दी घाटी की लड़ाई से जुड़ा किस्सा। कहा जाता है कि महाराणा प्रताप को मेवाड़ का शासन अकबर की अधीनता में किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं था। जब महाराणा प्रताप ने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता में मेवाड़ का शासन चलाने से इनकार कर दिया, तब 18 जून 1576 को हल्दी घाटी में युद्ध छिड़ गया। जब्बर सिंह चौहान ने बताया कि मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले मेवाड़ के महान पराक्रमी योद्धा महाराणा प्रताप भारतवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। पूर्व सभापति धनपतसिंह राठौड़, प्रवीणसिंह सिंदल, गजेंद्रसिंह चौहान, इंद्रसिंह मकवाना, सुरजीतसिंह राठौड़, सुरेंद्रसिंह परमार, नरेंद्रसिंह सिंदल, कानसिंह घढ़िया, शैलेंद्रसिंह राठौड़, सुरजीतसिंह राठौड़, बंटी कोटेसा, सचिन खंडेलवाल, शैतानसिंह परमार, ईश्वरसिंह चौहान, प्रशांतसिंह, शैतानसिंह राठौड़, शक्तिसिंह, महेंद्रसिंह चौहान एवं पीडी खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

## शिक्षकों ने मनाया कर्तव्य बोध पखवाड़ा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा सिरोही द्वारा रविवार को आदर्श विद्या मंदिर रामझरोखा में पर्यवेक्षक नथाराम परमार, मुख्य वक्ता कानाराम प्रजापति, छगनलाल माली के सानिध्य में कर्तव्य बोध पखवाड़ा एवं संकल्प दिवस का आयोजन किया गया। रूपसिंह राठौड़ उपशाखा मंत्री ने सभी का आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष सुजीत रावल, महेश कुमार प्रजापत, शांतिलाल पटेल, अरविन्द परमार, गोपालराम कुम्हार, शंकरलाल मेघवाल, धनराज लोहार, विक्रमसिंह राव, भंवरलाल कुम्हार आदि मौजूद थे।

## शिविर में 345 नेत्र रोगियों की जांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** महावीर इंटरनेशनल, व सुदर्शना वीरा केन्द्र, ग्लोबल नेत्र संस्थान व जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से मानपुर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 345 रोगियों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। 255 रोगियों को निशुल्क चश्में दिए गए। 58 रोगियों का मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयन कर तलहटी ग्लोबल हॉस्पिटल ले जाया गया। सुदर्शना वीरा केंद्र की अध्यक्ष मंजू सिंघल, शकुंतला मेवाड़ा, आनंदी परसरामपुरिया, मंजू कोठारी, क्लब अध्यक्ष संपतराज मेवाड़ा, महेन्द्र मरडिया, अवनेश जैन, डॉ. विक्रांत सक्सेना, भरत शाह, कुलदीप डांगी, मधुसूदन सर्राफ, भूपेंद्र संभारिया, ट्रोमा सेंटर की टीम प्रभारी मांगीलाल मारू, डॉ. ऐश्वर्या आदि मौजूद थे।

## टाटा मुंबई अंतरराष्ट्रीय मैराथन का 20 वां संस्करण

# मैराथन ऊर्जा का अथाह स्रोत : खेल मंत्री

- दत्तात्रेय भरणे की उपस्थिति में मैराथन की शुरुआत
- खेल मंत्री ने प्रतिभागियों को दी बधाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** 'टाटा मुंबई अंतरराष्ट्रीय मैराथन स्पर्धा' में उपस्थित होकर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह मैराथन सामाजिक समरसता को बढ़ाने वाली, भाईचारे को बढ़ावा देने वाली और लोगों को जोड़ने वाली है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित यह मैराथन उत्कृष्टता और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। यह मैराथन ऊर्जा का एक असीमित स्रोत है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल पर आयोजित टाटा मुंबई अंतरराष्ट्रीय मैराथन स्पर्धा में उपस्थित होकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आयोजक, विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्ति और प्रतिभागी मौजूद थे। खेल मंत्री भरणे की उपस्थिति में मैराथन की शुरुआत हुई।



उन्होंने कहा, कि टाटा मुंबई मैराथन में दौड़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पूरे साल सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। यहां मिलने वाले इस प्यार और खुशी को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। मुंबई मैराथन के हजारों स्वयंसेवकों की पानी, ऊर्जा पेय, रिलीफ स्प्रे और फलों की व्यवस्था के लिए की जा रही दौड़भाग प्रशंसा के योग्य है। अपने शरीर और मन की निरंतर दौड़ने की क्षमता का अहसास गर्व का विषय है। टाटा मुंबई मैराथन के इस ऐतिहासिक पर्व के उत्सव में शामिल होकर हर किसी को आनंद लेना चाहिए।

### राज्यपाल की उपस्थिति में खेल का शुभारंभ

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस के सामने से टाटा मुंबई मैराथन 'एलिट' प्रतियोगिता का स्पोर्ट्स गन से बार करके शुभारंभ किया। इस मौके पर 'चैंपियंस विद डिसएबिलिटीज'- दिव्यांग व्यक्तियों की प्रतियोगिता और वरिष्ठ नागरिकों की दौड़ का भी राज्यपाल की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। गीतकार गुलजार ने वरिष्ठ नागरिकों की दौड़ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य के खेल मंत्री दत्तात्रय भरणे, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की पत्नी अमृता फडणवीस, कार्यक्रम के आयोजक अनिल सिंह और विवेक सिंह तथा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस बार की मैराथन में 60,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की जानकारी आयोजकों ने दी।

### इकबाल सिंह चहल ने पूरी की मैराथन

**मुंबई।** टाटा ग्रुप द्वारा मुंबई हॉफ मैराथन (21 किलोमीटर) का आयोजन किया गया जिसमें बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पूर्व आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने 21 किलोमीटर दौड़कर मुंबई मैराथन के 20वें संस्करण को सफलतापूर्वक पूरा किया। चहल ने वार्षिक वैश्विक आयोजन के सभी संस्करणों में हॉफ मैराथन पूरा करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की। मुंबई हॉफ मैराथन की शुरूआत 2004 में की गई थी और इकबाल सिंह तब से ही इसमें हिस्सा ले रहे हैं। टाटा मुंबई मैराथन 2025 में पूर्व बीएमसी आयुक्त ने 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन) पूरा करने में 2 घंटे 20 मिनट और 24 सेकंड का समय लिया।

#### मुंबई हॉफ मैराथन

टाटा मुंबई हॉफ मैराथन एक वार्षिक वैश्विक मैराथन इवेंट है जो हर साल के तीसरे रविवार को होता है। इसकी शुरुआत प्रतिष्ठित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से होती है। इरीट्रिया के बरहेन टेस्फे ने एलीट पुरुष वर्ग में दो घंटे, 11 मिनट और 44 सेकंड के समय के साथ पूर्ण मैराथन जीती। इस बीच अनीश थापा ने भारतीय पुरुष वर्ग में दो घंटे 17 मिनट और 23 सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। सावन बरवाल ने पुरुष वर्ग में एक घंटे चार मिनट और 37 सेकंड के गन टाइम के साथ हाफ मैराथन जीती। हाफ मैराथन की महिला श्रेणी में स्टैनजिन डोलकर ने एक घंटे 25 मिनट और 51 सेकंड के गन टाइम के साथ पहला स्थान हासिल किया। ड्रीम रन श्रेणीः ड्रीम रन श्रेणी में लगभग 25,000 लोग भाग लेते हैं, जहां लोग अलग-अलग कारणों से दौड़ते हैं।

#### हॉफ मैराथन उरुस ग्राउंड से शुरू

■ गौरतलब है कि हॉफ मैराथन रेती बंदर/माहिम दरगाह उरुस ग्राउंड से शुरू हुई जो माहिम चर्च जंक्शन के ठीक बगल में है।



## सीएम फडणवीस दावोस रवाना

# आर्थिक सम्मेलन 20 से 24 तक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच द्वारा आयोजित निवेश शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए शनिवार मध्यरात्रि में छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुए। विश्व आर्थिक मंच 20 से 24 जनवरी तक दावोस में इस सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। इससे पहले फडणवीस ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान दावोस में इस सम्मेलन में तीन बार भाग लिया। इसके बाद दो बार मैग्नेटिक महाराष्ट्र निवेश सम्मेलन में भाग लिया। इसका आयोजन फडणवीस के नेतृत्व में किया गया था। इसके कारण औद्योगिक निवेश में महाराष्ट्र पांचवें स्थान से प्रथम स्थान पर पहुंच गया। इस दावोस यात्रा के दौरान निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री कई विश्व नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। उद्योग मंत्री उदय सामंत के साथ-साथ एमआईडीसी, एमएमआरडीए और सिडको के अधिकारियों का एक प्रतिनिधिमंडल इस दौरे में भाग लेगा। इस यात्रा के दौरान डेटा सेंटर, ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर, ईवी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा, फार्मास्यूटिकल्स और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में बड़ी संख्या में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस यात्रा का उद्देश्य महाराष्ट्र को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश लाना है। निस्संदेह, इससे प्राथमिक तौर पर रोजगार सृजन का लक्ष्य हासिल होगा।

**निवेश शिखर सम्मेलन में महाराष्ट्र की भागीदारी**

### भायंदर रेलवे स्टेशन से चलती रहेंगी एक लोकल

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे ने स्पष्ट किया है कि भयंदर रेलवे स्टेशन से सुबह 8:24 बजे रवाना होने वाली एसी लोकल ट्रेन जारी रहेगी। रेल यात्रियों ने इस लोकल एसी को जनरल लोकल ट्रेन मे बदलने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। हालांकि, यात्रियों को राहत देने के लिए, सुबह 8 बजे भायंदर स्टेशन से रवाना होने वाली नियमित लोकल ट्रेन में 12 की जगह 15 कोच होंगे।

## वसई विरार पुलिस एक्शन में

# 50 ऑटो किए जब्त

- न वैध लाइसेंस, बैच और परमिट



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** वसई विरार की सड़कों पर ऐसे सैकड़ों रिक्शा दौड़ रहे हैं जिनके चालकों के पास लाइसेंस,बैच,परमिट जैसे मुख्य कागजात नही है। इन ऑटो चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस नें शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। ट्रैफिक विभाग के वसई जोन के सीनियर पीआई प्रशांत लांगी के नेतृत्व में सहायक पुलिस विनोद जाधव व उनकी टीम नें नालासोपारा में दो दिन लगातार कार्रवाई करते हुए 50 ऑटो जब्त किए। प्रशांत लांगी नें बताया कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। वसई विरार की सड़कों पर सैकड़ों की संख्या में रिक्शा चलते है। इनमें 30 से 40 प्रतिशत ऑटो फर्जी चल रहे है।

इनके चालकों के पास बैच, लाइसेंस, परमिट, बीएम, पीयूसी आदि जैसे कागजात नही होते है। सबसे अधिक फर्जी रिक्शा नालासोपारा के प्रगति नगर, अलकापुरी, मोरेगांव,गाला नगर, शिर्डी नगर, तुलिंज, संतोष भुवन, वसई फाटा, नालासोपारा पश्चिम हनुमान नगर, टाकी पाडा, अर्नाला, सहकार नगर, फुलपाड़ा, चंदनसार आदि जगहों पर चलते है।

#### आरटीओ नहीं करता कार्रवाई

■ हालांकि इनपर कार्रवाई करने का अधिकार आरटीओ विभाग की होती है, लेकिन वह कार्रवाई नही करता इसलिए इनकी संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ही में ट्रैफिक विभाग वसई जोन 2 का पदभार संभालते ही सीनियर पीआई प्रशांत लांगी नें ऐसे फर्जी रिक्शा चालकों के खिलाफ मुहिम शुरू की। शुक्रवार व शनिवार को नालासोपारा के प्रगति नगर, अलका पुरी तुलिंज रोड व ब्रिज के नीचे कार्रवाई करते हुए 50 से अधिक रिक्शा जब्त किए गए है। यह कार्रवाई सहायक पुलिस निरीक्षक विनोद जाधव व उनकी टीम नें की है। प्रशांत लांगी नें बताया कि जिन पर कार्रवाई की गई उनके पास लाइसेंस, बैच व परमिट नही थे। इस तरह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पुणे में पति ने पत्नी-बेटे को दिया जहर

- बड़े बेटे की सूझबूझ से बची पिता की जान
- पिता खुद करने जा रहा था आत्महत्या
- कर्ज के बोझ से था परेशान पिता




■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पुणे।** पुणे के चिखली इलाके से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 45 साल के एक व्यक्ति ने सुसाइड करने से पहले 36 साल की पत्नी और 9 साल के बेटे को जहर देकर मार डाला। पुलिस के अनुसार, साहूकार की तरफ से कथित तौर पर परेशान किए जा रहे व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। पिंपरी चिंचवड़ के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, 'शनिवार की सुबह, आदमी ने अपनी पत्नी और बेटे को नींद की गोलियां दीं, जिससे दोनों की मौत हो गई।' उसने अपने अपार्टमेंट में पंखे से लटकने का प्रयास किया।

#### अस्पताल में चल रहा इलाज

पुलिस ने बताया कि दरअसल युवक के बड़े भाई ने पड़ोसियों को बुलाया उसके बाद सुसाइड करने की कोशिश कर रहे पिता को अस्पताल ले जाया गया।' हम तुरंत वहां गए और दरवाजा तोड़ा और हमें पता चला कि वहां एक महिला और पुरुष ने आत्महत्या कर ली है। हमें बिस्तर के पास एक बच्चा भी पड़ा हुआ मिला। मौके पर कुछ जांच के बाद, हमें पता चला कि वह आदमी शायद जीवित है। इसके बाद हमने उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया।

#### दो साहूकारों से लिया था कर्ज

व्यक्ति ने कथित तौर पर दो साहूकारों से 10 प्रतिशत की मासिक ब्याज दर पर 6 लाख और 2 लाख रुपए उधार लिए थे। बाद में, उन्होंने एक अन्य साहूकार से उच्च ब्याज दर पर चार लाख रुपए भी लिए। मूल राशि और अतिरिक्त नौ लाख रुपए चुकाने के बावजूद, साहूकार उसे और अधिक भुगतान के लिए परेशान करते रहे।

#### पुलिस कर रही मामले की जांच

पुलिस ने जिन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है, उनकी पहचान संतोष कदम, सुरेखा कदम, संतोष पवार और जावेद खान के रूप में हुई है।

# गणपत पुरोहित की नई दुकान का लोढ़ा ने किया उद्घाटन

- कैबिनेट मंत्री का राजस्थानी साफा पहनाकर किया सत्कार



सुरेश पाडीव /जागरूक टाइम्स

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई क्षेत्र के गुलालवाड़ी में समाजसेवी व मासमा उपाध्यक्ष गणपत पुरोहित के नूतन दुकान प्रीमियर हार्डवेयर कलेक्शन का भव्य उद्घाटन महाराष्ट्र सरकार के कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, भाजपा उपाध्यक्ष पवनराज संघवी व पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा का गणपत पुरोहित व धुड़ाराम पुरोहित ने राजस्थानी साफा पहनाकर भव्य सत्कार किया गया। कैबिनेट मंत्री लोढ़ा ने पुरोहित परिवार के नूतन व्यवसाय हार्डवेयर दुकान के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद देवजी पटेल, दक्षिण मुंबई भाजपा उपाध्यक्ष पवनराज संघवी, पंचायत समिति सदस्य फूलचंद तातडा, हरेश जोशी, प्रकाश पुरोहित, जगदीश पुरोहित (आदर्श ग्रुप),अमृतलाल चित्तलवाना, अखाराम चौधरी, महेंद्र रणोदर, विमल पालड़ी, डायालाल भूरिया, रमेश धुनिया, शंकरलाल चौधरी, झालम सिंह नोरवा, तुलसीराम कैलाशनगर,अमृतलाल झाब, प्रवीण अंगारा, जीतेन्द्र सिंह राठौड़, गोपाल सरतरा, सुरेश भंसाली, सावलाराम प्रजापति, गौतम पुरोहित, नरेंद्र चौधरी, परखाराम चौधरी, रामचंद्र हलसिया, केसाराम केरिया, जैसाराम अनखोल, हेमंत खिरोड़ी, नरेश चौरा, लक्ष्मण चौरा,दीपाराम चौरा, विक्रम दवे,अनराज नोरवा,सावलाराम सीधेश्वर, कृष्ण सिदेश्वर, मश्राराम एन.खिरोड़ी, बाबूलाल खिरोड़ी, मोहनलाल पूना, भरत वाली,चम्पालाल रणोदर, मोहनलाल आलपुरा समेत सैकड़ों प्रवासी बंधु मौजूद थे।



# महाराष्ट्र में 18 नए अस्पताल बनाएगा ईएसआईसी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य में श्रमिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली राज्य श्रमिक बीमा सोसायटी (ईएसआईसी)ने राज्य में 18 नए अस्पताल स्थापित करने का निर्णय लिया है। इनमें से रायगढ़ में चार अस्पताल स्वीकृत किए गए हैं, जबकि छत्रपति संभाजी नगर और पुणे में दो-दो अस्पताल स्वीकृत किए गए हैं। इस अस्पताल के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। राज्य श्रमिक बीमा सोसायटी 12 अस्पतालों और 253 संबद्ध अस्पतालों के माध्यम से राज्य में श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। प्रदेश में बीमित श्रमिकों के 48 लाख 70 हजार 460 परिवार हैं। लाभार्थियों की संख्या लगभग दो करोड़ है। इन श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य में विभिन्न स्थानों पर 18 नये अस्पताल बनाने की मंजूरी दी गई है।

**बीमित श्रमिकों के 48 लाख 70 हजार 460 परिवार**

#### भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू

इन अस्पतालों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है और ये जमीनें एमआईडीसी, जिला कलेक्टर, डीपीआईआईटी, एसटीआईसीआई STICI और सिडको द्वारा अधिग्रहित की जाएंगी। स्थल चयन समिति ने इनमें से आठ अस्पतालों के लिए स्थल की सिफारिश कर दी है, जबकि पांच अस्पतालों के लिए स्थल प्रस्ताव ईएसआईसी मुख्यालय को भेज दिए गए हैं।

#### कई जिलों मे बनाए जाएंगे अस्पताल

रायगढ़ में अधिकतम चार अस्पताल स्थापित किए जाएंगे और ये अस्पताल पेण, पनवेल, कर्जत और खोपोली में स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह छत्रपति संभाजी नगर के वालुंज और शेन्द्रा में तथा पुणे के बारामती और चाकन में अस्पताल स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह पालघर, सतारा, अहमदनगर, नासिक, जलगांव, वर्धा, अमरावती, सांगली, रत्नागिरी और चंद्रपुर में एक-एक अस्पताल स्थापित किया जाएगा।

### दूध में मिलावट के खिलाफ राज्यव्यापी सर्वेक्षण

**मुंबई।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दूध में मिलावट रोकने के लिए 15 जनवरी को पूरे प्रदेश में सर्वेक्षण अभियान चलाया। इसके तहत विभिन्न स्थानों से जांच के लिए 1062 दूध के नमूने लिए गए। इसमें विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों के पैकेज्ड दूध के 680 नमूने और थोक दूध के 382 नमूने शामिल हैं। राज्य में दूध में मिलावट करने वालों पर नकेल कसने और दूध की गुणवत्ता की जांच करने के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री नरहरि जिरवाल, राज्य मंत्री योगेश कदम और आयुक्त राजेश नार्वेकर के मार्गदर्शन में 15 जनवरी को पूरे राज्य में व्यापक दूध सर्वेक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 103 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को राज्य भर में विभिन्न स्थानों से एक साथ दूध के नमूने एकत्र करने और उनकी गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए गए थे।

# नाकोडा मानव फाउंडेशन मानव सेवा को समर्पित : डा. जोधावत

- मरीजों के लिए फाउंडेशन ने उपलब्ध कराई कई सेवाएं
- डिंपल मेहता ने किया फाउंडेशन की चौथी शाखा का उद्घाटन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मीरा भायंदर।** नाकोडा मानव फाउंडेशन की चौथी शाखा का उद्घाटन पूर्व महापौर डिंपल मेहता ने किया। नाकोडा मानव फाउंडेशन के डा. महेंद्र जोधावत ने कहा कि नाकोडा मानव सेवा फाउंडेशन जनता की सेवा के लिए बना है, यहां आने वाले मरीजों को 40से 50 प्रतिशत रियायत दी जाती है। गरीब जरूरतमंद की मदद की जाती है। भायंदर पूर्व स्थित डायग्नोस्टिक सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर पूर्व महापौर ने डाक्टर और टीम को बधाई दी और कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। जेडीएफ अध्यक्ष मुंबई डाक्टर एसबी जैन, पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत विशेष अतिथि के रूप में डा. मंगला पाटिल स्त्री रोग विशेषज्ञ, मीरा भायंदर भाजपा जिलाअध्यक्ष किशोर शर्मा, पूर्व नगरसेवक राकेश शाह ,पूर्व नगरसेवक मुन्ना सिंह,पूर्व नगरसेविका हेतल परमार, प्रकाश तलेसरा,पूर्व नगरसेवक अजित दादा पाटिल, डा. प्रवीण छाजेड़, डा. सुनीता छाजेड, के साथ ही कई गणमान्य उपस्थित रहे।

डायग्नोस्टिक सेंटर में ब्लड टेस्ट, ईसीजी, सीटी स्कैन, एमआरआई, एक्स-रे, सभी प्रकार के टेस्ट आम जनता के लिए 40 से 50% डिस्काउंट में होगा सेंटर में डाक्टर द्वारा फिजियोथेरेपी ऑर्थोपेडिक डॉक्टर द्वारा बहुत ही किफ़ायती दर में इलाज होगा।

#### नाकोडा डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन

**भायंदर।** नाकोडा मानव फाउंडेशन की भायंदर ईस्ट में स्वास्थ्य सेवा नाकोडा डायग्नोस्टिक सेंटर की चौथी शाखा का उद्घाटन हुआ। यह उद्घाटन महापौर डिंपल मेहता, जेडीएफ अध्यक्ष मुंबई डाक्टर एसबी जैन, उपमहापौर हसमुख गहलोत ने किया। इस उद्घाटन में विशेष अतिथि के रूप में डा. मंगला पाटिल स्त्री रोग विशेषज्ञ, भाजपा मीरा भयंदर अध्यक्ष किशोर शर्मा, नगरसेवक राकेश शाह, नगरसेवक मुन्ना सिंह,नगरसेविका हितल परमारभवन निर्माता प्रकाश तलेसरा, नगरसेवक अजित दादा पाटिल,डा. प्रवीण छाजेड़, डाक्टर सुनीता छाजेड, एवं समाज के कई गणमान्य लोगों की मौजूदगी में हुआ।



# अभिनव जैन दीक्षा ग्रहण महोत्सव सात को

सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स

मुंबई। पूज्य आचार्य के कर कमलों से सात फरवरी को अहमदाबाद में अभिनव जैन दीक्षा ग्रहण करने वाले मुमुक्षु चेतन का मुंबई में सुश्रावक एवं प्रख्यात समाजसेवी भामाशाह बाबूलाल भंसाली व चुन्नीलाल जी दिलीप जी चंदन ने अपने निवास स्थान पर तिलक, शाल, माला व नारियल भेंट कर बहुमान किया।



सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक में आयोजित समारोह

#### दीक्षार्थी भाई चेतन का परिचय

जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान अरिष्ठनेमि की पावन जन्म भूमि सौरीपुर (विक्रमपुर) बटेश्वर क्षेत्र में जन्में मुमुक्षु चेतन का बाल्यावस्था से ही अध्यात्म के प्रति समर्पण रहा है। मुमुक्षु चेतन के दादा अंगजीत समर्पित श्रावक रहे हैं। मुमुक्षु चेतन ने 12 वीं कक्षा तक स्कूली शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात परमार्थ आश्रम एवं शिवानंद आश्रम से योग, ध्यान एवं आध्यात्मिक विषयों का गहन अध्ययन प्राप्त किया। उसके पश्चात उन्होंने आगरा की भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में सन 2001 से 2007 तक, भोपाल विश्वविद्यालय में सन् 2008 से 2010 एवं गोवा के तत्कालीन मुख्यमंत्री, पुलिस अकादमी, विश्वविद्यालय आदि में सन् 2011 से 2014 तक सैद्धांतिक एवं प्रोगात्मक योग शिक्षक के रूप में सेवाएं दी। गोवा राजभवन में भी गोवा के राज्यपाल श्रीमती मृदुला सिन्हा को सन् 2015 से 2017 ध्यान एवं योग का अभ्यास कराया। देश के विभिन्न राज्यों में योग शिविरों का आयोजन किया। मुमुक्षु चेतन गत आठ वर्षों से आचार्य लोकेश से अभिनव जैन दीक्षा प्रदान करने का आग्रह करते रहे है, आचार्य ने कहा कि उचित समय आने पर निश्चित रूप से यह जिज्ञासा भी पूर्ण होगी। वर्तमान में अपनी सभी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ साथ, परिवारजनों की सहमति से चेतन जी दिगम्बर श्वेतांबर परम्परा के पूज्य संतों की पावन उपस्थिति में अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक पूज्य आचार्य लोकेशजी के सानिध्य में सात फरवरी को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल स्मारक (पुराना राजभवन) में आयोजित समारोह में अभिनव जैन दीक्षा ग्रहण करने जा रहे है।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशनार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### किसानों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति की ओर से सोमवार को कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें प्रभावित इलाकों के किसान हिस्सा लेंगे। समिति के प्रवक्ता कॉमरेड कपिल ऐचरा ने बताया कि सोमवार को जिलेभर के ट्रांसमिशन लाइनों से प्रभावित किसान कलेक्ट्रेट पर सभा कर प्रदर्शन करेंगे। ऐचरा ने बताया कि इससे पहले संघर्ष समिति लगातार गांवों में किसानों के बीच पहुंचकर उन्हें संगठित करने का काम किया। जिसमें जिलेभर के तमाम जनवादी संगठनों और किसान सभा का विशेष योगदान रहा है। किसानों ने लगातार उपखंड और जिला मुख्यालय पर 10 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन भी समय समय पर दिया है। परंतु सरकार और प्रशासन लगातार किसान विरोधी मानसिकता से कंपनियों के साथ मिलकर किसानों के खेतों में बिना किसान की सहमति के ट्रांसमिशन लाइनों का कार्य करवा रहा है। जिसके खिलाफ जिला मुख्यालय पर संघर्ष समिति सभा और प्रदर्शन करने के बाद आगे के कार्यक्रम का ऐलान करेगी। 765 केवी ट्रांसमिशन लाइन प्रभावित किसान संघर्ष समिति के साथ इस आंदोलन में आम आवाम के अलावा अखिल भारतीय किसान सभा, किसान महासभा, एसएफआई, नौजवान सभा व जनवादी लोग मजबूती से किसानों की हक की लड़ाई की आवाज बुलंद करने जिला कलेक्ट्रेट पर पहुंचेंगे।

### चिकित्सा शिविर का 65 लोगों ने लाभ उठाया

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज झुंझुनूं द्वारा लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट, श्री कृपाशंकर मोदी एवं राधेश्याम ढंढारिया के सौजन्य से हर माह के तीसरे रविवार को आयोजित होने वाले उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह चिकित्सा शिविर में 65 लोगों ने लाभ उठाया। उपरोक्त रोगियों की जांच कर एक माह की दवाइयां निशुल्क वितरण की गई। शिविर में वीर डॉ. एसएन शुक्ला एवं वीर डॉ. नरेंद्र सिंह नरूका ने अपनी सेवाएं प्रदान की। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, देवेंद्र कुमार गौड़, बिहारीलाल सैनी, जयप्रकाश शर्मा, शिवप्रसाद महर्षि, अशोक शर्मा, रामाकांत हवाई, रामगोपाल शर्मा, प्रदीप शुक्ला, सुभाष जोशी, भरत तुलस्यान, मुबारक अली पहाड़ियान, सुमेरसिंह कर्णावत, ओमप्रकाश ककरानिया एवं काफी संख्या में वीर वीराएं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### राजस्थान आईटी लीग 2025 का उद्घाटन मैच झुंझुनूं टीम ने जीता

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के तत्वावधान में 18 जनवरी से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली राजस्थान आईटी लीग 2025 के उद्घाटन मैच में झुंझुनूं टीम विजेता रही। उद्घाटन मैच में टॉस जीतकर झुंझुनूं टीम ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लेते हुए केड जगुआर जयपुर 17 ओवर में 72 रनों पर सिमट गई। जवाबी बल्लेबाजी में झुंझुनूं 11.5 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच में नाबाद 34 रन एवं एक विकेट हासिल करने वाले कपिल झाझड़िया मैन ऑफ द मैच बने। झुंझुनूं की ओर से गेंदबाजी में राकेश डांगी एवं राकेश कुमार ने दो-दो विकेट लिए।

### अभिलाषा ने महिला थानाधिकारी के रूप में संभाला पदभार

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** एसआई अभिलाषा ने शनिवार को झुंझुनूं महिला थानाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद नई थानाधिकारी अभिलाषा ने बताया कि थाने में आने वाले महिलाओं से संबंधित मामलों को प्रमुखता से देखते हुए उनका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद नवनियुक्त थानाधिकारी अभिलाषा ने थाना परिसर का निरीक्षण कर स्टाफ सदस्यों से वार्ता की। इससे पहले अभिलाषा मुकुंदगढ़ थानाधिकारी भी रह चुकी है।



## पेज एक का शेष...

### संविधान सभा के सभी व्यक्तित्व...

**दो महीनों में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े:-** हमारी संस्कृति और विरासत हमें आस-पास के पशु-पक्षियों के साथ प्यार से रहना सिखाती है। ये हम सभी के लिए बहुत खुशी की बात है कि बीते दो महीनों में हमारे देश में दो नए टाइगर रिजर्व जुड़े हैं। इनमें से एक छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व और दूसरा मध्य प्रदेश में रातापानी टाइगर रिजर्व है।

**वर्जिन नारियल ऑयल को मिला 'जीआई' टैग:-** निकोबार जिले में वर्जिन नारियल का तेल को हाल ही में 'जीआई' टैग मिला है। टैग मिलने के बाद एक और नई पहल हुई है। इस तेल के उत्पादन से जुड़ी महिलाओं को संगठित कर सेल्फ हैल्प ग्रुप बनाए जा रहे हैं। उन्हें मार्केटिंग और ब्रांडिंग की स्पेशल ट्रेनिंग भी दी जा रही है। ये हमारे आदिवासी समुदायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

**नेताजी को किया याद:-** 23 जनवरी यानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म-जयंती को अब हम 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाते हैं। उनके शौर्य से जुड़ी इस गाथा में भी उनके पराक्रम की झलक मिलती है। कुछ साल पहले मैं उनके उसी घर में गया था, जहां से वे अंग्रेजों को चकमा देकर निकले थे। उनकी वो कार अब भी वहां मौजूद है। वो अनुभव मेरे लिए बहुत ही विशेष रहा। सुभाष बाबू एक विजनरी थे। साहस तो उनके स्वभाव में रचा-बसा था। इतना ही नहीं, वे बहुत कुशल प्रशासक भी थे।

### कटिहार: गंगा नदी में नाव पलटी, तीन...

**रेस्क्यू ऑपरेशन जारी:-** मनिहारी अनुमंडल पदाधिकारी कुमार सिद्धार्थ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनोज कुमार, अमदाबाद थाना अध्यक्ष कुंदन कुमार और अंचल अधिकारी स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। हालांकि, तेज धारा और गहराई के चलते लापता लोगों को खोजने में परेशानी हो रही है। घटना के बाद से ही ग्रामीणों ने प्रशासन का पूरा सहयोग किया।

### आरोपी को पांच दिन की पुलिस...

**पिता से मिलने पहुंचे बेटे:-** करीना कपूर के बेटे तैमूर अली खान और जेह अली खान को हाल ही में लीलावती अस्पताल में स्पॉट किया गया। जहां दोनों अपने पिता सैफ अली खान से मिलने पहुंचे। सैफ अली खान को चार दिन पहले मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती किया गया था। वहीं दोनों जब अस्पताल से बाहर आ रहे थे। तो पैपराजी ने उन्हें अपने कैमरे में कैद किया। इन तस्वीरों में तैमूर अपनी नैनी और हाउस स्टाफ के साथ बाहर निकलते दिखे। जिन्होंने ब्लू कलर की टीशर्ट पहनी हुई है। वहीं तैमूर और जेह के अलावा सैफ अली खान की बड़ी बेटी सारा अली खान भी संडे की सुबह अस्पताल पहुंची। इस दौरान सारा अली खान पर्पल कलर के को-अर्ड सेट में नजर आई। जिन्होंने अपने लुक को एकदम सिंपल रखा था। सारा अली खान हर दिन अपने पिता से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचती है। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती है।

# अनेक गुणों का समुच्चय है गौमाता, इसका दूध, दूध नहीं अमृत है : प्रांत गोसेवा संयोजक



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गो सेवा गतिविधि के तहत प्रदेश स्तरीय गो-विज्ञान एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा 2024 का आयोजन स्वास्तिक भवन, आदर्श विद्या मंदिर, अंबाबाड़ी में किया गया। जयपुर प्रांत के 21 जिलों में बाल और किशोर वर्ग के लिए आयोजित इस परीक्षा में विभिन्न श्रेणियों के कुल 143 प्रतिभागियों में से 81 ने भाग लिया। परीक्षा के साथ ही विजेताओं के लिए सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में जयपुर प्रांत के गो सेवा प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने गौमाता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौमाता हमारे जीवन के हर पहलू से जुड़ी हुई है और इसका दूध अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि भारतीय नस्ल की गायें न केवल पौष्टिक दूध देती हैं, बल्कि इनके संरक्षण से हमारी संस्कृति और स्वास्थ्य को भी लाभ होता है। उन्होंने भारतीय और विदेशी नस्लों की गायों के बीच अंतर बताते हुए कहा कि भारतीय गायों के दूध में रोग प्रतिरोधक तत्व पाए जाते हैं, जबकि विदेशी नस्लों के दूध में कैंसर कारक तत्व हो सकते हैं। गुप्ता ने भारतीय गोवंश के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पहले भारत में 200 प्रकार की गायें थीं, जिनमें अब केवल 32 नस्लें ही बची हैं। उन्होंने गौ संरक्षण के उपायों पर जोर देते हुए कहा कि अगरबत्ती के स्थान पर धूपबत्ती, दीपक और हवन में गौघृत का प्रयोग और शिव अभिषेक में गौदूध या शुद्ध जल का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ये छोटे-छोटे कदम गौमाता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रांत गो सेवा सह संयोजक मोहन सिंह ने गौसेवा का ऐतिहासिक महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राधा का संबंध गायों के पालन-पोषण से जुड़ा था। उन्होंने कहा कि नंद और वृषभानु जैसी उपाधियां उन लोगों को दी जाती थीं जो लाखों गायों का पालन करते थे। उन्होंने समाज को गौ संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता जैसे मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला स्तर पर परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र कार्यवाह गेंदालाल, प्रांत गो सेवा संयोजक अशोक कुमार गुप्ता, प्रांत सह गो सेवा संयोजक मोहन सिंह, गो-विज्ञान परीक्षा संयोजक अशोक शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता और अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# पेंशनर समाज की नई कार्यकारिणी का गठन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**नवलगढ़।** पेंशनर समाज उप शाखा नवलगढ़ की नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण एवं नव कैलेंडर 2025 के विमोचन पर प्रेरणा स्कूल नवलगढ़ में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोवर्धन सिंह निठारवाल ने की। मुख्य अतिथि पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष नेमीचंद पूनियां थे। जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में गंगाधरसिंह सुंडा, बहादुरसिंह शेखावत, इंजीनियर मालीराम वर्मा, जिला सचिव चंद्रप्रकाश धूपिया, रामकुमार सिंह डोटासरा, दीपचंद पंवार, कालूराम झाझड़िया, गायत्री सैन, रामेश्वरलाल खेदड़, राणासर की पूर्व सरपंच सुरेश देवी, रामदेव जांगिड़ चिराना मौजूद रहे। सबसे पहले महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सुरेश कुमार जांगिड़ ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। जिसके बाद सभी अतिथियों का पुष्पहार द्वारा स्वागत किया गया। अध्यक्ष गोवर्धनसिंह निठारवाल ने स्वागत उद्बोधन में नई कार्यकारिणी को बधाई दी एवं अधिक से अधिक संख्या बढ़ाने और पेंशनर की समस्याओं का निराकरण करने के लिए पेंशनर समाज सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। अतिथियों द्वारा कैलेंडर 2025 का विमोचन भी किया गया। इसमें सभी कार्यकारिणी सदस्य, फोटो सहित व सभी पेंशनर सदस्यों की संख्या कैलेंडर के पीछे मय पता छपाई गई है। इसके बाद चंद्रप्रकाश धूपिया, इंजीनियर मालीराम वर्मा, जिलाध्यक्ष नेमीचंद पूनियां व गंगाधर सिंह सुंडा ने नई कार्यकारिणी को धन्यवाद दिया। रामेश्वरलाल खेदड़ ने उप शाखा नवलगढ़ को एक लैपटॉप देने की घोषणा की। सभी ने पुष्प हार पहना कर उनका स्वागत किया। कार्यकारी अध्यक्ष पितराम कालेर में सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के शैक्षिक सम्मेलन में झुंझुनूं के शिक्षकों ने लिया हिस्सा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यामिक शिक्षक संघ का दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन बाड़ी धौलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें झुंझुनूं जिले से जिलाध्यक्ष हवासिंह बामिल एवं सुशील कुमार बुडानिया के नेतृत्व में प्रदेश उपाध्यक्ष बीरबलसिंह सुंडा, संरक्षक ज्वालाप्रसाद झाझड़िया, प्रदेश प्रतिनिधि बजरंगसिंह मूंड, जिला उपाध्यक्ष उम्मेद सिंह ढाका, प्रधानाचार्य ओमनारायण, नरेश कुमार, सुभाषचंद्र झाझड़िया, केशरदेव, गोकुलसिंह, सरोज कुमारी, शशिकला, मुन्नी मीणा, संतरा चौधरी, संगीता, संगीता ऐचरा, मूलचंद डूडी, सुरेंद्र महला, विमला, सूबेसिंह, महबूब अली, राजेन्द्रसिंह, धन्नाराम सहित काफी शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गिर्राज सिंह मलिंगा एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री नीरज अशोक शर्मा ने शिक्षकों की जायज मागों को सरकार तक पहुंचाने का विश्वास दिलाया एवं शिक्षक शिक्षार्थी के हित संरक्षण में कार्य करने, शिक्षकों के नियमानुसार तबादले करने की मांग को जायज बताया। सम्मेलन में शिक्षक-विद्यार्थी-अभिभावक में सामंजस्य स्थापित करने, शिक्षकों द्वारा सृजनात्मक कार्यों में भाग लेने, नियमित तृतीय श्रेणी एवं उच्च पदों की डीपीसी पदोन्नति करने, तृतीय श्रेणी एवं टीएसपी शिक्षकों के तबादले, विशेष शिक्षकों की नियुक्ति, एनपीएस का पैसा सरकार कार्मिकों को वापस भुगतान करने, शिक्षकों की वेतन विसंगति के निराकरण तथा खेमराज कमेटी की सिफारिश पूर्णतया लागू करने सहित अन्य मांगों का द्वितीय दिन संकलन कर राज्य सरकार को भेजी गई। प्रदेशाध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा एवं सभाध्यक्ष शशिभूषण शर्मा ने सरकार को चेताया कि उनकी मांगों की अनदेखी की जाएगी तो आंदोलन किया जाएगा। संगठन के मुख्य महामंत्री महेंद्र पांडे ने कहा संगठन लगातार संघर्ष कर शिक्षकों की मांगों के लिए संघर्ष कर रहा है। शिक्षकों की जो मांगें सम्मे ?लन में आई उन को समेकित कर मांग-पत्र के रूप में सरकार को देंगे। समापन सत्र में समेकित मांग-पत्र एवं संगठनात्मक बिंदुओं पर चर्चा संपन्न हुई।

# चिकित्सा शिविर में 215 रोगियों को चिकित्सा परामर्श व दवाइयां वितरित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** प्रान्तीय सेवा भारती समिति ने रविवार को कठपुतली नगर, ज्योति नगर मोड़ स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र सेवा प्रमुख शिव लहरी और राष्ट्रीय सेवा भारती के क्षेत्रीय प्रकाशन प्रमुख मूलचंद सोनी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रांतीय सेवा प्रमुख सूर्य प्रकाश, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर दीपक माहेश्वरी, स्थानीय पार्षद, कॉलोनी के गणमान्य नागरिक और सेवा भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिविर में जयपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने 215 रोगियों को चिकित्सा परामर्श दिया। रोगियों की नि:शुल्क जांच की गई और दवाइयां भी वितरित की गईं। इसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास अग्रवाल, पीएमआर विशेषज्ञ डॉ. कमल कांत सेन, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. आर. सैनी, मूत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय बिवाल, जनरल फिजिशियन डॉ. मनीष चौधरी, पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. पंकज गुलाटी, दंत रोग विशेषज्ञ श्रीमती सव्य साची सिंह और डॉ. अनुमेहा गुलाटी तथा हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित गुप्ता ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

# शेखावाटी के प्रभारी बनने के बाद पहली बार कल झुंझुनूं आएंगे चिरंजीव राव

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** एआईसीसी के सचिव, राजस्थान के सह प्रभारी चिरंजीव राव 21 जनवरी को झुंझुनूं आएंगे। हाल ही में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने उन्हें झुंझुनूं समेत शेखावाटी के तीनों जिलों का प्रभारी भी बनाया गया है। यह नई जिम्मेदारी मिलने के बाद चिरंजीव राव का पहला झुंझुनूं दौरा है। कांग्रेस प्रवक्ता संतोष सैनी व शहबाज फारूकी ने बताया कि चिरंजीव राव मंगलवार को सुबह 11=15 बजे रीको स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लेंगे। जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में चिरंजीव राव जिले के सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे तथा इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों पर भी चर्चा की जाएगी। साथ ही कांग्रेस पार्टी की रीति-नीतियों से पार्टी की मजबूती के लिए आगामी संगठनात्मक कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देंगे। बैठक में जिले के कांग्रेस सांसद, विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रधान, चेयरमैन, वाइस चेयरमैन, जिला परिषद् सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पार्षदगण, जिले में निवासरत एआईसीसी व पीसीसी पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, स्थानीय व नगर निकाय जन प्रतिनिधि, अग्रिम संगठन युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल एवं सभी विभागों राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, पर्यावरण प्रकोष्ठ, विधि एवं मानवाधिकार विभाग आदि मौजूद रहे।

# रामपुरा के पास सड़क हादसा, पति-पत्नी समेत तीन की मौत

## चार हुए घायल, एक गंभीर घायल को किया जयपुर रैफर



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जिले के अलसीसर इलाके के रामपुरा गांव में राजगढ़—झुंझुनूं रोड पर रविवार शाम को हुए दर्दनाक हादसे में पति—पत्नी समेत तीन जनों की जान चली गई। वहीं चार घायल हो गए। इनमें से एक गंभीर घायल को जयपुर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार भूतिया का बास निवासी बोलेरो चालक रणवीर को कोदेसर ग्राम पंचायत के बीदासर निवासी जमनाधर पारीक अपने साथ किसी काम से अलीपुर किराए पर करके ले गए थे। गाड़ी में चालक रणवीर व जमनाधर के अलावा जमनाधर की पत्नी रतनी व भाभी संतोष देवी थी। अलीपुर से वापिस गांव लौटते वक्त रामपुरा के पास झुंझुनूं—राजगढ़ रोड पर सामने से आ रही दूसरी बोलेरो के साथ उनकी गाड़ी की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे जमनाधर, रतनी व चालक रणवीर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं संतोष के अलावा दूसरी बोलेरो गाड़ी में सवार राजगढ़ निवासी अमित पुत्र रामनिवास जांगिड़, विक्की पुत्र रघुवीर सिंह जांगिड़ बैरू बड़ी हमीरवास तथा तन्यम पुत्र भूषण शर्मा राजगढ़ निवासी घायल हो गए। सभी घायलों को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल लाया गया। जहां पर जमनाधर, रत्नी व रणवीर को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर हालत होने पर संतोष देवी को जयपुर रैफर कर दिया गया। इसके अलावा अमित, विक्की और तन्मय का बीडीके अस्पताल में ईलाज चल रहा है। बीडीके अस्पताल में भर्ती सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। हादसे की सूचना मिलते ही पीएमओ डॉ. राजवीर राव ने पूरे अस्पताल को अलर्ट मोड पर कर दिया और घायलों के पहुंचते ही ईलाज चालू कर दिया गया। फिलहाल तीनों मृतकों के शवों को मोर्चरी में शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं मृतकों व घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सुचारू करवाया। तीनों मृतकों का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

# अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा, 45 लाख की शराब जब्त



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** आबकारी विभाग द्वारा की गई बड़ी कार्रवाई के तहत अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा गया। जिससे 45 लाख कीमत की शराब जब्त की गई है। यह शराब एक नामी कंपनी के बेबी यूज और कॉस्मेटिक प्रोडक्ट के बीच में छुपाकर ले जाई जा रही थी। जिसके चलते इसमें रखे शराब के 547 कार्टुनों को गिनने में विभाग की टीम को करीब 10 घंटे का समय लगा। जिला आबकारी अधिकारी रियाजुद्दीन उस्मानी ने बताया कि आबकारी पुलिस के डीएसपी लक्ष्मीनारायण सैनी तथा आबकारी थाने के प्रहराधिकारी ताराचंद जाखड़ के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के बाद अवैध शराब के कार्टुनों की गिनती की गई। जिसमें 547 कार्टुन अवैध शराब के मिले। जो पंजाब के थे। लेकिन पंजाब से बिना कोई वैध लाइसेंस के गुजरात ले जाए जा रहे थे। जब्त की गई शराब की कीमत करीब 45 लाख रूपए है। इस मामले में गिरफ्तार आरोपी, जब्त किए गए ट्रक तथा ट्रक में मिले महत्वपूर्ण दस्तावेजों के आधार पर जांच आगे बढाई जाएगी। जिसके जरिए शराब तस्करों तक पहुंचा जाएगा। आपको बता दें कि बीती रात को झुंझुनूं के आबकारी विभाग के डीएसपी लक्ष्मीनारायण सैनी तथा प्रहराधिकारी ताराचंद जाखड़ के नेतृत्व में विभाग की टीम ने आधी रात को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरे ट्रक को पकड़ा था। जयपुर के के नंबरों का ट्रक, हरियाणा के अंबाला से पंजाब में बिकने वाली शराब लेकर गुजरात जा रहा था। जिसे आबकारी विभाग ने झुंझुनूं जिले के पुरा की ढाणी के पास स्थित टोल पर नाकाबंदी कर पकड़ लिया। जब विभाग ने ट्रक पकड़ा तो ड्राइवर ने कुरूक्षेत्र के एक ट्रांसपोर्टर के कागजात दिखाए। जिसके अनुसार ट्रक में एक नामी कंपनी के बेबी पाउडर, बेबी लोशन जैसे कॉस्मेटिक आइट्म है। ट्रक को खोलकर चैक किया तो उसमें यही सामान भी मिला। लेकिन मुखबिर की इत्तला पक्की थी। जिसके चलते विभाग की टीम ने एक—एक कार्टुन चैक किया तो कुछ कार्टुन चैक करने के बाद पंजाब निर्मित अवैध शराब के कार्टुन दिखने लगे। जिस पर ट्रक को जब्त कर और ड्राइवर को गिरफ्तार करके आबकारी थाने लाया गया। वहीं गिरफ्तार ड्राइवर बालोतरा जिले के रहने वाले भंवरराम से पूछताछ की जा रही है। आबकारी थाने के प्रहराधिकारी ताराचंद जाखड़ ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में ड्राइवर ने बताया कि उसे यह ट्रक एक अन्य ड्राइवर ने हरियाणा के अंबाला में दिया था। जिसने बताया था कि उसे नसीराबाद में दूसरा ड्राइवर मिलेगा। जो इस ट्रक को ले जाएगा। यह शराब गुजरात ले जाई जा रही थी। ट्रक में एक नामी कंपनी के प्रोडक्ट का ई वे बिल मिला है। वहीं कुरूक्षेत्र के एक नामी ट्रांसपोर्ट कंपनी की बिल्टी मिली है। इसलिए ट्रांसपोर्ट कंपनी से भी पूछताछ होगी।

# निजी अस्पताल में बदमाशों का तांडव, ग्रामीणों का थाने पर प्रदर्शन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सुलताना।** कस्बे में 15 जनवरी की रात को बायपास रोड स्थित जोड़िया चौराहे पर निजी अस्पताल में बदमाशों द्वारा अस्पताल संचालक से रंगदारी को लेकर अस्पताल में जमकर की गई तोड़फोड़ ओर मरीज तथा अस्पताल संचालक की पत्नी से मारपीट के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या में सुलताना और आसपास के ग्रामीण सुलताना थाने पहुंचे। पंचायत समिति सदस्य उम्मेद सिंह ने सुलताना थानाधिकारी को मामले में निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए 5 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच, पकड़ी गई गाड़ी से पुलिस द्वारा समान निकाल कर देने के फुटेज दिखाने, शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने ओर गाड़ी जब्त करने की मांग की गई। सुलताना थानाधिकारी रविन्द्र कुमार ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए बताया कि मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। चारों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 3 दिन का रिमांड लिया गया हैं। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही हैं। शेष आरोपियों की जन्द गिरफ्तारी होगी।

## सुविचार

अगर कोई आपका भरोसा तोड़ने के बाद माफ़ी मांगे तो भले माफ़ कर दो पर उस पर दोबारा भरोसा ना करें।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### 'मन की बात' में महाकुंभ महिमा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सुबह देशवासियों से 'मन की बात' की। इस कार्यक्रम के 118वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में चल रहे है महाकुंभ का विशेष रूप से उल्लेख किया। देश के नायक द्वारा राष्ट्र के गौरव का प्रतीक बन चुके महाकुंभ का उल्लेख करना सर्वथा उचित है। क्योंकि महाकुंभ मेला भारत के न केवल सनातन धर्म की सर्वसमावेशी परम्परा का प्रतीक है बल्कि ज्योतिष, वैज्ञानिकता और मानव प्रबंधन कुशलता का जीवंत दस्तावेज भी है। एक करोड़ से कम जनसंख्या वाले शहर प्रयागराज में प्रतिदिन औसतन एक करोड़ लोगों के कुंभ स्नान की व्यवस्था कर पाना एक अकल्पनीय हकीकत है। इसके लिए उत्तर प्रदेश की शासन व्यवस्था संभाल रही योगी आदित्यनाथ सरकार, वहां के शासन एवं प्रशासन की विशेष रूप से प्रशंसा की जानी चाहिए। इसके साथ ही विमान सेवा प्रदान करने वाली कंपनियां एवं भारतीय रेलवे के योगदान की भी विशेष रूप से प्रशंसा की जानी चाहिए। बात यदि धार्मिक दृष्टि से करें तो तीर्थराज प्रयाग एक ऐसा पावन स्थल है, जिसकी महिमा अधिकांश धर्म ग्रंथों में वर्णित है। समुद्रपर्यन्त इस पृथ्वी में जितने भी तीर्थ हैं, उन सब में श्रेष्ठ तीर्थराज प्रयागराज की महिमा वेदों से लेकर विभिन्न शास्त्रों, धर्मग्रंथों, पुराणों और परवर्ती साहित्य में प्रचुर रूप से वर्णित है। उसे समस्त तीर्थों के पुण्यफलों का प्रदाता और धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष, इस चतुर्वर्ग की प्राप्ति का साधन बताया गया है। धर्मशास्त्रों में वर्णित है कि प्रयागराज के दर्शन करने, तीर्थराज का नामोच्चारण करने से या शरीर पर उसकी मृत्तिका (संगम की रेती) का स्पर्श करने मात्र से ही मनुष्य पापमुक्त हो जाता है। आज की 'मन के बात में' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ मेले के महत्व और इसकी दिव्यता पर जोर देते हुए इसे भारतीय संस्कृति और परंपरा का प्रतीक बताया। उनके अनुसार, महाकुंभ मेला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह विविधता में एकता का उत्सव है, जो देश और दुनिया के लोगों को एक साथ जोड़ता है। इस बार कुंभ में कई दिव्य संयोग बन रहे हैं, जो इसकी पौराणिक और आध्यात्मिक महत्ता को और भी बढ़ाते हैं। कुंभ मेला हजारों वर्षों पुरानी परंपरा का जीवंत उदाहरण है। कुंभ, पुष्करम, और गंगा सागर मेले जैसे आयोजन भारत के सामाजिक ताने-बाने और एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। ये आयोजन भारत के लोगों को भारतीय परंपराओं से जोड़ते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा इन बातों का उल्लेख देश के आम जनमानस में अपनी संस्कृति, परंपरा एवं आस्था के प्रति विश्वास को और मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

### सिक्कों और मुद्रा प्रबंधन का आधार हो

# आकार,मूल्य और सटीक उपलब्धता



सुभाष चंद्र

**एक ही मूल्य वर्ग के सिक्कों का अलग अलग आकार, लोगों को भ्रम में डालता है। इसलिए एक मूल्य वर्ग के सिक्कों का एक ही आकार होना चाहिए। साथ ही आम लोगों की सहूलियत को ध्यान में रखकर प्रत्येक बैंक शाखा में बिक्री के लिए 100 सिक्कों के छोटे पैक भी उपलब्ध होने चाहिए।**

- इमेज



वर्तमान में एक और दो रुपये मूल्यवर्ग के सिक्कों में तीन-तीन आकार मौजूद हैं, इससे आम जनता में काफ़ी भ्रम की स्थिति बन जाती है। एक रुपये के जो सिक्के इन दिनों चलन में हैं वे 20, 22 और 25 मिमी व्यास के आकार के हैं, जबकि दो रुपये मूल्यवर्ग के सिक्के 23, 25 और 27 मिमी व्यास के हैं। इन दोनों सिक्कों का इतना समान होना लोगों को काफ़ी भ्रम में डाल देता है। इस भ्रम को दूर करने हेतु केंद्र सरकार को कुछ समय के लिए दो रुपये के सिक्के बनाना बंद कर देना चाहिए। वास्तव में सिक्के चाहे वे किसी भी मूल्यवर्ग के हों वे एक निश्चित वजन में ही जारी हों। इसलिए 1, 2, 5, 10 और 20 रुपए के सिक्कों का वजन क्रमशः 3, 4, 6, 8 और 10 ग्राम के आंकड़ों में तर्कसंगत बनाया जाना चाहिए।

**करेंसी का आकार कम करें**

साल 2016 से 2019 के बीच 500 और 1000 रुपए के नोटों के विमुद्रीकरण के चलते जो नए नोट ख्करेंसी, छापे गये,वे उसके पहले 1967 में छपे नोटों से आकार में छोटे थे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यदि करेंसी के आकार में बदलाव की आवश्यकता हो, तो सभी मूल्यवर्ग के नोटों में एक बार ही बदलाव किया जाय। साथ ही चूंकि 1 और 10 रुपए के नोटों की छपाई पहले ही बंद हो चुकी है, इसलिए 20 रुपए के नोटों की छपाई भी बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि अब इस मूल्यवर्ग के सिक्के प्रचलन में आ गए हैं, जिससे 50, 100, 200 और 500 रुपए के नए छोटे आकार के नोटों के लिए रास्ता साफ हो जाएगा, लेकिन जनता के बीच कोई भ्रम न पैदा हो इसलिए इन अलग अलग नोटों के रंग पहले जैसे ही हों। 12 मार्च 2013 को तत्कालीन केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री नमो नारायण मीना ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में कहा था कि प्लास्टिक मुद्रा (तब दस रुपए के नोट) बहुत पहले जारी की गई थी। लेकिन इसे कभी लागू नहीं किया गया। कई देशों में प्रचलित प्लास्टिक मुद्रा सफल पाई गई है, जिससे नोटों की आयु कई गुना बढ़ गई है। प्लास्टिक के पचास रुपए के नोट प्रायोगिक आधार पर जारी किए जा सकते हैं। यदि यह विचार सफल हो जाता है, तो अन्य सभी मूल्यवर्ग के नोट प्लास्टिक मुद्रा में जारी किए जा सकते हैं। इन कदमों से मुद्रा-प्रचलन पर लागत कम होगी।

**बैंक से मिलें 100 सिक्कों के छोटे पैक**

सामान्य जनता की सुविधा के लिए विभिन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सभी शाखाओं और सभी डाकघरों में प्रत्येक मूल्यवर्ग के 100 सिक्कों के छोटे-छोटे पैक हमेशा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होने चाहिए। बड़े पैक में 100 सिक्कों के बीस छोटे पैक हो सकते हैं, जिससे प्रत्येक मूल्यवर्ग के 2000 सिक्कों का एक समान बड़ा पैक-आकार हो सकता है, बजाय वर्तमान में 2000 और 2500 सिक्कों के भ्रामक पैक के। क्योंकि देखा गया है कि करेंसी-चेस्ट से सुसज्जित बड़ी बैंक शाखाओं में भी आमतौर पर वांछित मूल्यवर्ग के सिक्के नहीं होते हैं। हालांकि, दो रुपये के अवांछित सिक्के हमेशा उपलब्ध रहते हैं, जिससे दो रुपये के सिक्कों की लोकप्रियता को बढ़ावा मिलता है।

**निजी डीलरों पर प्रतिबंध लगाएं**

निजी डीलरों द्वारा नए सिक्कों के बैग और प्रीमियम पर करेंसी के नए पैक बेचने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। क्योंकि इनके द्वारा मांग और आपूर्ति के आधार पर खुलेआम भारी प्रीमियम पर बेचा जाता है। 6 मार्च 2015 को पुनः शुरू किए गए 1 रूपये के 100 नोटों के पैक सार्वजनिक वितरण के लिए बैंक-काउंटरों पर कभी नहीं पहुंचे, जबकि निजी डीलरों के पास भारी प्रीमियम पर ये हमेशा उपलब्ध रहे। चूंकि केवल एक रुपये के नोट पर ही केंद्रीय सचिव स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर होते हैं, जबकि अन्य सभी मूल्यवर्ग के नोटों पर आरबीआई गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं,इसलिए नौकरशाही द्वारा अपने हस्ताक्षर ताकत को बरकरार रखने के लिए एक रुपये के नोट को फिर से जारी किया गया था।

**चांदी के सिक्के**

स्वतंत्र भारत में दस रुपये के अंकित मूल्य वाला पहला चांदी-मिश्र धातु का स्मारक सिक्का, आम जनता के लिए अंकित मूल्य पर 02.10.1969 को गांधी जन्म शताब्दी पर जारी होने की तिथि से ही उपलब्ध कराया गया था। उस समय चांदी-मिश्र धातु के सिक्के में, धातु-मूल्य अंकित मूल्य का लगभग आधा होता था। यह चलन कई वर्षों तक जारी रहा। लेकिन बाद में इस प्रथा को बदलकर अंकित मूल्य को प्रचलित धातु-मूल्य से बहुत कम कर दिया गया। उदाहरण के लिए, दिवंगत प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 24 दिसंबर 2018 को जारी किए गए चांदी-मिश्र धातु के स्मारक सिक्के का अंकित मूल्य केवल 100 रुपये था, जबकि जारी होने के समय भी सिक्के का धातु-मूल्य अंकित मूल्य से कई गुना अधिक था। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये सिक्के अंकित मूल्य पर जारी किए जाएं, जैसे कि 1000 रुपये, जिसमें धातु-मूल्य सिक्के के अंकित मूल्य का लगभग आधा हो। हालांकि, नकली और नकली सिक्कों को रोकने के लिए, इन उच्च मूल्य वाले चांदी-मिश्र धातु के सिक्कों को सीरियल नंबर के साथ छेड़छाड़-प्रूफ प्लास्टिक-पैक में पैक किया जा सकता है।

## पंचांग

20 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | षष्ठी 09.59 तक |
| वार | - | सोमवार |
| नक्षत्र | - | हस्त 20.30 तक |
| योग | - | सुकर्मा 26.52 तक |
| करण | - | विष्टि 23.19 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.22 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.16 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | कन्या |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.27 से 13.11 |
| राहु काल | - | 0838 से 10.02 |
| व्रत, त्यौहार | - | अमृतसिद्धियोग 17.30 से सूर्योदय, रवियोग 17.30 प्रारंभ, सूर्य सायन कुंभ में 25.31, अभिजिति रवि 22.07 |
| दिशा शूल | - | पूर्व |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### कुंडली के अशुभ घर में बैठे हैं शुक्र 4 बेहद सरल उपाय लाएंगे बदलाव

ज्योतिष शास्त्र में हर एक ग्रह का विशेष महत्व होता है और इन ग्रहों का व्यक्ति के जीवन पर गहरा असर पड़ता है। प्रत्येक ग्रह की स्थिति व्यक्ति की कुंडली में कई तरह के योग बनाते हैं, जो व्यक्ति की सफलता या असफलता का कारण बनती है। शुक्र ग्रह को विशेष रूप से सुख, समृद्धि, और प्रेम का प्रतीक माना जाता है। अगर शुक्र ग्रह कुंडली में शुभ स्थिति में हो, तो यह व्यक्ति को वैभव, सुख-सुविधा, और बेहतर वैवाहिक जीवन प्रदान करता है। लेकिन जब यह अशुभ स्थिति में होता है, तो इससे जीवन में कई प्रकार की परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं। शुक्र ग्रह की अशुभ स्थिति से बचने के लिए कुछ सरल उपाय किए जा सकते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी दे रहे हैं भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा।

**1. ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करें-** शुक्र ग्रह के प्रभाव को सुधारने के लिए सबसे प्रभावी उपायों में से एक है ऊं नमः शिवाय मंत्र का जाप करना। हर शुक्रवार को शिवलिंग पर दूध और जल अर्पित करके इस मंत्र का 108 बार जाप करें। इसे रुद्राक्ष की माला से करना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। यह उपाय न सिर्फ शुक्र ग्रह के दोषों को कम करता है, बल्कि व्यक्ति को मानसिक शांति भी प्रदान करता है।

**2. दूध का दान करें-** दूध का दान करना भी शुक्र के दोषों को दूर करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। किसी गरीब व्यक्ति या मंदिर में दूध का दान करने से न सिर्फ पुण्य मिलता है, बल्कि यह शुक्र ग्रह को भी प्रसन्न करता है। इस उपाय को शुक्रवार को करना अधिक फलदायक होता है।

**3. सुहाग का सामान दान करें-** शुक्र ग्रह से जुड़े एक और प्रभावी उपाय के तौर पर, किसी विवाहित स्त्री को सुहाग का सामान दान करना शामिल है। इस सामान में चूड़ियां, कुमकुम, लाल साड़ी जैसी चीजें शामिल की जा सकती हैं। इस उपाय से देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है और शुक्र ग्रह के अशुभ प्रभाव कम होते हैं।

**4. शुक्र मंत्र का जाप करें-**शुक्र के शुभ फल को प्राप्त करने के लिए शुक्रवार को शुक्र मंत्र का जाप करना एक अच्छा उपाय है। इस मंत्र का जाप 108 बार करें:
"द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः"
यह मंत्र शुक्र ग्रह के दोषों को दूर करने में सहायक होता है और व्यक्ति को सुख-संपत्ति की प्राप्ति होती है।

## तारीख विशेष

### बज़ एल्ड्रिन: चंद्रमा पर कदम रखने वाले दूसरे अंतरिक्ष यात्री

बज़ एल्ड्रिन (असली नाम एडविन यूजीन एल्ड्रिन जूनियर) का जन्म 20 जनवरी 1930 को अमेरिका के न्यू जर्सी में हुआ। वे एक प्रसिद्ध अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री, इंजीनियर और पूर्व वायुसेना पायलट हैं। एल्ड्रिन का नाम अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में



अपोलो 11 मिशन के दौरान चंद्रमा पर कदम रखने वाले दूसरे व्यक्ति के रूप में दर्ज है। एल्ड्रिन का बचपन से ही विज्ञान और अंतरिक्ष में रुचि थी। उनका निकनेम 'बज़' उनकी छोटी बहन द्वारा 'बिरदर' शब्द को 'बज' बोलने से पड़ा। यह नाम उनके साथ जीवनभर रहा। उन्होंने अपनी स्नातक शिक्षा वेस्ट पॉइंट मिलिट्री अकादमी से की, जहां वे मैकेनिकल इंजीनियरिंग में उत्कृष्ट रहे। बाद में, उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी से डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनकी शोध 'मानवयुक्त अंतरिक्ष यान की कक्षीय यांत्रिकी' पर आधारित थी, जो बाद में अंतरिक्ष अभियानों में उपयोगी साबित हुई। 1963 में, एल्ड्रिन नासा के अंतरिक्ष यात्री कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने जेमिनी 12 मिशन में हिस्सा लिया, जहां उन्होंने अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक स्पेसवॉक किया। उनका सबसे बड़ा योगदान अपोलो 11 मिशन (16-24 जुलाई 1969) में था। इस मिशन के दौरान, 20 जुलाई 1969 को, वे नील आर्मस्ट्रांग के बाद चंद्रमा की सतह पर कदम रखने वाले दूसरे व्यक्ति बने। उन्होंने चंद्रमा पर करीब 19 मिनट तक काम किया, वैज्ञानिक प्रयोग किए और अमेरिकी ध्वज स्थापित किया। नासा से सेवानिवृत्ति के बाद, एल्ड्रिन ने अंतरिक्ष अन्वेषण को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से काम किया। उन्होंने अपनी आत्मकथा 'रिटर्न टू अर्थ' और अन्य पुस्तकें लिखीं। वे युवाओं को प्रेरित करने और अंतरिक्ष अनुसंधान को समर्थन देने के लिए समर्पित हैं। बज़ एल्ड्रिन का योगदान मानवता के लिए मील का पत्थर है। वे उन साहसी व्यक्तियों में से हैं, जिन्होंने हमें चंद्रमा तक पहुंचने का सपना पूरा करने का मार्ग दिखाया। उनका जीवन साहस, नवाचार और अन्वेषण का प्रतीक है।

### रिश्ते नाते

# बच्चों में सोशल स्किल्स डेवलप करें

नम्रता नदीम

**दादा-दादी या नाना-नानी अगर गांव में रहा करते थे, तो वहां की यादें तो उन्हें आज भी भुलाये नहीं भूलतीं। दिनभर खेतों में मटरगश्ती, एक दूसरे के साथ खेलना, गांव की गलियों में इधर उधर घूमना अपने दूसरे रिश्तेदारों के फलदार पेड़ों से आम, जामुन, आड़ू, लीची जैसे फलों का स्वाद चखना। दोपहर में सांप सीढ़ी, स्टापू, गिट्टे जैसे मनोरंजक गेम खेलना, शाम के समय नदी नहरों पर मस्ती करना, रात के भोजन के उपरांत मिलकर गप्पे लड़ाना, आंगन में चारपाईयों पर खुले आसमान में तारे गिनना जैसी कितनी ही यादें उनके जहन में आज भी तरोताजा हो जाती हैं।**

- इमेज

45 और 50 साल के वे लोग जो बच्चों के माता-पिता हैं, अगर वो अपने बच्चों के बचपन से अपने बचपन की तुलना करते हैं तो दोनों में काफी अंतर है। ये वह पीढ़ी है, जो संयुक्त परिवार में रहा करती थी। गर्मी की छुट्टियों में जो दादा-दादी या नाना-नानी के साथ अपना वक्त बिताया करते थे, जहां उनके चचरे, ममरे या फुफेरे भाई बहन सब मिलकर मस्ती किया करते थे। दादा-दादी या नाना-नानी अगर गांव में रहा करते थे, तो वहां की यादें तो उन्हें आज भी भुलाये नहीं भूलतीं। दिनभर खेतों में मटरगश्ती, एक दूसरे के साथ खेलना, गांव की गलियों में इधर उधर घूमना अपने दूसरे रिश्तेदारों के फलदार पेड़ों से आम, जामुन, आड़ू, लीची जैसे फलों का स्वाद चखना। दोपहर में सांप सीढ़ी, स्टापू, गिट्टे जैसे मनोरंजक गेम खेलना, शाम के समय नदी नहरों पर मस्ती करना, रात के भोजन के उपरांत मिलकर गप्पे लड़ाना, आंगन में चारपाईयों पर खुले आसमान में तारे गिनना जैसी कितनी ही यादें उनके जहन में आज भी तरोताजा हो जाती हैं। इन्हीं माता-पिता के बच्चों का बचपन आज उनसे बिल्कुल अलग है। आजकल एकल परिवारों में महानगरीय जीवनशैली के बीच फ्लैट संस्कृति में पलने वाले ये बच्चे हैं, जहां पड़ोस में कौन रहता है, इसका भी पता नहीं होता। अब बच्चे पूरा दिन घर के भीतर ही रहने को मजबूर हैं। स्कूल के बाद हॉबी क्लासेस उनका पूरा दिन व्यस्तता से भरा होता है, जहां अकेलापन ही उनका साथी होता है, गर्मियों की छुट्टियों में अब न तो कोई किसी के घर आता जाता है और न ही कोई चाहता है कि लंबे समय तक कोई आकर उनके घर में उनकी व्यस्त जीवनचर्या में खलल डाले। घूमने के नाम पर अब लोग या तो अपने देश का भ्रमण करते हैं या विदेश यात्रा करते हैं। ऐसे में बच्चों का अपने कजन्स के साथ मिलना जुलना और भी कम हो जाता है। जबकि बच्चे अपने कजन्स के साथ सबसे ज्यादा नजदीकी और अपनापन महसूस करते हैं, उनके साथ वो अपनी हर बात शेयर करना पसंद करते हैं। विभिन्न शोध भी यह बताते हैं कि संयुक्त परिवार बच्चों को खुशमिजाज बनाते हैं। इससे बच्चों को एक्सपोजर मिलता है। एक दूसरे के साथ रहने से वे जीवन के तौर तरीके सीखते हैं और परिवार के दूसरे सदस्यों के रहन-सहन से अपने रहन-सहन की तुलना करते हैं। इससे उनकी सोच में बदलाव आता है। परिवार के दूसरे सदस्यों से मिलने से उन्हें समझ में आता है कि उनमें और दूसरों में क्या फर्क है? इसी से बच्चों में साथ रहने की भावना विकसित होती है। वे अडजेस्टिव और कंप्रोमाइजिंग बनते हैं। मनोविदों की मानें तो 10 साल से छोटे बच्चों को परिवार के साथ यदि मिलना जुलना सिखाया जाए तो इससे उनकी पर्सनैलिटी काफी डेवलप होती है। आजकल परिवार छोटे हो गये हैं। घर में एक या दो बच्चे ही होते हैं। उनमें भी अगर कॅरियर के लिए एक बच्चा घर से बाहर चला जाए तो दूसरा अकेला हो जाता है। उनमें चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन और पर्सनैलिटी डिस्ऑर्डर जैसी बहुत से विकार देखे जाते हैं। ऐसे बच्चे अकेलेपन की वजह से सोशल स्किल्स सीख नहीं पाते और दूसरों के बीच में वह अटपटा सा व्यवहार करते हैं। वह अपनी बात किसी से शेयर नहीं कर पाते, न ही अपनी इमोशंस व्यक्त कर पाते हैं। रिश्ते नाते हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है, इसके बावजूद हम उन्हें अपने जीवन से गायब कर रहे हैं। यही वजह है कि अब हमारे बच्चों के पास न तो बचपन की मधुर स्मृतियां हैं और न ही उनके साथ किसी की इमोशनल बॉंडिंग है। न तो वो प्रैक्टिकल हैं, न ही अडजेस्टिव। घर में किसी के आ जाने पर वो इतना अटपटा व्यवहार करते हैं कि पैरेंट्स को इससे बुरा महसूस होता है। जबकि वजह पैरेंट्स ही हैं। वे उन्हें सोशल स्किल्स सिखाना ही भूल रहे हैं। हमारे व्यवहार में बहुत सारी चीजें ऐसी होती हैं, जिन्हें हमउम्र बच्चे ही आपस में सीखते हैं। अब वो दिन कहां, जब छुट्टियों में दादा-दादी और नाना-नानी का आंगन और उसमें की जाने वाली ढेर सारी मस्ती हो। छुट्टियां गुजारने के लिए अब बच्चे भी किसी रिश्तेदार के घर जाकर रहने की बजाय महंगे रिजॉर्ट, हिल स्टेशन पर जाना पसंद करते हैं। अगर आज हमें पढ़ाई या कॅरियर के लिए अपने बच्चे को किसी के घर में छोड़ना हो तो अव्वल तो रिश्तेदार ही हमारे बच्चे की जिम्मेदारी लेना पसंद नहीं करते। परिवार के किसी बाहरी सदस्य के आने से उनको भी यह अपनी प्राइवेसी में खलल डालने जैसा लगता है यानी बच्चों को एक दूसरे के नजदीक न आने के लिए हम पहले से ही भूमिका बना लेते हैं। उनके मन में चाचा-चाची, बुआ, ताऊ, फूफा और मामा-मामी की हम इतनी बुरी इमेज बना देते हैं कि बच्चे खुद भी किसी के घर जाना पसंद नहीं करते। जब हममें ही उनके साथ तालमेल बिठा पाने की योग्यता नहीं है तो हम यह कैसे कह सकते हैं कि बच्चे भी दूसरे घर में परिवार के दूसरे लोगों के साथ अडजेस्ट करेंगे। जबकि दूसरों के साथ रहने पर बच्चे जीवन जीने की कला सीखते हैं कि कैसे किसी के घर में रहकर विपरीत स्थितियों में भी उन्हें अडजेस्ट कैसे करना है।



## गीता सार

**इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्यः परं मनः ।**
**मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥ (४२)**

**भावार्थ :**

हे अर्जुन! इस जड़ पदार्थ शरीर की अपेक्षा इन्द्रियाँ श्रेष्ठ है, इन्द्रियों की अपेक्षा मन श्रेष्ठ है, मन की अपेक्षा बुद्धि श्रेष्ठ है और जो बुद्धि से भी श्रेष्ठ है तू वही सर्वश्रेष्ठ शुद्ध स्वरूप आत्मा है। (४२)

## पाठक पाती


### श्रेष्ठजन प्रामाणिक व्यवहार करें

'स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते' अर्थात श्रेष्ठ पुरुष जो-जो आचरण करते हैं दुसरे लोग भी उसी का अनुसरण करतें है मगर आज ठीक विपरीत नजर आता है। इन दिनों बड़े लोग ही राजनीतिक, सामाजिक क्षेत्रों में असहज टिप्पणियां करके वैचारिक विवाद उत्पन्न कर रहे हैं। मेटा के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग दुनिया के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं और करोड़ों लोग उनसे जुड़े हुए हैं। जिस तरह लोग उन्हें फॉलो करते हैं उनका दायित्व बनता है कि वे सत्य प्रिय और सदाचारी बने लेकिन इन दिनों मार्क लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की गई एक कथित टिप्पणी अव्यवहारिक है। 'द जो रोगन एक्सपीरियंस' पॉडकास्ट में दरअसल जुकरबर्ग ने दावा किया था कि कोविड-19 महामारी के बाद भारत समेत ज्यादातर देशों की मौजूदा सरकारों को 2024 में चुनावी हार का सामना करना पड़ा जो सच्चाई के एकदम विपरीत है। दुनियां जानती है कि भारत में एनडीए ने बहुमत के साथ दुसरी बार सरकार बनाई है। मार्क की टिप्पणी न केवल लोकतंत्रीय सच को नकारती है बल्कि सत्तारूढ़ दल को नीचा दिखाने का प्रयास भी है। दुनियां का एक प्रतिष्ठित व्यक्ति अगर जानबुझकर भी ऐसी ग़लती करे तो क्षम्य नहीं है। जाने अनजाने इस गलती से किसकी प्रतिष्ठा धूमिल हुई है बात मार्क को समझ आ गई होगी। माफी से गलतियों का प्रायश्चित संभव नहीं है। अच्छा यही हो कि मार्क भविष्य में कुछ बोलने से पहले सोचें।

-अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...




संविधान निर्माताओं ने संविधान में हमारे चुनाव आयोग को, लोकतंत्र में लोगों की भागीदारी को, बहुत बड़ा स्थान दिया है। बीते दशकों में भी देश का लोकतंत्र सशक्त हुआ है, समृद्ध हुआ है। मैं चुनाव आयोग का भी धन्यवाद दूंगा, जिसने समय-समय पर, हमारी मतदान प्रक्रिया को आधुनिक बनाया है।

**- नरेंद्र मोदी**



हम कामना करते हैं कि हमारा प्रदेश विकसित हो, हमारा भारत विकसित राष्ट्र बने। हमारे सामने आने वाली हर चुनौती को मां गंगा दूर करें। हमारे देश के प्रधानमंत्री का जो विजन है और जिस तरह से वह देश को आगे लेकर चल रहे हैं, हर देशवासी के मन में यह विश्वास है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा।

**- भजनलाल शर्मा**




अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा से चुनाव हारेगा 20 हजार वोट से। यह मैं पूरी दिल्ली की जनता से कह रहा हूं। भले ही आप पंजाब की सारी पुलिस से लाओ, पंजाब की अपनी पूरी पार्टी ले आओ। लेकिन नई दिल्ली विधानसभा के लोग आपकी हकीकत तो जानते हैं।

**- प्रवेश वर्मा**

## कुछ अलग | अजब गजब

### सुनसान रेलवे स्टेशन पर बना होटल! पटरियों से है चंद इंच दूर, अगल-बगल से धड़धड़ाते हुए निकलती हैं ट्रेन

लोग अक्सर जब दूसरे शहरों में घूमने जाते हैं तो इस फिराक में रहते हैं कि उनका होटल किसी ऐसी जगह पर हो जहां शांति हो, सुरक्षा हो और होटल से नजारा अच्छा हो। सोचिए अगर कोई होटल रेलवे स्टेशन के इतनी पास हो, कि ऐसा लगे कि वो रेलवे स्टेशन में ही बना है, तो क्या आप वहां रहना पसंद करेंगे? ब्रिटेन में एक होटल और रेस्टोरेंट की लोकेशन ऐसी ही है, जिसे देखने और यहां का अनुभव लेने लोग दूर-दूर से आते हैं. ये होटल एक सुनसान और छोटे से रेलवे स्टेशन से चिपका हुआ है, इतना पास है कि आपको लगेगा कि रेलवे स्टेशन पर ही बना है। इस स्टेशन से चंद इंच दूर ट्रेन की पटरियां हैं और इसके दोनों तरफ पटरियां बनी हैं, इस वजह से वो धड़धड़ाते हुए गुजरती हैं। इंस्टाग्राम यूजर फ्रांसिस (@francis_bourgeois43) रेलवे से जुड़े कंटेंट बनाते हैं। उन्हें 24 लाख लोग फॉलो करते हैं। हाल ही में उन्होंने ब्रिटेन के एक बेहद अकेले रेलवे स्टेशन और उसके पास बने एक होटल के बारे में बताया, जहां रुकना



अपने आप में ही एक अनोखा अनुभव है। वो इसलिए क्योंकि ये होटल एक पुराने सिग्नल बॉक्स के अंदर बना है। आपको बता दें कि सिग्नल बॉक्स वो कैबिन हुआ करते थे जो रेलवे स्टेशनों के बगल में आज भी कई जगहों पर होते हैं और उसके अंदर ट्रेन की पटरियां बदलने के लिए लिवर लगे होते हैं। उन्हें आगे-पीछे कर के ट्रैक बदला जाता है। वायरल वीडियो में फ्रांसिस भी कॉरर स्टेशन हाउस पहुंचते नजर आ रहे हैं। स्कॉटिश हाइलैंड पर ये होटल है जो कॉरर स्टेशन पर बना है। वो जब स्टेशन पर उतरते हैं तो सीधे सिग्नल बॉक्स की ओर जाते हैं। फिर वो अंदर जाते हैं तो उन्हें वहां से पटरी बिल्कुल नजदीक नजर आती है। जैसे ही पहली मंजिल पर चढ़ते हैं, उन्हें दोनों ओर से पटरियां दिखाई पड़ती हैं। रात के वक्त एक ट्रेन भी वहां से गुजरती है तो वो सिग्नल एडजस्ट करने की एक्टिंग करने लगते हैं। उसके बाद वो होटल के रेस्टोरेंट में खाना खाते हैं जो काफी अच्छा रहता है।

# भूपेंद्र यादव ने शौर्य चक्र सम्मानित शहीद सरदार सिंह राघव की 62वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव आज बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव खोहर पहुंचे और शौर्य चक्र से सम्मानित शहीद सरदार सिंह राघव की 62वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया। इस दौरान भूपेंद्र यादव ने गांव खोहर और शहीद के परिजनों को धन्य बताते हुए कहा कि शहीद सरदार सिंह ने देश के लिए ही नहीं बल्कि परमार्थ के लिए भी अपना जीवन न्यौछावर किया है। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसे दौर आये जब भारत की शांति सेना ने दुनिया के अनेक देशों में जाकर अपने शौर्य से इतिहास रचा है। अफ्रीका में 1960 में शिकागो देश बेल्जियम से आजाद हुआ था तब संयुक्त राष्ट्र संघ की जो शांति सेना भेजी गई उसमें भारत के जवानों को भी भेजा गया। दुनिया में मानवीय जीवन मूल्यों को स्थापित करने, मानव अधिकारों की रक्षा करने, लोकतांत्रिक जीवन मूल्य को स्थापित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ की सेना में जो भारतीय सेना की टुकड़ी भेजी गई उसमें स्वर्गीय शहीद सरदार सिंह जी भी गए थे। ऐसे में उन्होंने वहां जाकर जो शहादत दी, उसे हमेशा के लिए याद रखा जाएगा। इस शहादत के लिए उन्हें शौर्य चक्र से भी सम्मानित किया गया।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि इस संसार में सबसे बड़ा पुण्य दूसरों के ऊपर अपनी जान न्योछावर करना है। सभी लोग अपने स्वार्थ के लिए जीते हैं लेकिन जो अपनी जान को जोखिम में डालकर दूसरों के लिए अपना जीवन न्योछावर करते हैं, ऐसे वीर शहीद को नमन है।

भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं में खेल भावना बढ़ाने के लिए सभी सांसदों को सांसद खेल उत्सव का मंत्र दिया है, जिसके तहत अलवर में सांसद खेल उत्सव शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि इस बात से सबसे ज्यादा खुशी है कि आज के टीवी और सोशल मीडिया के युग में अलवर के 10 खेल मैदानों में 18,000 से अधिक बच्चों ने इस उत्सव में भाग लिया है। भूपेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन लखपति दीदी अभियान को लेकर जिले में महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम से कार्य किये जा रहे हैं। भूपेंद्र यादव ने कहा कि जिले के गांवों में बच्चों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के लिए ई-गुरुकुल युगानुकूल (ई-लाइब्रेरी) बनाने का भी कार्य किया जा रहा है, जिससे कि गांव के बच्चे अपनी पढ़ाई और परीक्षाओं के संबंध में ज्ञान प्राप्त कर सकें।

**ई-लाइब्रेरी भवन का भी उद्घाटन :** इससे पूर्व भूपेंद्र यादव ने खोहर गांव में ई-लाइब्रेरी भवन का भी उद्घाटन किया। इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, बहरोड़ प्रधान सरोज बस्तीराम यादव, अलवर जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष मोहित यादव, इंदर सिंह यादव, नीलम यादव, अंजली यादव सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

# दो दिवसीय रामायण पठक का समापन



**फुलेरा।** कस्बे के नरेना रोड स्थित उप कारागृह पर रविवार को विद्वान पंडितों के सानिध्य में चल रहे दो दिवसीय रामायण पठन का विधिवत पूजा अर्चना एवं मंत्रोच्चारण के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर उप कारागृह परिसर पर विशाल पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया जिसमें कारागृह के विचाराधीन बंदियों, रक्षा सुरक्षा स्टाफ तथा कस्बे के धर्म परायण लोग उपस्थित होकर 2 दिन से चल रहे रामायण पाठ का आनंद उठाया। उपकारागृह पर चल रहे धार्मिक अनुष्ठान में नरेना दादूसंप्रदाय विश्व पीठाधीश्वर ओम प्रकाश दास महाराज, एवं पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष डॉ पुखराज स्वामी सहित गणमान्य लोगों की उपस्थिति में उपकारागृह प्रभारी भारतलाल मीणा एवं स्टाफ के सहयोग से आचार्य पं.शिव नारायण शर्मा एवं पंडितों,श्रद्धालु भक्तों ने रामचरितमानस का पठन किया। रामायण पठान के पश्चात श्री राम दरबार के प्रसादी का भोग लगाकर पंगत प्रसादी का विशाल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. अविनाश दाधीच, समाज सेवी जगदीश ककरालिया, पू.कारागृह प्रभारी प्रहलाद गंगवाल, पार्षद सरदार सिंह चौधरी सहित सहयोगी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** नेता प्रतिपक्ष एवं अलवर ग्रामीण विधायक टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव केसरपुर और बल्लांना में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। जूली ने बताया कि ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में विधायक निधि कोष से निरंतर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के मालाखेड़ा और उमरैण ब्लॉक के प्रत्येक गांव को चारों तरफ हाईवे से जोड़ने का कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर जैसी मूलभूत सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में वृहद स्तर पर विधायक निधि कोष से सड़कों सहित विभिन्न विकास कार्यों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जूली ने शेर खान के घर से रमजान की दुकान की ओर तथा हंसमुख के घर से मजीद के घर की ओर ग्रेवल सडक निर्माण कार्य, कब्रिस्तान व शमशान घाट की चारदीवारी निर्माण कार्य का उद्घाटन कर ग्रामीणों को सौगात दी। इस अवसर पर उप प्रधान महेश सैनी,सरपंच नुसरत उमरद्दीन खान, संजीव बारेठ, अलाउद्दीन खान, राहुल पटेल, निहाल सिंह, नवाब खान, अयूब खान, रहमत खान, रामकुंवार, इलियास खान, बनवारी, नितिन धाकड़, नरेश फागना, सैकुल सिंहल, परमीत छिल्लर,सदाराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हवन यज्ञ के साथ चढ़ाई ध्वजा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जनावद ग्राम पंचायत में संत पीपाजी गौशाला स्थल पर बनाए गए भगवान कृष्ण मंदिर की वर्षगांठ पर हवन यज्ञ के साथ शुभ मुहूर्त में ध्वजा चढ़ाई गई। पीपाजी गौशाला समिति के रमेश भाटी एवं कैलाश जोशी ने बताया कि शनिवार को संतों एवं भक्तों के सानिध्य में ब्रह्माणों द्वारा हवन यज्ञ में यजमानों द्वारा जोड़े से आहुतियां दी। दोपहर को महाप्रसादी का आयोजन हुआ। उससे पूर्व रात्रि में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं रात्रि भजन संध्या का भी आयोजन हुआ। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों पर प्रस्तुतिया दी। डॉ नवरत्न राठौड, शिवलाल, केशुलाल पालीवाल, भीम शंकर, पीपा क्षत्रिय समाज चौखला अध्यक्ष प्रकाश टेलर, शांतिलाल टेलर, मोहनसिंह सोलंकी, कमलसिंह चौहान, जीवन टेलर, कमलेश टेलर, श्यामलाल टेलर, नाथूलाल टेलर,दिनेश टेलर सहित झीलवाड़ा गांव से एवं आसपास के गांवो से सैकड़ो की तादाद में गौ भक्त कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान नव पदस्थापित थानाधिकारी प्रीती रत्नू चारभुजा नाथ के दर्शन किए। शुभ मुहूर्त में चारभुजा नाथ पहुंचकर भगवान के चरणों में नतमस्तक होकर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। गोपाललाल, रमेशलाल पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद थानाधिकारी रत्नू ने कार्यभार ग्रहण किया।

### डॉ. आचार्य जिलाध्यक्ष नियुक्त

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** अखिल भारतीय महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार आसोपा के निर्देशानुसार तथा महर्षि दाधीच समाज के प्रति आपकी निरंतर सामाजिक गतिविधियो को ध्यान में रखते हुए पीपली आचार्यान निवासी डॉ. परमेश्वर आचार्य को महर्षि दधीचि जन कल्याण संस्थान के राजसमंद जिलाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया जाता है।

### सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों रुपए के गहने चोरी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**फुलेरा।** कस्बे की जगदम्बा कॉलोनी में सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। परिवादी अनीता पीटर्स ने बताया कि वह अपने इलाज के लिए गुरुवार 16 जनवरी को जयपुर गई हुई थी,उन्हें रविवार को सुबह किरायेदार ने घर के ताले टूटने की सूचना दी। इस पर वह तुरंत जयपुर से लौटकर देखा तो मकान के ताले टूटे हुए थे, और सामान बिखरा हुआ मिला तथा अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे जिसमें सोने, चांदी के जेवर गायब मिले। इस पर अनीता पीटर ने पुलिस को सूचना दी और सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व मोका मुआयना करते हुए आस पास के सीसीटीवी खंगाले। परिवादी ने यह भी बताया कि लाखों रुपए के जेवरात चोरी होना बताया तथा चोरों ने कमरे में बैठकर काजू बादाम भी खाए। इस प्रकार हुई चोरी को लेकर मोहल्ले वासियों में भय का माहौल बना हुआ है।

### उप मुख्यमंत्री बैरवा आज झुंझुनूं आएंगे

**झुंझुनूं।** भारतीय जनता पार्टी झुंझुनूं द्वारा संविधान गौरव अभियान में राजस्थान के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सोमवार को झुंझुनूं आएंगे। संविधान गौरव अभियान के जिला संयोजक एडवोकेट सरजीत चौधरी ने बताया कि दोपहर दो बजे अंबेडकर भवन में डॉ. बैरवा जिला गोष्ठी में भाग लेंगे। साथ ही झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, खेतड़ी विधायक इंजीनियर धर्मपाल गुर्जर, भाजपा की प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया सहित जिले के जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, संविधान गौरव अभियान के जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# दूकिया ने किया बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की विरासत का सम्मान



**झुंझुनूं।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव अभियान के तहत भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं गौरव अभियान के विधानसभा संयोजक प्यारेलाल ढूकिया के मुख्य आतिथ्य में ग्राम दुराना में संविधान गौरव अभियान का आयोजन किया गया। ढूकिया ने भारत रत्न बाबा साहेब की विरासत का सम्मान करते हुए बताया कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न्याय, समानता और सशक्तिकरण पर आधारित एक आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारों की दिशा में अनेक कदम उठाए है। भाजपा सरकार ने 2016 में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधन किया। जिससे अनुसूचित जाति और जनजाति के पीड़ितों के लिए आर्थिक मदद को बढाया गया। जबकि यह भी याद रखने योग्य है कि जिन्होंने स्वयं को भारत रत्न से सम्मानित किया। वे बाबा साहेब के साथ अन्याय करने से नहीं चूके। कांग्रेस, जिसने सत्ता के लिए बार-बार संविधान के मूल भाव को तोड़ा है। उसे बाबा साहेब अंबेडकर की विरासत पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। कांग्रेस सरकार ने हमेशा बाबा साहेब के आदर्शों का अपमान किया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष मान सिंह शेखावत, संत कुमार राठौड़, धर्मपाल सिंह मेघवाल, रहेंद्र सिंह राठौड़, मोहनलाल मेघवाल, रामूराम मेघवाल, विरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# मगरा क्षेत्र के युवाओं के शिक्षा स्तर को करेंगे सुदृढ़ : प्रवीण सिंह



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** देवगढ़ कॅरियर संस्थान राजसमन्द द्वारा बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों के लिए नि:शुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश लिए जा रहे हैं। संस्थान द्वारा भीम देवगढ़ और ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को परीक्षाओं में मदद करने के लिए पढ़ेगा मगरा तभी तो बढ़ेगा मगरा अभियान शुरू किया है। संस्थान के शिक्षा प्रकल्प के प्रभारी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण हर विद्यार्थी कोचिंग नहीं जा सकते है। इसलिए इस अभियान से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राओं को फायदा मिलेगा। 21 जनवरी से नियमित कक्षाएं शुरू होगी जो बोर्ड की परीक्षाओं तक चलेगी। इस अभियान के तहत आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को विषय गणित और विज्ञान सहित बोर्ड परीक्षा से सम्बंधित मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा । नि:शुल्क प्रशिक्षण के दोरान विद्यार्थियों को मॉडल टेस्ट पेपर और और मॉक टेस्ट भी करवाएंगे। यह मॉक टेस्ट बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए भी फायदेमंद होंगे। योजना के लिए विद्यार्थी ऑफलाइन आवेदन भीम में चौहान कोचिंग क्लासेज और देवगढ़ भवानी वाटिका के पास कॅरियर संस्थान पर आकर कर सकते है। चौहान द्वारा पिछले नो सालों से लगातार हजारों विद्यार्थियों को नि:शुल्क पढ़ाया गया और हर साल परीक्षा से दो महीने पहले विद्यार्थियों को नि:शुल्क पढ़ाया जाता हैं। ताकि हर विद्यार्थी उत्तीर्ण हो जाएं संस्थान की अध्यक्ष भावना पालीवाल ने कहा कि कक्षा दसवी में अगर उत्तीर्ण नहीं होते हैं तो कई लड़कियों की पढ़ाई छुड़वा दी जाती हैं। जो बाल विवाह और लड़के बाल श्रम जैसी कुरीतियों के शिकार हो जाते हैं।

# सर्व हिंदू समाज ने विधायक को दिया ज्ञापन



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** चारभुजा तहसील के सर्व हिंदू समाज के लोगों द्वारा रविवार को संतों के सानिध्य में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्रसिंह राठौड़ को ज्ञापन दिया। धर्मचंद गुर्जर ने बताया कि मानवतो का गुड़ा पंचायत क्षेत्र के रूप नगर जो की वन क्षेत्र में सामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर मजार का निर्माण कर दिया। जहां पर बाहर से विशेष समुदाय द्वारा आना-जाना देखकर पक्का निर्माण कर दिया है । जबकि वन क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध निर्माण सरकार की बिना अनुमति नहीं किया जा सकता है। जबकि अवैध रूप से मजार बनाने से वन्य जीव वन छोड़कर गांव में प्रवेश कर रहे हैं। यह मुख्य मार्ग से पांच किमी अंदर केवल विश्राम स्थल था जो कब्जा करने की नीयत से पत्थर व चबूतरा बनाकर पक्का निर्माण कर दिया। तथा चादर डाल दी। चारभुजा रेत वाले हनुमान मंदिर के संत माधवदास, बजरंग दल के धर्मचंद गुर्जर, बजरंग सेना तहसील प्रभारी राहुल टेलर मौजूद थे।

# सहकारिता आमजन के जीवन को नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण कड़ी : मंत्री शर्मा



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आज अशोक सर्किल स्थित विवेकानन्द स्मारक पर सहकार भारती अलवर की इकाई द्वारा सहकार भारती का 46वाँ स्थापना दिवस व जिला अधिवेशन आयोजित किया गया। मंत्री शर्मा ने उपस्थित लोगों को सहकार भारती की स्थापना के 46 वर्ष होने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सहकार ऐसा विषय है जो आमजन के जीवन को नई दिशा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि उन्नत तकनीक अपनाकर सहकारी संस्थाओं को आर्थिक सक्षम बनाना सहकारिता का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि देश के गरीब, किसान व वंचित वर्ग के उत्थान व उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने के उद्देश्य से ही सहकारिता की स्थापना की गई थी, आज सहकारिता का नेटवर्क बढा है तथा अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर इसको विस्तार देना वर्तमान समय की मांग है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के महत्व को समझकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहली बार सहकारिता मंत्रालय का गठन किया है जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानों को रियायती दरों पर ऋण व अन्य सहकारिता गतिविधियों से सुविधा प्रदान कर आर्थिक संबल प्रदान करने का काम कर रही है।

**उत्कृष्ट कार्य करने पर इन्हें किया गया सम्मानित :** मंत्री शर्मा ने सहकारिता के क्षेत्रा में उत्कृष्ट कार्य करने पर पंचायत समिति कोटकासिम की उजौली ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, पंचायत समिति किशनगढबास की खैरथल ग्राम सहकारी सेवा समिति लि. के अध्यक्ष सुमित रोधा, पंचायत समिति रामगढ की बहाला ग्राम सेवा सहकारी समिति लि., झालाटाला दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति के अध्यक्ष रामसिंह मीणा, बाम्बोली दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति के अध्यक्ष राजाराम चौधरी तथा फतेहपुर दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति के अध्यक्ष रामकृपाल को स्मृति चिन्ह व दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया गया।

# पॉश सोसाइटी में आग, चौथी मंजिल 2 घंटे तक जलती रही

## सरकारी एनओसी के बिना चल रही दर्जनों सोसायटी, हादसे के बाद पता चला नहीं ली फायर एनओसी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अलवर शहर और आस-पास अनगिनत ऐसी सोसायटी बन चुकी है कि जो सरकारी मापदंड के बिना है और उन सोसायटी में सैंकड़ों परिवार रह रहे है जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझ कर उन सोसायटी को परमिशन दे रहे है और जब हादसा घटित होता है तो पता चलता है कि उसने सरकार से एनओसी तक नही ले रखी है ऐसी ही घटना आज अलवर के अपना घर शालीमार में घटित हुई जब आग ने एक फ्लैट को पूरी तरह जला दिया तो नगर निगम की आंखे खुली तब अधिकारी ने स्वीकारा कि उस सोसायटी ने फायर एनओसी नही ली थी। अलवर शहर की सबसे पॉश सोसाइटी अपना घर शालीमार सोसायटी अंदर बने फ्लैट अमृत कलश में रविवार दोपहर करीब सवा 2 बजे के आसपास भीषण आग लग गई। आग से एडवोकेट आनंद गुप्ता के फ्लैट में लाखों का नुकसान हो गया। फ्लैट के अंदर पालतू डॉग की मौत हो गई। इसके अलावा आग के दौरान घर में कोई नहीं था। आनंद गुप्ता पत्नी के साथ शॉपिंग करने बाजार गए थे। वे 6 महीने पहले ही शांतिकुंज से यहां शिफ्ट हुए थे। करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया गया। इस नई सोसायटी में फायर एनओसी नहीं थी। अमृत कलश सोसाइटी अपना घर शालीमार के गेट नंबर तीन पर बनी हुई है। जो 9 मंजिला है। शहर में सबसे महंगे फ्लैट यहीं हैं। जिनकी कीमत करीब 60 लाख रुपए से 90 लाख रुपए तक है। चौथी मंजिल पर आनंद गुप्ता के फ्लैट में सवा दो बजे के आसपास शॉर्ट सर्किट से आग लगी। फ्लैट में लकड़ी का अधिक काम किया था। इस कारण आगे तेजी से लगी। आग की लपटें फ्लैट के बाहर तक आ रही थी और धुआं तो ऊपर की टॉप मंजिल तक जा रहा था। नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी अमित मीणा ने बताया कि इस भवन में फायर एनओसी नहीं थी। आग बुझाने के उपकरण जरूरत के अनुसार कमजोर थे। जिसके कारण उनसे आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आखिर में 6 दमकल मौके पर बुलाई। एक बड़ी मशीन से फ्लैट के अंदर लगी आग को बुझाया गया। वहीं त्रेहान ग्रुप के अलवर कोऑर्डिनेटर अशोक सैनी का दावा है कि आग बुझाने के पूरे उपकरण थे। उनके कार्यालय की टीम ने ही आग पर काबू पाया। निगम की टीम देरी से पहुंची थी। उससे पहले काफी हद तक आग को बुझाया जा चुका था। बिल्डिंग को लेकर कहा कि निर्माण पूरा हो चुका है। फ्लैट के मालिक आनंद के परिचित संजय जैन ने बताया कि आनंद व उसकी पत्नी बाजार चले गए थे। पीछे घर में पालतू डॉग था। जिसकी दम घुटने से मौत हो गई। इसके अलावा पूरा सामान जल गया। पूरा फ्लैट खत्म हो गया। कुछ नहीं बच पाया। वहीं आनंद की पत्नी रोते हुए फ्लैट में पहुंची। सबसे पहले उन्होंने ठाकुर जी की मूर्ति को उठाया। मूर्ति तक आग नहीं पहुंची थी।

## 150 जरूरतमंदों को कंबल बांटी

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**मंडावा।** कस्बे के वार्ड 17 स्थित बाल भारती विद्या निकेतन विद्यालय में ढंढों के बालाजी सोसायटी की ओर से पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व नगरपालिकाध्यक्ष सज्जनलाल मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में कंबल व स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शीतलहर से आमजन मानस को राहत पहुंचाने के लिए रविवार को धर्म और जाति बंधन से दूर हटकर ठंड के मौसम में व्यक्तियों को कंबल एवं शाला बच्चों को स्वेटर वितरित की गई। इस मौके पर मिश्रा ने कहा कि दान करना बहुत ही पुण्य का काम है। सनातन धर्म में सदियों से ही दान की परंपरा रही है। आज भी लोग मन की शांति, मनोकामना पूर्ति, पुण्य की प्राप्ति के लिए दान करते हैं। इसी कड़ी में ढंढों के बालाजी सोसायटी के प्रमुख भास्कर शर्मा एवं डॉ. साधना शर्मा इस प्रकार का कार्यक्रम पिछले 6-7 वर्ष से हर वर्ष करते आ रहे हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष नगरपालिका चेयरमैन नरेश सोनी ने कहा कि पुण्य के कार्य करने से त्याग की भावना बनी रहती है और समाज में समानता आती है एवं जरूरतमंद लोगों को मदद मिलती है।

# जोधपुर : राव चंद्रसेन सहित 25 जगहों पर बनेंगे स्मारक

- आसोप से होगी शुरुआत
- महापुरुषों के पैनोरमा बनाए जाएंगे

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत जोधपुर में थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में इस साल 25 से अधिक जगहों पर देश की आजादी में योगदान देने वाले योद्धाओं, महापुरुषों के बारे में जन-जन जाने इसके लिए उनके स्मारक बनाए जाएंगे। इसके अलावा वह सभी गांव जो स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन से जुड़े हुए हैं । वहां पर प्रत्येक गांव में एक करोड़ की लागत से उसे गांव के योद्धा का स्मारक भी बनाया जाएगा। इसके अलावा जोधपुर में चंद्रसेन का स्मारक भी चार करोड़ की लागत से बनाया जाएगा।

### आक्रांता अकबर से बीस साल संघर्ष



जोधपुर को लेकर बात करते हुए कहा कि जोधपुर में राव चंद्रसेन का स्मारक बनाया जाएगा जिन्होंने आक्रांता अकबर से बीस साल सतत संघर्ष किया। चंद्रसेन ने पहाड़ियों में ही जीवन बिताया और उनका अंतिम दिन भी सरना की पहाड़ियों में बीता। उन्होंने लगातार 20 सालों तक मुगल आक्रांता अकबर से संघर्ष किया। उनको हम भूल नहीं सकते। इसलिए हमने निर्णय लिया है कि जोधपुर शहर में उनका एक भव्य पैनोरमा बनाया जाएगा। इसको लेकर चार करोड़ रुपए की आर्थिक स्वीकृति भी मिल चुकी है।

### चार करोड़ की लागत से बनेगा चंद्रसेन स्मारक

ओंकार सिंह लखावत ने बताया कि हमारा काम है कि हम हमारी जड़े जो हमारे महापुरुष हैं जिनसे हम सीख सकते हैं। जिनमें नैतिकता, इतिहास और राजस्थान बसता रचता है। जिससे हमारी पीढ़ी को देश के निर्माण के लिए और संस्कार के निर्माण के लिए एक प्रेरणा मिल सकती है। उनके पैनोरमा का निर्माण किया गया है। जोधपुर संभाग की बात की जाए तो हमने नागौर में मीराबाई, तेजा जी महाराज, अमर सिंह राठौड़, जांभोजी पर काम किया है। इन सभी के इतिहास और इनको इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल दृष्टि से जोड़ने के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। 1857 की क्रांति पर हिंदुस्तान का सबसे विशाल पैनोरमा हमने आऊआ में बनाया। इस बार हमारी सरकार में मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी। जिसमें 1857 में जिन-जिन क्रांतिकारी ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी उन गांव के नाम हम स्वतंत्र गांव के नाम से करेंगे। प्रत्येक गांव में एक करोड़ की लागत से स्मारक बनाएंगे जिसमें उस योद्धा के इतिहास और उसकी वीरता के बारे में बताया जाएगा।



### आसोप से होगी शुरुआत

इसकी शुरुआत के पहले चरण में हम जोधपुर जिले के आसोप में शिवनाथ सिंह का पैनोरमा बनाने जा रहे हैं। अजीत सिंह आलनियावास, ज्योत सिंह कोठारिया सहित चार गांवों में प्रथम चरण में उनके स्मारक बनाए जाएंगे। जिनमें इन सभी की वीरता और उनके देश की आजादी और अंग्रेजों की लड़ाई को लेकर दिए गए योगदान के बारे में बताया जाएगा।

उन्होंने बताया कि महाराणा प्रताप सर्किट पर काम किया जा रहा है, इसके तहत वह सभी स्थान जो महाराणा प्रताप से जुड़े हुए हैं उनको विकसित किया जाएगा। ये हिंदुस्तान का पहला ऐसा सर्किट होगा जो महाराणा प्रताप के ऊपर होने वाला है।

## जोधपुर में टेस्ट ड्राइव के बहाने ले भागा कार

- फुटेज के आधार पर पुलिस कर रही तलाश

**जोधपुर।** बासनी थाना पुलिस मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

जोधपुर के बासनी थाना क्षेत्र में कार कंपनी की कार को टेस्ट ड्राइव के नाम पर एक आरोपी भगाकर ले गया। घटना शनिवार शाम की है इसको लेकर कंपनी के प्रतिनिधि की ओर से थाने में रिपोर्ट दी गई है। थाने में श्रवण वैष्णव पुत्र भगवान दास वैष्णव निवासी माता का कुंड चांदपोल रिपोर्ट दर्ज करवाई। बताया कि शनिवार शाम को कि ऋषभ कार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सरस डेयरी के पास बासनी में आरोपी महिपाल आया। उसने कंपनी की क्विड कार को टेस्ट ड्राइव के लिए मांगा। टेस्ट ड्राइव करने के दौरान आरोपी कंपनी की कार को भगाकर ले गया। इधर घटना के बाद कंपनी के प्रतिनिधि बासनी थाने पहुंचे और रिपोर्ट दी। वहीं रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने कार शोरूम से लेकर पाल रोड क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले।

# एसएचओ पर मारपीट का आरोप

- वीडियो बनाकर सुसाइड की धमकी दी
- पुलिस पांच घंटे से कर रही तलाश
- बजरी ले जाते पुलिस ने टोका

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**उदयपुर।** एसएचओ पर मारपीट का आरोप लगाते हुए एक युवक ने सुसाइड की धमकी देने का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है। युवक इस वीडियो के बाद से गायब है, पुलिस पांच घंटे से उसकी तलाश में जुटी है। मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि युवक के साथ कोई मारपीट नहीं की गई। अवैध बजरी परिवहन को लेकर उसे धमकाया था, अब वह दबाव बनाने के लिए ऐसे वीडियो बना रहा है। मामला सलूंबर जिले में झल्लारा थाने इलाके का देर रात 12 बजे का है। पीयूष कलाल (33) नाम के युवक ने झल्लारा थाना एसएचओ धर्मेंद्र सिंह बाघेला पर आरोप लगाएं हैं। युवक डंपर चलाता है।

### पुलिस तलाश में जुटी

बाघेला ने बताया- इस पर उन्होंने पीयूष को आइंदा बजरी परिवहन नहीं करने को लेकर धमकाया था। पांच मिनट के बाद वे वहां से रवाना हो गए। उन्होंने कहा कि मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। सुबह उनके पास पीयूष का सुसाइड करने लेने की बात कहने वाला वीडियो सामने आया।

### अवैध बजरी को लेकर टोका था

■ मामले को लेकर थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह बाघेला ने बताया- वे शनिवार रात को गश्त कर रहे थे। तभी रात करीब 11 बजे उन्होंने पीयूष कलाल को ट्रॉली में अवैध बजरी परिवहन करते देखा। पीछा कर रोकने का प्रयास किया। लेकिन, तब तक पीयूष ने बामनिया स्थित रोड पर एक निर्माणाधीन बाउंड्री के पास ट्राली खाली कर दी।

### एसएचओ-डीएसटी अफसर पर लगाए आरोप

■ सोशल मीडिया पर आए वीडियो में युवक कहता नजर आ रहा है कि मैं पीयूष कलाल। झल्लारा थानाधिकारी धर्मेंद्र सिंह बाघेला और सलूंबर डीएसटी में राकेश के कारण उन्होंने मेरे साथ मारपीट की। इसलिए मैं आत्महत्या कर रहा हूं। इसके जिम्मेदार धर्मेंद्र सिंह बाघेला और राकेश जी रहेंगे। यह वीडियो 22 सेकेंड का है और इसे वॉट्सऐप ग्रुप पर डाला गया। इसके बाद यह सोशल मीडिया पर आया।

## छात्रों ने वाहन चालकों को किया जागरूक



**बाड़मेर।** बाड़मेर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह चल रहा है। दुपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए कॉलेज स्टूडेंट भी सड़कों पर समझाइश कर रहे हैं। 15 लड़के-लड़कियों की टीम तीन पॉइंट पर खड़ी है। आने जाने वालों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और सावधानी से वाहन चलाने की रिक्वेस्ट कर रहे है। स्टूडेंट का कहना है कि 25 प्रतिशत लोग हमारी बात को मान रहे है। अन्य बोलते है कि हमें नियम का पता है। दरअसल, सरकार ने एक जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत की थी। यह जागरूकता अभियान 31 जनवरी तक चलाया जाएगा। इसी कड़ी में नेहरू युवा केंद्र बाड़मेर और एनएसएस के वालंटियरों की टीम बाड़मेर के मुख्य सर्किलों पर आने-जाने वाले वाहनों चालकों को रुकवाकर ट्रैफिक नियमों के साथ-साथ सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहन ने को लेकर जागरूक रहे है। बाड़मेर शहर में अहिंसा सर्किल, किसान बोर्डिंग, सिणधरी सर्किल पर पांच-पांच लड़कों-लड़कियों की टीम लगी हुई है। स्टूडेंट प्रियंका का कहना है कि एनएसएस के वॉलंटियर है। नेहरू युवा केंद्र के माध्यम से आए है। हेलमेट पहना, सीट बेल्ट लगाना चाहिए। इससे लोगों की जान बच सकती है। दुपहिया वाहन पर दो से ज्यादा नहीं हो। 100 में से 25 प्रतिशत लोग मानते है। कुछ लोग बोलते है कि हेलमेट लाकर दे दो, तो हम पहन लेंगे। बॉयज स्टूडेंट का कहना है कि कुछ लोगों को हम समझाते है तो फॉलो कर रहे है और कुछ लोग फॉलो नहीं कर रहे है। लेकिन कई प्रशासनिक कर्मचारी और अधिकारी वो भी यातायात नियमों का पालन नहीं करते है।

## जोधपुर में गहने-कैश उठा ले गए चोर

▶▶ शादी में गया था परिवार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जोधपुर।** जोधपुर शहर में मकान में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। पुलिस कमिश्नरेट के विभिन्न थाना क्षेत्र में रविवार को भी मकान में चोरी के तीन मामले सामने आए। चोर सुने मकानों को निशाना बना रहे हैं।

पहला मामला भगत की कोठी थाने में पूजा भाटी निवासी अफसर मेस के सामने शेर विलास कॉलोनी ने दर्ज कराया। बताया कि उनका संगम नगर बासनी प्रथम फेज में मकान है। यहां पर 18 जनवरी की रात अज्ञात चोर सोने की दो चैन, कान के चार आभूषण, चार सोने की अंगूठियां, चांदी के बर्तन सहित घरेलू सामान और 53 हजार रुपए नगद चुरा कर ले गए। घटना के समय परिवार में रहने वाले लोग शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए गए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने मकान में वारदात को अंजाम दिया।

### दो अन्य मामलों में ज्वेलरी-कैश चुराए

दूसरा मामला देवनगर थाने में तरुण सोनी पुत्र अनिल सोनी ने दर्ज करवाया। बताया कि वह सीए है और नाइयों की बगीची के सामने विनोद टावर के पास उनका मकान है। यहां पर 16 जनवरी की दोपहर दो बजे से 17 जनवरी के बीच अज्ञात चोर उनके मकान के ताले तोड़कर घर में घुसे और घर में रखे नगद रुपए और सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। तीसरा मामला प्रताप नगर थाने में कानाराम पुत्र जयरूप राम जाट निवासी गुरुओं का तालाब प्रताप नगर ने दर्ज करवाया। बताया कि हुडको क्वार्टर प्रताप नगर से आठ जनवरी को अज्ञात चोर स्कूल का गेट तोड़कर अंदर घुसे और कमरे में अलमारी से नगद रुपए और सोने के आभूषण भी चुरा कर ले गए।

जोधपुर विद्युत वितरण निगम की नई पहल

## बिजली कर्मी घर-घर जाकर करेंगे बिलिंग

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** जोधपुर विद्युत वितरण निगम ने बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक नई पहल की शुरुआत की है। बालोतरा में अब डिस्कॉम कर्मचारी घर-घर जाकर ऑन-द-स्पॉट बिलिंग कर रहे हैं। इस नई व्यवस्था में कर्मचारी मौके पर ही मीटर रीडिंग लेकर मात्र दो मिनट में बिल तैयार कर उपभोक्ता को सौंप रहे हैं। बीसीआईटीएस कंपनी के सहयोग से चलाई जा रही इस सेवा में बिजली मित्र एप का इस्तेमाल किया जा रहा है। डिस्कॉम के कर्मचारी प्रतिदिन 10,000 से अधिक घरों में जाकर यह सेवा दे रहे हैं। हर बिल में क्यूआर कोड की सुविधा दी गई है, जिससे उपभोक्ता यूपीआई के माध्यम से तुरंत भुगतान कर सकते हैं। यूपीआई भुगतान का विकल्प चुनने वाले उपभोक्ताओं को 24 घंटे के भीतर बिल का नोटिफिकेशन मिल जाता है। मंथली बिलिंग सिस्टम की इस नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को रीडिंग संबंधित समस्याओं से मुक्ति मिली है। नियमित बिल मिलने से वे अपने खर्चों की बेहतर योजना बना पा रहे हैं। इस पहल से न केवल बिजली बिल भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी और सरल हुई है, बल्कि डिस्कॉम की कार्यक्षमता में भी सुधार आया है। उपभोक्ताओं को अब बिल के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है और वे घर बैठे ही बिल प्राप्त कर सकते हैं।



## उदयपुर में गैंग के सात बदमाश गिरफ्तार



- मंदिरों में करता था चोरी, 17 वारदात कबूली

**उदयपुर।** उदयपुर की सलूंबर और झल्लारा थाना पुलिस ने नकबजनी और मंदिरों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने सात बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने 14 से अधिक वारदातें करना कबूल किया। एसपी राजेश कुमार यादव ने बताया सलूंबर मुख्यालय पर स्थित सोनार माता मंदिर में कुछ दिन पहले रात में ताले तोड़कर दान पेटी से नकदी चुराने की घटना सामने आई थी। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए संयुक्त टीम गठित की। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए संदिग्धों पर नजर रखी। फिर पुलिस ने आरोपी चंदू पिता गंगाराम कीर, किशन पिता मोहन कीर, भेरूलाल पिता गोतम और अशोक पिता चमना कीर को गिरफ्तार किया।

### चौकीदार के हाथ तोड़े, फिर मंदिर में की चोरी

जेताना बाबा रामदेव मंदिर में चौकीदार के दोनों हाथ सरिए से तोड़कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि सेवादास पिता अमरदास वैष्णव ने तीन जनवरी को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि वह मंदिर का पुजारी है और मंदिर में ही रहता है। मंदिर में मोगजी पिता पदमा नाम का एक चौकीदार भी रहता है। दो जनवरी की रात 11 बजे तीन अज्ञात चोर आए और चौकीदार का मुंह बांधकर उसके साथ मारपीट की। उसके हाथ पर सरिए मारे। फिर मंदिर की चाबी लेकर ताला तोड़ा और अंदर रखे दान पात्र से रुपए चोरी कर ले गए।

## बेकाबू ट्रोला दुकान में जा घुसा



**उदयपुर।** उदयपुर से बांसवाड़ा की तरफ जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रोला बीती रात जयसमंद कस्बे में बेकाबू होकर एक दुकान में जा घुसा। ट्रोला दुकानदार लक्ष्मण भारती की दुकान में चार फीट ऊपर घुस गया। जिससे दुकान पर लगा टीनशेड, इलेक्ट्रिक पोल, केबल और नल की पाइपलाइन सहित दुकान का फर्नीचर टूट गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रोल चालक की पिटाई कर दी। इधर, सूचना पर जयसमंद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों ने ट्रोल चालक को पुलिस के हवाले किया। साथ ही मौका मुआयना करते हुए उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। हादसे को लेकर व्यापार मंडल एसोसिएशन अध्यक्ष मांगीलाल जैन, पूर्व भाजपा देहात जिला उपाध्यक्ष शांतिलाल मीणा और बजरंग नवयुवक मंडल ने आक्रोश जताया। साथ ही कस्बे के दोनों छोर पर बैरियर लगाने की मांग की। बता दें, जयसमंद झील को देखने के लिए इस कस्बे में बड़ी संख्या में टूरिस्ट का आना-जाना रहता है।

# व्यापार जगत

# न्यूयॉर्क से लंदन तक बनेगी सुरंग

▶▶ एलन मस्क ने दिया बनाने का ऑफर

▶▶ एक घंटे में तय होगी 5000 कि.मी. की दूरी



**नई दिल्ली।** जो काम असंभव सा लगता है, टेस्ला के सीईओ एलन मस्क उसे पूरा करने की जिम्मेदारी लेते हैं। फिर चाहे ड्राइवरलेस कार की बात हो या फिर लॉन्चिंग के बाद रॉकेट को वापस लॉन्च पैड पर लाना हो। इसमें वह सफल भी हुए हैं। मस्क ने एक ऐसे ही लगभग असंभव से लगने वाले काम को पूरा करने का ऑफर दिया है। यह ऑफर है ट्रांस अटलांटिक सुरंग बनाने का। करीब 5000 कि.मी. लंबी यह सुरंग न्यूयॉर्क से लंदन के बीच समुद्र के नीचे बनाई जानी प्रस्तावित है। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क ने कहा है कि उनकी बोरिंग कंपनी इस सुरंग को बनाने का काम पूरा कर सकती है। बेन्जिंगा की एक रिपोर्ट के मुताबिक मस्क ने कहा है कि वह इस काम को अनुमानित खर्च (20 लाख करोड़ डॉलर) के मुकाबले 1000 गुना कम कीमत में कर सकते हैं। इस हिसाब से एलन मस्क इस सुरंग का निर्माण मात्र 20 अरब डॉलर में कर सकते हैं।

### क्या है ट्रांस अटलांटिक सुरंग?

इस सुरंग को अटलांटिक महासागर के नीचे बनाने की चर्चा पिछले कई वर्षों से चल रही है। इस सुरंग को बनाने का उद्देश्यों दो देशों के बीच हवाई जहाज से भी कम समय में पहुंचना है। दरअसल, इस सुरंग का निर्माण हाइपरलूप ट्रेन शुरू करने के लिए बनाए जाने की बात चल रही है। हाइपरलूप एक हाई-स्पीड ट्रेन है जो ट्यूब में वैक्यूम में चलती है। इसका प्रस्ताव भी एलन मस्क की ओर से लाया गया था। हाइपरलूप ट्रेन के कई मॉडल आ चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई भी हाइपरलूप हाई-स्पीड ट्रेन शुरू नहीं हुई है। माना जा रहा है कि इस सुरंग के बनने और यहां हाइपरलूप ट्रेन के शुरू होने के बाद न्यूयॉर्क से लंदन तक की करीब 5000 कि.मी. की दूरी मात्र एक घंटे में पूरी हो जाएगी।

### कई चुनौतियां सामने

ट्रांस अटलांटिक सुरंग बनाने को लेकर कई चुनौतियां सामने आ रही हैं। पहले भी लागत और दूसरे कारणों के चलते इस सुरंग को बनाने का काम धरातल पर नहीं उतर सका है। बेन्जिंगा के अनुसार, इस सुरंग को बनाने के लिए हाई टेक्नॉलजी की चीजों की जरूरत होगी। मस्क की ओर से सुरंग बनाने की जिम्मेदारी लेने के बावजूद अभी इस सुरंग के लिए कोई ठोस योजना, सरकारी अनुमोदन या धन आवंटित नहीं किया गया है। मस्क ने कई साल पहले हाइपरलूप ट्रेनों के बारे में अवधारणा पेश की थी। उन्होंने कहा था कि इन ट्रेनों के जरिए लंबी से लंबी दूरी बेहद कम समय में पूरी की जा सकेगी। मस्क की हाइपरलूप अवधारणा को दस साल से अधिक समय हो चुका है और कोई भी ट्रेन शुरू नहीं हुई है।

# एक फरवरी से महंगा हो जाएगा सोना !

### सरकार बजट में कर सकती खास ऐलान

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में पिछले दो हफ्ते से लगातार तेजी बनी हुई है। शुक्रवार को दिल्ली में सोने का भाव 700 रुपए बढ़कर 82 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया था। जानकारों के मुताबिक सोने की कीमत में अभी तेज बनी रह सकती है। वहीं एक फरवरी को केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। माना जा रहा है कि इसके बाद सोने की कीमत में और तेजी आ सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक अटकलें लगाई जा रही हैं कि सरकार एक फरवरी को पेश होने वाले बजट में सोने पर कस्टम ड्यूटी बढ़ा सकती है। अगर ऐसा होता है तो सोने का आयात महंगा हो जाएगा। इससे सोने की कीमत और बढ़ जाएगी। बता दें कि पिछले साले कस्टम ड्यूटी को 15 फीसदी से घटाकर छह फीसदी कर दिया गया था। इसके बाद सोने की कीमत में काफी गिरावट आ गई थी।



### खपत बढ़ने की बढ़ी चिंता

पिछले बजट में सरकार ने लगातार मुद्रास्फीति के बीच कीमतों को स्थिर करने और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सोने पर कस्टम ड्यूटी कम की दी थी। हालांकि इससे खपत बढ़ने की चिंता बढ़ गई है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है। ऐसे में जानकार मान रहे हैं कि सरकार इस घाटे को रोकने के लिए बजट में सोने पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाने का ऐलान कर सकती है। अगर सरकार सोने पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाती है तो सोना और महंगा हो जाएगा। ऐसे में जानकारों का मानना है कि एक फरवरी से पहले सोने की खरीदारी करना सही समय है। हालांकि कस्टम ड्यूटी नहीं बढ़ाई जाती है तो सोने की कीमतों में बहुत ज्यादा तेजी शायद ही देखने को मिले।

## आपका राशिफल 20 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7

**मिथुन** (क की कु घ ङ छ के को ह) — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरुपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-5-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य क...

## 48 पर जा सकता पावर शेयर

- पूरी तरह कर्ज फ्री कंपनी,
- 1400% चढ़ा चुका भाव

अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस पावर के शेयरों में पिछले एक महीने में काफी गिरावट आई है। स्टॉक का वैल्यू 2024 के 54.25 रुपए के शिखर (चार अक्टूबर, 2024 को छुआ) से लगभग 30 प्रतिशत कम हो गया है। रिलायंस पावर के शेयर 4.1% चढ़कर 42.94 रुपए के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। बता दें कि बैलेंस शीट में सुधार के कारण पिछले कुछ सालों से रिलायंस पावर के शेयर फोकस में हैं। रिलायंस पावर के कर्ज में भारी कमी से भी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। रिलायंस पावर ने हाल के सालों में रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में भी कई ऑर्डर हासिल किए हैं, जिससे खरीदारी में दिलचस्पी पैदा हुई है, जिससे शेयरों की कीमत ऊंची हो गई है। बाजार एनालिस्ट और फिनवर्सिफाइ के संस्थापक धवानी पटेल के अनुसार, रिलायंस पावर के शेयर 2023 से एक मजबूत अपवर्ड चैनल के भीतर कारोबार कर रहे हैं, जो तेजी की गति को दर्शाता है।" धवानी ने कहा कि रिलायंस पावर के शेयरों में नए सिरे से खरीदारी का रुझान देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि रिलायंस पावर के शेयर फिर से ऊपर की ओर बढ़ सकते हैं और टारगेट 48 रुपए है। रिलायंस पावर के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, एफआईआई ने सितंबर 2024 तिमाही में अनिल अंबानी की कंपनी में अपनी हिस्सेदारी जून 2024 तिमाही में 12.71 प्रतिशत से बढ़ाकर 13.13 प्रतिशत कर दी है। बिजली उत्पादन कंपनी में प्रमोटरों की 23.26 प्रतिशत हिस्सेदारी है जबकि बीमा कंपनियों और म्यूचुअल फंडों की लगभग तीन प्रतिशत हिस्सेदारी है।

# पेनी स्टॉक में लग रहा अपर सर्किट

**नई दिल्ली।** साल 2025 के पहले महीने का आधे से ज्यादा समय गुजर चुका है। शेयर मार्केट इस साल भी उतार-चढ़ाव के दौर से गुजर रही है। लेकिन कुल मिलाकर इस साल अभी नुकसान में ही है। वहीं कई ऐसे शेयर हैं जो निवेशकों को धड़ाधड़ अमीर बना रहे हैं। इन्हीं में एक पेनी स्टॉक शेयर मार्केट में धूम मचा रहा है। इसकी कीमत 15 रुपए से कम है। इस शेयर का नाम वनसोर्स इंडस्ट्रीज एंड वेंचर्स लिमिटेड है। यह शेयर निवेशकों को जबरदस्त मुनाफा दे रहा है। इसमें कई बार पांच फीसदी का अपर सर्किट लग चुका है। शुक्रवार को भी इसमें अपर सर्किट लगा था। शुक्रवार को पांच फीसदी के अपर सर्किट के साथ यह शेयर 14.29 रुपए पर बंद हुआ।



**एक महीने में 20 फीसदी से ज्यादा रिटर्न**

पिछले कारोबारी हफ्ते में इस शेयर ने निवेशकों की अच्छी कमाई कराई है। पांच कारोबारी दिनों में इसमें करीब 10 फीसदी की तेजी आई। वहीं एक महीने में इसने निवेशकों को 20 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। एक महीने पहले इसकी कीमत 11.73 रुपए थी। अब 21.82 फीसदी की तेजी के साथ 14.29 रुपए है।

**6 महीने में 70% का फायदा**

बात अगर छह महीने की करें तो इतने समय में यह शेयर 70 फीसदी उछला है। अगर आपने छह महीने पहले इसमें एक लाख रुपए निवेश किए होते तो वह रकम आज 1.70 लाख रुपए में बदल चुकी होती। यानी आपको 70 हजार रुपए का फायदा हो चुका होता।

**एक लाख के बना दिए 7.65 लाख रुपए**

इस शेयर ने लॉन्ग टर्म में निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है। पांच साल पहले इस शेयर की कीमत मात्र 1.87 रुपए थी। ऐसे में इसने इतने समय में करीब 665 फीसदी रिटर्न दिया है। अगर आपने पांच साल पहले इसमें एक लाख रुपए निवेश किए होते तो वह एक लाख रुपए 7.65 लाख रुपए में बदल चुके होते। यानी आपको एक लाख के निवेश पर 6.65 लाख रुपए का फायदा हो चुका होता।





## ढाढण शक्ति प्रचार मंडल जयपुर का...

# विशाल शोभायात्रा एवं भजन संध्या धूमधाम से संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** टीडा गेला दादीजी के दिव्य रथ का स्वागत जयपुर के दादी भक्तों के द्वारा किया गया श्री दुर्गा मंदिर अंबाबाड़ी में विशाल शोभा यात्रा की शुरुआत दादी जी की विशेष आरती के साथ की गई। शोभायात्रा दोपहर 2.00 बजे उत्सव स्थल 2 सेक्टर विद्याधर नगर पहुंची भक्तों द्वारा दादी जी की प्रसादी लेने के बाद शाम 4.00 बजे से दादी जी का भव्य कीर्तन का शुभारंभ हुआ। इस कीर्तन में सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ भजनों का शुरुआत की गई। मूलचंद बजाज, नेतन शर्मा, प्रदीप बजाज, प्रमोद पोद्दार, राजकुमार बजाज, श्रीराम बजाज, मुरारी बजाज, ईशान बजाज के अलावा अन्य भक्तों ने दादी के दरबार में भावभीनी भजनों की प्रस्तुति दी।

संजय बजाज एवं ललित बजाज ने कार्यक्रम का संचालन किया। दादीजी का विशेष आकर्षक श्रृंगार छप्पन भोग के साथ किया गया। दादी जी के दरबार में भक्तों द्वारा दादी जी को गजरा और मेहंदी लगाई गई। भक्तों ने दादी जी को जयपुर की विशेष चुनडी उढ़ाई। विशेष अतिथियों का स्वागत माला दुपट्टा और स्मृति चिन्ह देकर किया गया।





# सीएम भजनलाल शर्मा ने किया राजस्थान मण्डप का अवलोकन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**प्रयागराज/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयागराज महाकुम्भ के अवसर पर शनिवार की देर रात्रि राजस्थान मण्डप का अवलोकन किया। उन्होंने यहां यात्रियों के लिये बनाए पंडाल व प्रचार-प्रसार से सम्बंधित आकर्षक फोटोज, रोचक दृश्य श्रव्य सामग्री आदि के साथ ही यात्रियों के ठहराव की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं पर खुशी जताई।

मुख्यमंत्री शर्मा ने राजस्थान के श्रद्धालुओं को राज्य सरकार द्वारा अल्पकालिक प्रवास हेतु सुविधाएं प्रदत्त करने के उद्देश्य से निर्मित किये गए राजस्थान मंडप में ही रात्रि विश्राम किया। गौरतलब है कि 144 वर्षों के लिये स्मरणीय आस्था के इस महापर्व प्रयागराज महाकुम्भ में राजस्थान के साथ ही साथ पूरे देश से श्रद्धालुओं की भीड़ पूर्ण उत्साह से उमड़ रही है जो निश्चित रूप से सनातन संस्कृति को और समृद्ध बना रही है।






### राज्यपाल बागडे ने विप्र फाउंडेशन विभागीय अधिवेशन का उद्घाटन किया

## जरुरत पड़ने पर ब्राह्मण समाज ने दिखाया है आलोक पथः बागड़े

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छत्रपति संभाजी नगर में विप्र फाउंडेशन, विभागीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि जो समाज महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और सामाजिक समरसता के लिए कार्य करता है, वही निरंतर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विप्र समाज नहीं भारत की संस्कृति है। जो ब्रह्म यानी अंतिम सत्य को जानता है, वही विप्र है। बागडे ने वैदिक काल से ब्राह्मणों के रहे गौरवमई अतीत को स्मरण करते हुए कहा कि जब-जब समाज में अंधकार छाया है, धरती पर विधर्मियों के कारण संकट आए हैं तब ब्राह्मणों ने आगे आकर समाज को आलोक पथ दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने विप्र समाज द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली और कहा कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए समाज निरंतर कार्य करे। उन्होंने भगवान परशुराम और उनके तेज को स्मरण करते हुए महाराष्ट्र, बंगाल, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक आदि में विप्र समाज संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यो को महत्वपूर्ण बताया। आरंभ में विप्र फाउंडेशन के राजेश बुटोते, सुरेश पारीक, सी.एम. शर्मा आदि ने राज्यपाल बागडे का अभिनंदन करते हुए आभार जताया।

## जयपुर के युवा कलाकार अजय जैन ने 'पाताल लोक सीजन 2' में छोड़ी अपने अभिनय की छाप

**जयपुर।** जयपुर रंगमंच से जुड़े युवा अभिनेता अजय जैन ने वेब सीरीज 'पाताल लोक सीजन 2' में अपने अभिनय से अनूठी छाप छोड़ते हुए दर्शकों के दिल में जगह बनाने में कामयाब रहे। इस मूवी में अजय ने बाजोरिया की भूमिका में बेहतरीन अभिनय किया है। मूवी के बारे में अजय जैन ने बताया कि 'पाताल लोक सीजन 2' का निर्देशन अविनाश अरुण धावरे ने किया है। यह सीरीज क्लीन स्लेट फिल्म्स प्रोडक्शन और यूनोइया फिल्म्स एलएलपी के बैनर तले बनी है। 'पाताल लोक सीजन 2' हाल ही में 17 जनवरी को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई है। इस सीरीज में जयदीप अहलावत, इश्वाक सिंह, गुल पनाग, तिलोत्तमा शोम, नागेश कुकुनूर और जाह्नु बरुआ जैसे बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। अजय ने यह भी बताया कि उन्होंने 24 वर्षों से जयपुर थियेटर में सक्रिय है उन्होंने अब तक इनक्रेडिबल इण्डिया, अफवाह, सास बहू ओर फ्लेमिंगो, पाताल लोक सीजन 2,थ्री देव,बाबा ब्लैकशिप,क्रश कोर्स, भोभर,भवानी, क्राइम पेट्रोल,घूँघट, ऐसी दीवानगी, घर एक मंदिर,प्यार तूने क्या किया,सावधान इंडिया जैसे प्रोजेक्ट्स में अभिनय किया है। जैन की मार्च में राजस्थानी वेब सीरीज हुंकार एवं शॉर्ट फिल्म चप्पल आने वाली है।

## शिविर में 283 मरीजों की नेत्र जांच

**जयपुर।** शेखावाटी अग्रवाल समाज संस्था के बैनर तले व संजय एंड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के सौजन्य से 144वां निशुल्क लैंस प्रत्यारोपणन शिविर रविवार को विद्याधर नगर सेक्टर-7 स्थित महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल में आयोजित किया गया। इस मौके पर 283 मरीजों ने आंखों की जांच व 113 व्यक्तियों को चश्में वितरित किए गए ,साथ ही 14 व्यक्तियों को ऑपरेशन के लिए चयन किया गया। इस मौके पर शिविर में संजय एण्ड ज्योति अग्रवाल फाउंडेशन के प्रतिनिधि कमलनयन बागला, संस्था के सदस्य नथमल बंसल,विनोद गुप्ता, सुरेश सिंगडोदिया, सुधीर गाड़ियां, रामसुंदर जयपुरिया राजकुमार लोहिया, नाथूराम बिजाका, दिलीप अग्रवाल, शिव कुमार जालान, अनिल शर्मा व मुकेश मीणा उपस्थित हुए।



# किराए पर ली कार को 7.40 लाख में बेचा

## शातिर ठग ने खुद को एटीएस में अधिकारी बताया था

**जयपुर।** जयपुर पुलिस ने एक शातिर ठग को गुड़गांव से पकड़ा है। जो खुद को एटीएस में अधिकारी बताता था। फिर लोगों को अपने जाल में फांसता था। सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन बुक की रेंटल कार को खुद का बताकर बेच देता था। रामगंज थाना पुलिस की टीम गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि ठगी के मामले में आरोपी रिषभ अजमेरा (40) निवासी गुप्टूर आंधप्रदेश हाल सिरसी रोड बिंदायका को अरेस्ट किया है। फेक डॉक्यूमेंट से रेंटल कार को बेचने की शिकायत रामगंज थाने में दर्ज हुई थी। थानाधिकारी (रामगंज) देवेन्द्र प्रताप के नेतृत्व में टीम ने मोबाइल लोकेश के आधार पर गुड़गांव में दबिश दी। काफी मशक्कत के बाद गुड़गांव के इफ्को चौक से आरोपी रिषभ अजमेरा को पकड़ा गया। आरोपी ने खुद को एटीएस अधिकारी बताकर लोगों से मिलकर अपने जाल में फांसना बताया। सेल्फ ड्राइविंग के लिए ऑनलाइन ली रेंटल कार को ऑनर बनाकर बेचकर ठगी करना स्वीकार किया।




### किराए की कार का 7.40 लाख रुपए में सौदा

घाटगेट बाजार रामगंज निवासी जावेद जोया (25) ने 5 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज करवाई। करीब 4-5 महीने पहले साथ क्रिकेट खेलने पर रिषभ अजमेरा से मुलाकात हुई थी। जान-पहचान के दौरान उसने खुद को एटीएस में अधिकारी होना बताया। उसके साथ ही गाड़ियों की खरीद-फरोख्त व कमीशन का भी काम करना बताया। रिषभ अजमेरा ने वॉट्सऐप कॉल कर उसकी पोस्टिंग गुड़गांव में होना बताया। इसके कारण उसकी कार को बेचने के बारे में बताया। कार की फोटो व डॉक्यूमेंट वॉट्सऐप पर भेजकर सौदा 7.40 लाख रुपए में तय किया।

### पैसे लेकर बुलाया गुड़गांव

कार लेकर जयपुर आने की कहने पर रिषभ अजमेरा ने सरकारी काम में व्यस्त होना बताया। उसे पैसे लेकर गुड़गांव आने के लिए बुलाया। दोस्त के साथ वह कार लेने गुड़गांव पहुंचा। कीया कार पसंद आने पर डॉक्यूमेंट लेकर 7.40 लाख रुपए दे दिए। कार लेकर जयपुर आकर आरटीओ ऑफिस में नाम ट्रांसफर करवाने गए। कार के डॉक्यूमेंट फर्जी होने का पता चलने पर रिषभ अजमेरा से कॉन्टैक्ट किया। हर बार कॉन्टैक्ट करने पर नया बहाना बनाकर टालमटोल करता।

### पहले भी कर चुका वारदात

*पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मेल आईडी के जरिए दो दिन के लिए सेल्फ ड्राइविंग के लिए कार बुक करवाई थी। कार लेने नहीं जाने पर कंपनी का वर्कर उसके पास आकर कार और डॉक्यूमेंट दे गया। कार को जावेद जोया को बेच कर रुपए ले लिए। उसके बाद ऑनलाइन दूसरी कंपनी से ब्रिजा कार लेकर बेचना चाहता था। जिसकी फोटो जावेद जोया को भी भेजी थी। इससे पहले क्रेटा कार को सांभर लेक जयपुर में एक व्यक्ति को बेचना तय हुआ। उस व्यक्ति से 70 हजार रुपए लेकर कार नहीं दी।*

## जयपुर में चोरों ने किया युवती का किडनैप!

### अलमारी में रखे गहने-कैश चुराए, बोलेरो में उठा ले गए बदमाश

**जयपुर।** जयपुर में चोरों के एक युवती को किडनैप कर ले जाने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बेटी को बोलेरो में उठाकर ले जाते बदमाशों को देखा। अलमारी चैक करने पर उसमें रखे 2.50 लाख रुपए और हार गायब मिला। बस्सी थाने में युवती के पिता ने गुमशुदगी दर्ज करवाई है।

पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ युवती की तलाश में दबिश दे रही है। मामले की जांच एएसआई तोताराम कर रहे हैं।

पुलिस ने बताया कि बस्सी इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई है। वह पत्नी व दो बेटियों के साथ रहते हैं। बुधवार रात को परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर अपने-अपने कमरे में सो गए। रात करीब 1 बजे छोटी बेटी को आवाज सुनाई दी। उठकर देखने पर 18 साल की बेटी कमरे में नहीं थी। मकान का गेट खुला देखकर छोटी बेटी ने माता-पिता को जगाया।

# जयपुर में घुमंतू समाज ने शुरू किया महापड़ाव

## मांगे नहीं मानने पर विधानसभा घेराव की चेतावनी, पिछले 15 दिनों से जारी है धरना

**जयपुर।** जयपुर के जगतपुरा स्थित सपेरों की ढाणी में स्थाई आवास की मांग को लेकर घुमंतू, अर्ध घुमंतू और विमुक्त समाज के नागरिक रविवार से महापड़ाव शुरू कर चुके हैं। प्रदेशभर के पंच, पटेल और नागरिक इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के नेतृत्व में आयोजित इस महापड़ाव के जरिए समाज के लोग सरकारी आदेशों के बावजूद पट्टे नहीं मिलने पर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने कहा- यदि सरकार समय रहते घुमंतू समाज की मांगों को पूरा नहीं करती है तो प्रदेशभर से समाज की 55 विभिन्न जातियां लाखों की संख्या में विधानसभा की ओर कूच करेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगला महापड़ाव विधानसभा के सामने सड़क पर होगा और सरकार को इन मांगों पर ठोस निर्णय लेना ही पड़ेगा। नाडार ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री और पंचायत राज मंत्री के निर्देशों के बावजूद स्थानीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते घुमंतू समाज के नागरिकों को पट्टे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि महापड़ाव में उठी समस्याओं की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और अन्य संबंधित अधिकारियों को दी जाएगी और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।



## पंचायत शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पंचायत शिक्षक, विद्यालय सहायकों ने अनुभव शिथिलन व स्थायीकरण की मांग को लेर ब्लॉक अध्यक्ष प्रतापसिंह देवल के सान्निध्य में विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर दिनेश दहिया, वनाराम रमैया, अशोक गर्ग, नेमाराम राठौड़ जगदीश मीणा, मानवेन्द्रसिंह मेपावत, जनार्दनसिंह, सोहनलाल लोंगेशा, अमजदखान, सुरेशसिंह राव, प्रभूलाल गहलोत, महेन्द्रकुमार, गणपतलाल कुमावत आदि मौजूद थे।

## कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** प्रकटेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में रविवार को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रवीण एम दवे के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 118वां एपिसोड कार्यक्रम लाइव प्रसारण सुना गया। इस दौरान पीएम मोदी से अमूल्य प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्राप्त किया। पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष भरतसिंह भोजानी, महेंद्र सोलंकी, नरपतसिंह राव, संतोष सोनी, किशोर सांखला, कुलदीप याज्ञी व भरत महेश्वरी आदि मौजूद थे।

# नीमकाथाना जिला खत्म करने का मामला हाईकोर्ट पहुंचा

## कांग्रेस के पूर्व विधायक ने याचिका में कहा- राजनीतिक कारणों से हमसे जिले का दर्जा छीना

**जयपुर।** भजनलाल सरकार के राजस्थान में 9 जिले और 3 संभागों को खत्म करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती मिलने लगी है। गंगापुरसिटी के बाद अब नीमकाथाना से जिले का दर्जा वापस लेने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। नीमकाथाना से पूर्व विधायक (कांग्रेस) रमेश चंद्र खंडेलवाल ने हाईकोर्ट में याचिका दायर करके कहा- 29 दिसंबर 2024 को अधिसूचना जारी कर नीमकाथाना से जिले का दर्जा छीन लिया गया। कुछ अन्य जिलों को राजनीतिक कारणों से बरकरार रखा है। करीब तीन दशक से नीमकाथाना को जिला बनाने की मांग की जा रही थी। ऐसे में जिला रद्द करने की अधिसूचना को निरस्त किया जाए।




### जिला बनने से आई अपराध में कमी

*याचिकाकर्ता के वकील निखिल सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने रामलुभाया कमेटी की सिफारिशों और तय मापदंडों के आधार पर नीमकाथाना सहित अन्य जिले बनाए थे। उसके बाद यहां सरकारी कार्यालय और बस स्टैंड आदि के लिए जमीन आवंटित हो चुकी है। इसके साथ ही जिला कलेक्टर सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिले में नियुक्त किया गया। कानून व्यवस्था पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया और इससे क्षेत्र में अपराध दर में भी कमी आई।*

### गंगापुर सिटी के केस में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा था जवाब

*गंगापुर सिटी से जिले का दर्जा खत्म करने पर 13 जनवरी को हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया था कि सरकार का यह फैसला पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। गंगापुर सिटी को जिला बने डेढ़ साल हो गया है। यहां जिला कलेक्टर और एसपी ऑफिस खुल गए हैं। सभी तरह का इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप हो गया है। अब सरकार बदलने के साथ ही राजनीति से प्रेरित होकर जिले को खत्म करने का फैसला लिया गया है, जो जनहित में नहीं है।*

### 28 दिसंबर को हुआ था फैसला

*28 दिसंबर 2024 को कैबिनेट की बैठक में भजनलाल सरकार ने पिछली कांग्रेस सरकार में बने नए जिलों में से 9 जिलों और 3 संभागों को कैंसिल करने का फैसला लिया था।*

### कानून मंत्री ने बताया था- इनकी उपयोगिता नहीं

कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा था कि चुनाव से पहले नए जिले और संभाग बनाए गए थे। इनकी उपयोगिता नहीं थी। वित्तीय संसाधन और जनसंख्या के पहलुओं को अनदेखा किया गया था। अनेक जिले ऐसे थे, जिनमें 6-7 तहसीलें नहीं थीं।

### बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बोले- निर्दलीयों को खुश करने के लिए गहलोत ने बनाए थे जिले

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा- पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने अपने चहेतों को खुश करने और सरकार बचाने के लिए आनन-फानन जिले घोषित किए थे। गहलोत और पायलट के बीच ठनी थी। दोनों एक-दूसरे को नीचा दिखाने में लगे थे। सचिन अपने समर्थक विधायकों को लेकर सरकार गिराना चाहते थे और गहलोत होटल में विधायकों की बाड़ेबंदी कर सरकार बचा रहे थे। ऐसे में गहलोत ने चहेते निर्दलीय विधायकों को खुश करने के लिए जिले घोषित किए।

### 17 नए जिले और 3 नए संभाग बनाए थे

गहलोत सरकार ने 17 नए जिले और 3 संभाग बनाए थे। इनमें जयपुर और जोधपुर के 2-2 टुकड़े किए गए थे। नए जिलों में अनूपगढ़, गंगापुर सिटी, कोटपूतली, बालोतरा, जयपुर ग्रामीण, खैरथल, ब्यावर, नीमकाथाना, डीग, जोधपुर ग्रामीण, फलोदी, डीडवाना, सलूंबर, दूदू, केकड़ी, सांचौर और शाहपुरा शामिल थे। बांसवाड़ा, पाली और सीकर को संभाग बनाया था। जिलों को रिव्यू करने के लिए मंत्रियों की कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने भी ललित पंवार कमेटी की सिफारिश को आधार बनाकर मापदंडों पर खरा नहीं उतरने पर जिले कैंसिल करने की सिफारिश की थी। इसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी थी।

# सत्संग में दी दहेज, रिश्वत, नशे से दूर रहने की नसीहत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** समीपवर्ती ढोला गांव में एक दिवसीय सत्संग व निशुल्क नामदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व कल्याण की कामना व सभी प्राणियों की सुख-शांति के लिए तत्वदर्शी संत रामपाल घर बैठे ही सभी को संचार माध्यम से आध्यात्मिक सत्संग से लाभान्वित कर रहे है। आयोजित सत्संग में वुर्चअली प्रवचन करते हुए संत रामपाल ने पूर्ण गुरु की पहचान, तीर्थ स्थलों यथा अमरनाथ धाम, वैष्णोदेवी धाम, नैनादेवी धाम, केदारनाथ धाम की स्थापना, तत्वदर्शी संत कौन व कैसे होते है के बारे में जानकारी दी।





उन्होंने कहा कि गरीबदास महाराज ने कहा है कि जो संत सभी शास्त्रों से प्रमाणित ज्ञान बताएगा वह तत्वदर्शी संत होगा और उसी के द्वारा बताई गई भक्ति विधि से ही मोक्ष प्राप्त होगा। प्रवचन में समाज में फैली कुप्रथाओं यथा दहेज व रिश्वत के लेन-देन, भ्रूण हत्या, नशा खोरी आदि से दूर रहने तथा ऐसे कार्यो में सहयोग नहीं करने की प्रेरणा दी। स्थानीय तहसील सेवादार रतनलाल रमीना के अनुसार संत रामपाल की ओर से नाम दीक्षा निशुल्क दी जाती है। सत्संग के दौरा दो श्रोताओं ने संत रामपाल से नाम दीक्षा ग्रहण की एवं अंतिम सांस तक नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा की। कार्य' म में कमलेशदास, सोहन पंवार, शांतिलाल, रमेशदास, छगनलाल, धनदास, भीमादास, लक्ष्मणदास, तारादास, देवादास, महावीरदास, ढोला सरपंच मेघाराम परमार, देवदास, पप्पूदास, मंजूदास लुणावा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सेलीनाल बांध के ओटे से सटी सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त

**दो वर्ष पहले टेंडर होने के बावजूद ठेकेदार ने शुरु नहीं किया कार्य**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में स्थित सेलीनाल बांध की मुख्य सुरक्षा दीवार और अन्य संरचनाएं लंबे समय से क्षतिग्रस्त है। जिससे किसानों को सिंचाई के लिए काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इन समस्याओं के समाधान के लिए विभाग ने दो वर्ष पूर्व बिपरजोय तूफान और बारिश के बाद टेंडर जारी कर ठेका भी दिया था। लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के चलते कार्य शुरू ही नहीं हो पाया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि पूर्व में भी ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था, जिसके कारण दीवार और कुंडियां जल्द ही क्षतिग्रस्त हो गई। किसानों ने विभागीय अधिकारियों को इस बारे में बार-बार अवगत कराया, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। सेलीनाल बांध अध्यक्ष बाबूलाल माली ने भी स्वीकार किया है कि बांध की दीवार और अन्य संरचनाएं क्षतिग्रस्त है। उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को सूचना दी थी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि कार्य जल्द शुरू किया जाएगा, लेकिन ठेकेदार द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। किसानों ने मांग की कि आगामी बारिश से पहले बांध के क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत का कार्य पूरा किया जाए, ताकि उन्हें सिंचाई और पानी की सुविधा मिल सके। यह समस्या केवल किसानों की नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र की है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर हल करने की आवश्यकता है।



# गायत्री परिवार के ज्योति कलश रथयात्रा का किया स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से शांति कुंज हरिद्वार में स्थापित अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूरे होने पर ज्योति कलश रथ यात्रा निकाली गई। साथ ही भगवतीदेवी शर्मा व गुरुदेव श्रीराम शर्मा की जन्मशताब्दी मनाई गई। ज्योति कलश रथ यात्रा के रविवार को सांडेराव आगमन पर मैन बस स्टैंड से बाबा रामदेव मंदिर तक भव्य स्वागत किया गया। दिव्य कलश की आरती उतारी गई। इसके बाद गायत्री शक्ति पीठ सांडेराव में मुख्यमार्गो से होते हुए रथ यात्रा हनुमान चौक पहुंची। गायत्री परिवार के प्रेमाराम कुमावत ने कहा कि कलश भारतीय संस्कृति का केंद्र बिंदु है। कलश का स्वस्ति वाचन के साथ सभी शुभ कार्यों में पूजन किया जाता है। ये कलश दिव्य और अलौकिक है। इस ज्योति कलश की महिमा अनूठी है। यह ज्योति कलश रथयात्रा धर्म, संस्कृति, जागरण के उत्थान और दर्शन के लिए आयोजित की जा रही है। वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की शिक्षाओं से सर्व समाज को अवगत करवाया जा रहा है। आचार्य ने लगभग 32 सौ पुस्तकें लिखीं, इनमें मानवता के कल्याण का संदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा आगे सुमेरपुर, शिवगंज, पालड़ी, सिरोही होते हुए आबूरोड पहुंचेगी। इस अवसर पर पर्वतसिंह राणावत, इन्द्रसिंह राजपुरोहित, महावीर मेवाड़ा, कपुराराम, मगराज सोनी, शोभाराम, राकेश प्रजापति, इन्द्रराज पुजारी सहित ग्रामीण मौजूद थे।



# कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ का शनिवार रात निजी कार्य' म में भाग लेने सुमेरपुर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। समारोह में भाग लेने के बाद प्रदेशाध्यक्ष आर्थिक प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष मनोहर देवड़ा व पूर्व पार्षद वीणा देवड़ा के निवास पर पहुंचे। जहां देवड़ा परिवार ने साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया। राठौड़ ने स्थानीय स्तर पर भाजपा संगठन को लेकर चर्चा की। पूर्व पार्षद ने नगर की समस्याओं के बारे में बताया। साथ ही आगामी चुनावों को लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात बताई। प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपाइयों से आगामी चुनावों में भाजपा संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करते हुए जीत का परचम लहराने का आह्वान किया। इस मौके पर शांतिलाल देवड़ा, दिनेश देवड़ा, मदन देवड़ा, संजय ओझा, वेदांत देवड़ा, महेश देवड़ा सहित देवड़ा परिवार व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## निशुल्क साइकिल वितरण समारोह आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** ब्लॉक स्तरीय निशुल्क साइकिल वितरण समारोह सोमवार को जोराराम कुमावत कैबिनेट मंत्री के आतिथ्य में आयोजित किया जाएगा। राउमावि के प्रधानाचार्य गजेंद्रसिंह राणावत ने बताया कि साइकिल वितरण समारोह सवेरे साढ़े 10 बजे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित किया जाएगा। जिसमें सत्र 2024-25 में कक्षा 9 में नव प्रवेशी समस्त छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की जाएगी। इस मौके पर उपखंड अधिकारी कालूराम और सीबीइओ धन्नाराम सोलंकी सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहेंगे।

## युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे में एक युवती ने अपने ही घर पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। थानाधिकारी मनमंथ आढ़ा के अनुसार खिंवाड़ा निवासी शेषाराम चौधरी ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी पुत्री पुष्पा (18) मानसिक रूप से कमजोर है एवं उसने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मृतका का रविवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, वीरता को किया नमन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर क्रांति मंच और विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों सहित आमजन की ओर से उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। विहिप बाली अध्यक्ष सुरेश कंसारा, ' ांति मंच के संयोजक प्रवीण प्रजापति, मानस सुंदर कांड मंडल के विनोद शर्मा, मदनपुरी, कमलेश मारू, विनोद मारू, पार्षद जगदीश वर्मा, सनी बिरावत, लक्ष्मणसिंह श्रीसेला, जिला समरसता प्रमुख थानसिंह राव, मदन प्रजापत, भास्कर सेन, कीकाराम मौजूद रहे। ' ांति मंच के संयोजक ने सभी से महाराणा प्रताप की भांति अपनी मातृ भूमि की रक्षा के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया। देश के हर बालक को महाराणा प्रताप और वीर महापुरुषों की तरह बनने की आवश्यकता पर बल दिया।



## पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**घाणेराव।** कस्बे में रविवार को महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों की ओर से महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। ग्रामीण डुंगरिया दरवाजे के पास स्थित महाराणा प्रताप मूर्ति स्थल पर एकित्र हुए एवं महाराणा प्रताप की वीरता का स्मरण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान गुलाब खत्री पूर्व सरपंच, गजेन्द्रसिंह भाटी, सामलसिंह राठौड़, मूलसिंह भाटी, नरपतसिंह भाटी, पर्वतसिंह देवल, मांगीलाल सुथार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## विधायक राणावत ने की जनसुनवाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** विधायक व पूर्व मंत्री पुष्पेंद्रसिंह राणावत ने विधायक कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का हाथों हाथ निस्तारण कर राहत पहुंचाई। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री प्रतापसिंह भाटी ने विधायक को ज्ञापन सौंप नाणा को पंचायत समिति का दर्जा दिलवाने की मांग की। क्षेत्र से पहुंचे सरपंचों, समिति सदस्यों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने पर सीएम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राणावत का स्वागत किया। विधायक ने इस दौरान क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत, नवीन सड़कों के निर्माण सहित समग्र विकास की बात दोहराई। उन्होंने बताया कि इसके लिए विभिन्न सड़कों के प्रस्ताव भेजे हुए है जिन्हें जल्द ही स्वीकृत करवाया जाएगा। राणावत ने जनप्रतिनिधियों से पानी, बिजली, चिकित्सा व शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित चर्चा की।

## वंचित विद्यार्थी मित्र संघ की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** वंचित विद्यार्थी मित्र शिक्षक संघ पाली की बैठक रविवार को निम्बेश्वर महादेव मंदिर में जिलाध्यक्ष पेमाराम मीना के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में बीकानेर निदेशालय कार्यालय के बाहर चल रहे प्रदेशस्तरीय धरना प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया गया। जिला कोषाध्यक्ष कालूराम देवासी ने सिरोही विधायक एवं राज्यमंत्री ओटाराम देवासी से दूरभाष पर बात करते हुए संगठन की समस्याओं से अवगत करवाते हुए सहयोग की मांग की। जिस पर देवासी ने समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान जिला संयोजक पतराम, प्रकाश गर्ग, भैरूसिंह, खेमाराम परमार, दिनेशकुमार, प्रवीणकुमार, विकासकुमार सहित कई विद्यार्थी मित्र मौजूद थे।

# वयोवृद्ध शिक्षाविद मिश्रीमल सोनी ने दी आकाश वाणी पर वार्ता

**संजय व्यास के साथ वार्ता में हुए रूबरू**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** वयोवृद्ध शिक्षाविद एवं लेखक मिश्रीमल सोनी को आकाश वाणी (आल इंडिया रेडियो) जोधपुर ने फिल्म और अन्यत्र लेखन एवं अन्य जानकारी पर वार्ता के लिए आमंत्रित किया। इसका प्रसारण 11 जनवरी की सुबह 9.30 बजे नमस्कार चैनल पर प्रसारित किया गया। प्रश्न उत्तर में सोनी ने अपने फिल्म लेखन, अपनी रुचि, शिक्षा एवं सरकारी सेवा के सफर की जानकारी दी। विश्व को संदेश में उन्होंने कहा कि दुनिया बारूद के ढेर पर आसीन है और चिंता है कि कोई सिरफिरा चिंगारी न फेंक दें। उन्होंने कामना की कि विश्व में शांति एवं भाईचारे का वातावरण हो। तृतीय विश्व युद्ध की आशंका को समूल नष्ट करने की आज के समय की परम आवश्यकता है। साथ ही सोनी ने वसुदेव कुटुम्बकम और भाईचारे की भावना के विकास की महती आवश्यकता का भी जि' किया।




## घांची समाज सताविया पारा की बैठक 9 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** राजस्थान सताविया पारा क्षत्रिय घांची समाज सेवा संस्थान की बैठक 9 फरवरी को अध्यक्ष भंवर परमार की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। सचिव ने बताया कि रविवार सवेरे साढ़े 9 बजे घांची समाज न्याति नोहरा खिवांदी में पारा की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने व समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए समाज के प्रबुद्धजनों की मौजूदगी में विचार विमर्श कर निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में चौवटिया, सताविया पारा के अधीन गांवो के प्रबुद्धजन मौजूद रहेंगे।

## महाकुंभ में भाग लेने जाने वाले संतों को दी विदाई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के नीलकंठ पहाड़ी स्थित क्षत्रिय वाल्मिक ऋषि पांच परगना सरगरा समाज मंदिर पर रविवार को प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जाने वाले संत महात्माओं का स्वागत किया गया। संत नारायणनाथ, शीतलनाथ महाराज व निर्भयनाथ महाराज का समाज के भूराराम, कांतिलाल बड़गांव, विष्णुप्रसाद मारू, जवानाराम मारू, मुकेशकुमार, राजूराम गाडल, सांकलाराम परमार फतापुरा, मोहनलाल मारू, एससी मोर्चा नगर महामंत्री कालूराम मारू, ओम तखतगढ़, पप्पूभाई, मिकु मारू ने माला पहनाकर व दक्षिणा देकर शुभ यात्रा की कामना के साथ विदाई दी।

## टीवी सीरियल के अभिनेता पहुंचे नाडोल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** टीवी सीरियल के अभिनेता मनोजकुमार भाटिया, अमर शर्मा, प्रीति शर्मा, सुरेंद्र पाल, भुवन चौपड़ा के साथ कई अदाकारों का नाडोल पहुंचने पर स्वागत किया गया। सभी ने नाडोल के विभिन्न ऐतिहासिक मंदिर पहुंच देव दर्शन किए। आशापुरा माता मंदिर, गुमानींग पीर, अणसीबाई के जीवित समाधी स्थल आदि के प्रति आस्था व्यक्त की। शाम को मनीष सोलंकी के विवाह समारोह में शरीक हुए। टीवी अभिनेताओं को देखने लोग उमड़ पड़े एवं उनके साथ फोटो भी खींचवाए। इस दौरान विंटेज कार भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस दौरान समाजसेवी रमेशकुमार, गणेशबा सुथार, पूर्व सरपंच यशौदा वैष्णव, पुलिसकर्मी, राजेशकुमार, उम्मेद जोया, किस्तुरचंद, व्यापर मंडल के सदस्य एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।



# फूड फेस्टिवल में विद्यार्थियों ने बनाए कई व्यंजन

**ग्लोबल पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल का आयोजन**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** शहर के ग्लोबल पब्लिक सीनियर सैकंडरी स्कूल में शनिवार को फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्य' म का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खाद्य प्रसंस्करण और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रति रुचि बढ़ाना था। कार्य' म के दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल के परिसर में विभिन्न प्रकार के खाने के स्टॉल लगाए। जिनमें कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन पेश किए गए। विद्यार्थियों ने स्वच्छता का पूरा ध्यान रखते हुए इन व्यंजनों को तैयार किया और परोसा। फूड फेस्टिवल में शामिल प्रमुख व्यंजनों में चाट, सैंडविच, भेल, पकौड़ी, फ्रूट सलाद और फ्रूट क्रीम जैसी विभिन्न स्वादिष्ट डिशेज शामिल थीं।



विद्यार्थियों ने अपनी कला और हुनर को प्रदर्शित करने के लिए इन व्यंजनों को न केवल तैयार किया, बल्कि इन्हें आकर्षक तरीके से सजा भी दिया था। कार्य' म में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया और छात्रों को इसके महत्व के बारे में जागरूक भी किया गया। कार्य' म में समाज के गणमान्य लोग और अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अभिभावकों ने बच्चों द्वारा तैयार किए गए व्यंजनों का स्वाद लिया और उनकी सराहना की। इस दौरान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास में वृद्धि हुई और उन्होंने एक टीम के रूप में काम करने का अनुभव प्राप्त किया। संस्था प्रधान बालकिशन गहलोत ने इस फूड फेस्टिवल की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्य' म ने विद्यार्थियों में सामाजिक कौशल, टीमवर्क और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का विकास किया है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के कार्य' म विद्यार्थियों के समग्र विकास में योगदान करते हैं।

भारतीय महिला अंडर 19 टीम

# टीम इंडिया का शानदार आगाज, 26 गेंदों में वेस्टइंडीज को दी मात




मलेशिया। मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर में खेले जा रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय महिला टीम का आगाज काफी धमाकेदार तरीके से देखने को मिला है। ग्रुप-ए का हिस्सा भारतीय महिला अंडर 19 टीम ने अपना पहला मुकाबला 19 जनवरी को वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला और इसे उन्होंने नौ विकेट से एकतरफा अपने नाम किया। भारतीय महिला टीम के गेंदबाजों ने पहले ही मैच में अपने दबदबे का एहसास कराया जिसमें उन्होंने वेस्टइंडीज की पारी को सिर्फ 44 के स्कोर पर ही समेट दिया जिसके बाद टीम इंडिया ने ये टारगेट काफी आसानी से हासिल करने के साथ प्वाइंट्स टेबल में अपना खाता भी खोल लिया।

## आयुषी, परुणिका और जोशिता ने दिखाया कमाल

भारतीय महिला अंडर 19 टीम की कप्तान निकी प्रसाद ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसे गेंदबाजों ने पूरी तरह से सही साबित करते हुए चौथे ही ओवर में वेस्टइंडीज की टीम को 10 के स्कोर पर पहला झटका दे दिया। यहां से विकेट गिरने का सिलसिला लगातार जारी देखने को मिला जिसमें 26 के स्कोर तक विंडीज महिला अंडर 19 टीम ने अपने पांच विकेट गंवा दिए। टीम इंडिया के गेंदबाजों ने 13.2 ओवर्स में ही वेस्टइंडीज की पारी को 44 के स्कोर पर समेट दिया। भारतीय महिला अंडर 19 टीम की तरफ से गेंदबाजी में परुणिका सिसोदिया ने जहां तीन विकेट हासिल किए तो वहीं आयुषी शुक्ला और जोशिता वी जे ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

## कमालिनी और सानिका ने दिलाई आसान जीत

45 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी भारतीय महिला अंडर 19 टीम को चार रन के स्कोर पर पहला झटका त्रिशा के रूप में लगा लेकिन इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सानिका चालके ने जी कमालिनी का साथ देते हुए विंडीज टीम के गेंदबाजों को कोई और सफलता हासिल नहीं होने दी, जिसमें दोनों मिलकर सिर्फ 4.2 ओवर्स में इस टारगेट को हासिल कर लिया। सानिका के बल्ले से 11 गेंदों में 18 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं कमालिनी भी 16 रन बनाने में कामयाब रही। अब भारतीय महिला अंडर 19 टीम ग्रुप-ए में अपना दूसरा मुकाबला 21 जनवरी को मेजबान मलेशिया की टीम के खिलाफ खेलेगी।

# लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी संभाल सकते ऋषभ पंत

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 संस्करण से पहले संजिका गोयनका के स्वामित्व वाली लखनऊ सुपर जायंट्स का कप्तान बनाया जा सकता है। दाएं हाथ के बल्लेबाज केएल राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले लखनऊ फ्रैंचाइजी ने रिटेन नहीं किया जबकि उन्होंने कैश-रिच लीग के अपने पहले दो संस्करणों में टीम को प्लेऑफ में पहुंचाया था। राहुल को रिटेन न करने के बाद एलएसजी टीम के पास पंत और श्रेयस अय्यर के बीच भूमिका के लिए चयन करने के लिए दो विकल्प थे इसलिए फ्रैंचाइजी और प्रबंधन ने पूर्व के साथ जाने का विकल्प चुना।

## पंत सबसे मंहगे खिलाड़ी बने




▪ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जिन्हें जेद्दा में आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के दौरान लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ रुपए में खरीदा। एलएसजी फ्रैंचाइजी इस टूर्नामेंट में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बाद दूसरी टीम होगी। उन्होंने हमवतन श्रेयस अय्यर को हराया, जो कुछ मिनट पहले ही पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) द्वारा 26.75 करोड़ रुपए में खरीदे गए लीग के इतिहास में सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क को पछाड़ा जिन्होंने 24.75 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड तोड़ बोली के साथ वर्षों बाद आईपीएल में वापसी की थी। शुरू में एलएसजी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच बोली लगाने की जंग हुई, जिसमें बाद में हार मान ली गई। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने अपने विस्फोटक बल्लेबाजी आक्रमण को मजबूत करने की कोशिश में बोली लगाने की जंग में प्रवेश किया और डीसी ने 'राइट टू मैच' कार्ड का इस्तेमाल करने की कोशिश की, लेकिन वे पंत के लिए एलएसजी द्वारा लगाई गई कीमत से मेल नहीं खा सके और वे अय्यर से भी आगे निकल गए। पंत ने 2016 से अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है।

खो-खो वर्ल्ड कप 2025

# टीम इंडिया बनीं चैंपियन



## फाइनल में नेपाल का किया सफाया

**नई दिल्ली।** खो खो वर्ल्ड कप 2025 में भारतीय महिला टीम ने नेपाल को 78-40 से हराकर पहली बार विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम कर लिया है। प्रियंका इंगले की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस खेल में इतिहास रच दिया है। फाइनल मुकाबले के स्कोर कार्ड पर एक नजर डालें, तो शुरुआत से ही टीम इंडिया के अटैकरों ने नेपाल के डिफेंडरों के सामने धमाकेदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने पहले टर्न में 34 अंक जुटाए। दूसरे टर्न में डिफेंड करने उतरी टीम इंडिया शानदार डिफेंड करते हुए 1 अंक हासिल किए। तीसरे टर्न में अटैक करते हुए 38 अंक बटोरे। चौथा टर्न में भी भारतीय महिला टीम ने नेपाल के अटैकरों को ज्यादा हावी नहीं होने दिया और डिफेंड करते हुए जबरदस्त खेल दिखाया। अंत में यह मुकाबला 78-40 के स्कोर पर खत्म हुआ।

**लगातार 6 मैच जीतकर बनीं विजेता**

फाइनल मैच में भी टीम इंडिया ने नेपाल को वापसी करने का मौका नहीं दिया और विश्व खिताब अपने नाम किया। प्रत्येक मैच में भारतीय खिलाड़ियों ने अपना भरपूर जोर लगाया। लगातार 6 मुकाबले जीतकर भारत ने खो-खो वर्ल्ड कप 2025 की ट्रॉफी उठाई है। टीम इंडिया ने 4 मैचों में 100 से ज्यादा अंक हासिल किए।

# रवींद्र जडेजा की घरेलू क्रिकेट में वापसी, सौराष्ट्र की टीम से जुड़े

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज खेलने जा रही है। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन किया जाएगा। इसी बीच भारत में घरेलू क्रिकेट का सीजन जारी है। ऐसे में टीम इंडिया का एक स्टार प्लेयर रणजी ट्रॉफी खेलने जा रहा है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि रवींद्र जडेजा हैं। रवींद्र जडेजा ने घरेलू क्रिकेट में वापसी की है। रविवार को भारतीय ऑलराउंडर सौराष्ट्र टीम से जुड़ गए, जिससे यह संकेत मिलता है कि वह आगामी रणजी ट्रॉफी मैच में अपने राज्य के लिए खेल सकते हैं। सौराष्ट्र का सामना 23 जनवरी को राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम के पास ग्राउंड सी में दिल्ली से होगा।

## मैच खेल सकते जडेजा

हालांकि सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) ने आधिकारिक पुष्टि नहीं की है कि जडेजा खेलेंगे या नहीं, लेकिन खबरें यह बताती हैं कि उनके खेलने की संभावना काफी अधिक है। जडेजा ने आखिरी बार जनवरी 2023 में रणजी ट्रॉफी मैच खेला था, जब वह तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र की कप्तानी कर रहे थे। यह कदम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के दिशा-निर्देशों के तहत है, जिसने सभी इंटरनेशनल खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में भाग लेने को अनिवार्य किया है, जब तक कि कोई खास कारण न हो या खिलाड़ी चोटिल न हो। इसी दिशा-निर्देश के तहत कई अन्य इंटरनेशनल खिलाड़ी भी घरेलू क्रिकेट में हिस्सा ले रहे हैं। रोहित शर्मा ने शनिवार को घोषणा की कि वह जम्मू और कश्मीर के खिलाफ मुंबई के आगामी मैच में खेलेंगे। ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल ने भी अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

## क्या बोले अजीत अगरकर

बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इस निर्णय का बचाव किया और कहा कि यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है, बल्कि एक सामान्य प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी उपलब्ध और फिट हैं, तो उनका घरेलू क्रिकेट में खेलना एक सामान्य बात है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह कदम खिलाड़ियों के लिए मुश्किल हो सकता है, खासकर यदि वे तीनों प्रारूपों में खेल रहे हों, लेकिन यह समय की बात है और जो खिलाड़ी उपलब्ध हैं, उन्हें खेलने की उम्मीद है।




पाकिस्तान बनाम वेस्टइंडीज

# पाकिस्तान ने जीता पहला टेस्ट, स्पिन गेंदबाजों का रहा दबदबा




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले मुकाबले को पाकिस्तान की टीम ने जीत लिया है। यह मैच मुल्तान में खेला गया। पाकिस्तान ने इस मैच में वेस्टइंडीज को 127 रनों से हराया है। इस मुकाबले में मिली जीत के साथ ही पाकिस्तान की टीम ने इस सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में अपनी आखिरी सीरीज खेल रही है। ऐसे में पाकिस्तान के लिए इस साइकल में अंत अच्छा होता नजर आ रहा है।

**कैसा रहा मैच का हाल**

दोनों टीमों के बीच खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया और पहले बल्लेबाजी करते हुए उनकी टीम मैच की पहली पारी में 230 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके बाद

# मनोरंजन



# पूजा हेगड़े को मिला 'क्रॉसओवर क्वीन' का टैग

एक्ट्रेस पूजा हेगड़े अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'देवा' की रिलीज के लिए एकदम तैयार हैं। बता दें, पूजा ने सालों से अलग-अलग शैलियों और भाषाओं में काम किया है और उनके दर्शक उन्हें 'क्वीन ऑफ क्रॉसओवर' के नाम से बुलाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने 'देवा' के ट्रेलर लॉन्च इवेंट को ग्रेस किया और यहां अपने अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्री के सफल बदलाव के बारे में खुल कर बात की। पूजा हेगड़े ने शेयर किया, "मैं सिर्फ बहुमुखी भूमिकाएं करना चाहती हूं, मैं हर फिल्म में अलग करना चाहती हूं, जहां मैं इस फ़िल्म की तुलना में बहुत अलग किरदार निभा रही हूं। मैं अलग-अलग भाषाओं में काम कर रही हूं और ये मेरी की हुई फिल्मों का प्रतिबिंब है। मैंने हमेशा माना है कि जहां अच्छा कंटेंट हो, वहां जाना चाहिए। मैंने अपने मन को फॉलो किया है। मैंने तमिल, तेलुगु और हिंदी में काम किया है और मुझे प्यार, सराहना और एक्सेप्टेंस मिली है, जो एक सौभाग्य है। ये एक सम्मान है। ये बहुत ही विनम्र है और मुझे और मेहनत करने के लिए प्रेरित करता है। मैं एक मुंबई की लड़की हूं जिसने अपना करियर तमिलनाडु से शुरू किया, तेलुगु में प्यार और साराहना मिली, लेकिन मैं कर्नाटक से हूं, इसलिए शायद इससे भी मदद मिली हो! आपको बता दें, पूजा हेगड़े 'देवा' में एक लीडिंग लेडी के रूप में काम कर रही हैं और फिल्म में उनका एक जर्नलिस्ट का किरदार हैं। इसके साथ ही शाहिद कपूर के साथ उनकी ऑन-स्क्रीन प्रेजेंस भी फ़िल्म की अपील को बढ़ा रही है और उनकी गतिशील भूमिका नेटिज़न्स को खूब इम्प्रेस कर रही हैं। वहीं हाल ही में रिलीज़ हुआ फिल्म का ट्रेलर और पहले गाने ने लोगों के बीच काफी बज क्रिएट किया है, जिससे फ़िल्म की ग्रैंड रिलीज़ के लिए एक मंच तैयार हो गया है। ऐसे में फैन्स और सिनेमा लवर्स 31 जनवरी को सिनेमाघरों में ये फिल्म देखने के लिए काफी एक्साइटेड है।

# राणा दग्गुबाती की फिल्म को मिला टाइटल

फिल्म लीडर से अपने अभिनय की शुरुआत करने वाले साउथ अभिनेता राणा दग्गुबाती ने 'बाहूबली' में भल्लालदेव के किरदार से दर्शकों के बीच अमिट छाप छोड़ी है। राणा जल्द ही प्रियदर्शन की फिल्म में नजर आएंगे, जिसका टाइटल नाम सामने आ चुका है। अप्रैल 2024 में, श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी (एसवीसीएलएलपी) ने प्रियदर्शी अभिनीत एक रोमांचक नई परियोजना की घोषणा की जा चुकी है, लेकिन उसका टाइटल तय नहीं हुआ था। यह फिल्म अब चर्चा में है क्योंकि निर्माताओं ने इसके शीर्षक का खुलासा किया है। फिल्म का टाइटल है 'प्रेमांटे'। टैगलाइन थ्रिल-यू प्राप्तिरस्तु के साथ, फिल्म में आनंदी मुख्य महिला भूमिका में हैं, जबकि लोकप्रिय तेलुगु एंकर सुमा कनकला एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। 'प्रेमांटे' का परिचय। थ्रिलर फिल्म है। एक अनोखी प्रेम कहानी की विशेषता-प्रियदर्शीपीएन और आनंदी अभिनेत्री के साथ इट्ससुमाकनकला द्वारा निर्देशित एक महत्वपूर्ण भूमिका में। यह परियोजना नवनीत श्रीराम के निर्देशन की पहली फिल्म और जाह्नवी नारंग की पहली प्रोडक्शन वेंचर है, जिन्हें हाल ही में पावर वुमेन 2024 पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शीर्षक के अनावरण के बाद एक भव्य पूजा समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकार, क्रू और विशेष अतिथि शामिल हुए। फिल्म के मुख्य अभिनेता राणा दग्गुबाती ने फिल्म को लेकर अपनी खुशी जताई थी, जबकि संदीप रेड्डी वांगा ने कैमरा चालू करके परियोजना को आधिकारिक रूप से लॉन्च किया। इस फिल्म में विश्वनाथ रेड्डी द्वारा सिनेमैटोग्राफी, लियोन जेम्स द्वारा संगीत और अनवर अली ने संपादन किया गया है।



# '91 या 19', आशा ताई ने किया कोरियोग्राफर को शॉक

'तौबा-तौबा' फेम कोरियोग्राफर बोस्को मार्टिस ने दिग्गज गायिका आशा भोसले से उनके घर पर मुलाकात की। इस दौरान की झलकियां भी कोरियोग्राफर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा की हैं। बातचीत की झलकियों के बीच आशा ताई का जोरदार डांस भी देखने को मिला है।



उन्हें मशहूर डांस नंबर 'तौबा तौबा' के सिग्नेचर स्टेप खुद कोरियोग्राफर ने सिखाए हैं। उन्होंने इस मुलाकात को अपने जीवन का 'दिल को छू लेने वाला अनुभव' बताया।

सामने आई झलकियों में आशा ताई और बोस्को मार्टिस के बीच की जुगलबंदी शानदार रही। कोरियोग्राफ ने दिग्गज सिंगर को स्पेशल गिफ्ट भी दिया है। इंस्टाग्राम पर बोस्को ने आशा के साथ अपनी मुलाकात का एक दिल को छू लेने वाला वीडियो शेयर किया।

# बिग बॉस 18 के सेट से बिना शूट किए लौटे अक्षय कुमार

बिग बॉस 18 का फिनाले रविवार को था। ग्रैंड फिनाले पर सलमान खान के शो में कई मेहमान हिस्सा लेंगे। इन मेहमानों की लिस्ट में बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया का नाम भी शामिल था, लेकिन अब खबर आ रही है कि अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया ग्रैंड फिनाले का एपिसोड शूट किए बिना ही बिग बॉस के सेट से चले गए।

रिपोर्ट्स की मानें सलमान खान को सेट पर जिस टाइम पहुंचना था वो नहीं पहुंचे जिसके बाद इंतजार करने के बाद अक्षय वहां से चले गए।

इंस्टाग्राम पेज के एक पोस्ट के मुताबिक, अक्षय कुमार को बिग बॉस के सेट पर सवा दो बजे पहुंचना था। वो वहां टाइम से पहुंच गए। वहां, पहुंचने के बाद उन्होंने सवा तीन बजे तक शो के होस्ट सलमान खान का इंतजार किया, लेकिन सलमान खान सेट पर नहीं पहुंचे। अक्षय कुमार के साथ एक्टर वीर पहाड़िया भी मौजूद थे। रिपोर्ट्स की मानें तो अक्षय कुमार को 'जॉली एलएलबी 3' की ट्रायल स्क्रीनिंग के लिए जाना था इसलिए वो बिग बॉस के सेट से बिना शूट किए ही चले गए।

बिग बॉस टीम ने बाद में अक्षय कुमार को सेट पर आने का अनुरोध किया, लेकिन अक्षय कुमार वापस नहीं गए। दरअसल, अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है।

अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए ही अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया बिग बॉस के सेट पर पहुंचे होंगे। हालांकि, रिपोर्ट्स की मानें तो उन्हें बिना शूट किए ही वापस लौटना पड़ा।



# ऋतिक रोशन को रियाद में मिला जॉय अवार्ड

ऋतिक रोशन ने दशकों के अपने करियर में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अपने अभिनय, शानदार लुक और बेहतरीन डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर इस अभिनेता ने बॉलीवुड में 25 साल पूरे करके एक नई उपलब्धि हासिल की है। सिनेमा में उनके योगदान के लिए हाल ही में रियाद में जॉय अवॉर्ड्स में उन्हें सम्मानित किया गया। अवॉर्ड स्वीकार करते हुए ऋतिक ने कहा, "धन्यवाद। धन्यवाद, रियाद। धन्यवाद, जॉय अवाड्र्स। मुझे यहां इंवाइट करने के लिए क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को मेरा धन्यवाद। महामहिम, आप एक दूरदर्शी व्यक्ति हैं और हम सभी के लिए इस शानदार शाम को बनाने के लिए आपका धन्यवाद। मैं इसके लिए बहुत आभारी हूं। मैं प्रोत्साहित हूं। मेरा मतलब है, देखिए मैं किसके साथ हूं।" आगे ऋतिक ने कहा, "यहां महान दिग्गजों के बीच मुझे यह अवॉर्ड मिला है। 25 साल हो गए हैं। यह एक लंबा समय लगता है, लेकिन मुझे यह समझने में 25 साल लग गए कि अभिनय वास्तव में क्या है। अब मैं एक अभिनेता के रूप में अपनी उड़ान भरने के लिए तैयार महसूस कर रहा हूं।



# 'धूम धाम' से शादी के लिए तैयार यामी गौतम और प्रतीक गांधी

यामी गौतम की शादी का विज्ञापन निकला है। अपने सुशील और घरेलू होने की काबिलियत बताते हुए उन्होंने शादी के लिए कई शर्तें रखी हैं। इससे पहले कि मन में कुछ खिचड़ी पकाएं, स्पष्ट कर दें कि यह सब अभिनेत्री की आगामी फिल्म के बारे में हैं, जिसकी झलक रविवार को साझा की गई है। इसमें यामी के साथ प्रतीक गांधी नजर आएंगे। फिल्म का पोस्टर काफी मजेदार है। यामी गौतम की आगामी फिल्म का नाम 'धूम धाम' है। यह ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। रविवार को नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पेज से फिल्म की झलक शेयर की गई है। पोस्टर अखबारों में पारंपरिक अंदाज में आने वाले शादी के विज्ञापन की तर्ज पर है। एक लड़की कोयल चड्ढा (यामी गौतम) को लड़के की तलाश है। वहीं, एक गुजराती लड़के डॉ. वीर (प्रतीक गांधी) को दुल्हन की तलाश है। दोनों ने अपनी-अपनी मांगों का बाकायदा विज्ञापन में जिक्र किया है। नेटफ्लिक्स ने यह पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन लिखा है, 'हमें रिश्ते के लिए डीएम न करें, क्योंकि हमारी शादी 'धूम धाम' से होने वाली है। पोस्टर में यामी गौतम की तस्वीर है, जिसमें वे पारंपरिक लुक में सिर पर चुनरिया ओढ़े नजर आ रही हैं। इसमें लिखा है, 'वर की तलाश! कोयल चड्ढा (मुंबई)। शादी की उम्र। संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू युवती। एक सुशाली घर के वर की तलाश है। अगर मेरा डॉगी आपको पसंद करता है तो रिश्ता पक्का समझो'। दूसरा विज्ञापन प्रतीक गांधी की तस्वीर के साथ है। इसके साथ लिखा है, 'डॉ वीर, 29 वर्षीय गुजराती लड़का। अपनी बैचरल लाइफ से रिटायरमेंट चाहता है और इसके लिए मिसेज राइट की तलाश है। ड्राई स्टेट अहमदाबाद में रहता हूं। बेशर्त प्यार करने को तैयार हूं। मेरा मध्य नाम 'एडवेंचर' है। गरबा आपका दिल जीत लेगा। संपर्क करें'। फिल्म के इस पोस्टर पर शादी डॉट कॉम की भी प्रतिक्रिया आई है। कमेंट में लिखा है, 'यह तो हमारा विषय है'। इस फिल्म को यामी गौतम के पति आदित्य धर प्रोड्यूस कर रहे हैं। यह एक रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म है।



## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में देशवासियों को किया संबोधित, कहा...

# महाकुंभ समता-समरसता का असाधारण संगम

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुना प्रधानमंत्री का उदबोधन



*जागरुक टाइम्स संवाददाता*

***प्रयागराज/जयपुर।*** *प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 118वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। नववर्ष 2025 का यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी प्रयागराज महाकुंभ स्थित राजस्थान मण्डप में प्रधानमंत्री के सम्बोधन को सुना।*

### विविधता में एकता का महाकुंभ

प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ा चिरस्मरणीय जन-सैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता-समरसता का असाधारण संगम विविधता में एकता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं भी कोई भेदभाव और जातिवाद नहीं है। यह 'कुंभ' एकता का महाकुंभ है। पीएम मोदी ने कहा कि कुंभ का आयोजन बताता है कि कैसे हमारी परम्पराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं।

एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुंभ का आयोजन होता है, वैसे ही, दक्षिण भू-भाग में, गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पश्चिम बंगाल में 'गंगा सागर' मेले का भी विहंगम आयोजन हुआ और संक्रांति के पावन अवसर पर इस मेले में पूरी दुनिया से आए ल ा ख ो ं श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। 'कुंभ', 'पुष्करम' और 'गंगा सागर मेला' हमारे सामाजिक मेल-जोल, सद्भाव और एकता को बढ़ाने वाले पर्व हैं।

### 11 जनवरी को हुई सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा

*पीएम मोदी ने कहा कि इस महीने हमने 'पौष शुक्ल द्वादशी' के दिन रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर्व की पहली वर्षगांठ मनाई है। इस साल 'पौष शुक्ल द्वादशी' 11 जनवरी को पड़ी और इस दिन लाखों राम भक्तों ने अयोध्या में रामलला के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह भारत की सांस्कृतिक चेतना की पुनः प्रतिष्ठा की द्वादशी है। पीएम मोदी ने आमजन से आह्वान किया कि वे विकास के रास्ते पर चलते हुए विरासत को सहेजे और उनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़े।*

### संविधान निर्माताओं के विचार हमारी धरोहर

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार के गणतंत्र दिवस पर संविधान लागू होने के 75 साल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान सभा सदस्यों के विचार हमारी बहुत बड़ी धरोहर है। प्रधानमंत्री ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भाषणों के अंश साझा करते हुए देशवासियों से इन महापुरूषों के विचारों से प्रेरणा लेते हुए ऐसे भारत के निर्माण करने के आह्वान किया जिस पर इन संविधान निर्माताओं को भी गर्व हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 की शुरुआत में ही भारत ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। बेंगलुरू के स्पेस-टेक स्टार्ट-अप शिपक्सेल' ने भारत का पहला निजी सैटैलाइट कॉन्स्टलेशनदृ फायर-फ्लाई, सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष में पौधे उगाने और उन्हें जीवित रखने के प्रयास भी कर रहे हैं। आईआईटी मद्रास का एक्सटेम) केंद्र अंतरिक्ष में मैन्यूफैक्चरिंग के लिए नई तकनीकों पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में असम के नौगांव में किसानों द्वारा हाथियों की भूख मिटाने के अभिनव प्रयास एवं दो नए टाईगर रिजर्वों गुरू घासीदास-तमोर पिंगला (छत्तीसगढ़), रातापानी (मध्यप्रदेश) का जिक्र भी किया। साथ ही, पीएम मोदी ने स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों का स्मरण भी किया।

### कुम्भ देश की प्राचीन परम्परा का प्रतीक : सीएम भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ में श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन व्यवस्था की गई है। महाकुम्भ हमारे देश की प्राचीन संस्कृति और परम्परा का प्रतीक है। ऐसी पुरातन एवं वैभवशाली परम्परा दुनिया में कहीं और देखने को नहीं मिलती है जहां करोड़ों लोग बिना किसी भेदभाव के एक साथ संगम में डुबकी लगाते हैं। प्रत्येक भारतवासी को ऐसी गौरवशाली परम्परा पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन हम सब देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणादायी होने के साथ ही, उत्सावर्धक होता है। उनके उद्बोधन के माध्यम से हमें हमारे देश की उपलब्धियों के बारे में जानकारी मिलती है और गर्व महसूत होता है।





# शिक्षा के साथ संस्कार की भावना को जाग्रत करता है एवीएम : योगी बालकनाथ

## सिरे मंदिर मार्ग पर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय का लोकार्पण

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती से सम्बद्ध शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर का लोकार्पण रविवार सुबह तिजारा विधायक व सिद्ध बाबा मस्तनाथ का मठ हरियाणा के योगी बालकनाथ महाराज, सिरे मंदिर गादीपति गंगानाथ महाराज ने फीता काटकर किया।



मुख्य वक्ता सुरेशचन्द्र (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), नंदलाल बाबाजी, प्रकाशचंद्र गुप्ता (वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, जालोर सांसद लुम्बाराम चौधरी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित मौजूद रहे। विद्यालय निर्माण से संबंधित जानकारी व्यवस्थापक पारसमल परमार ने दी।

बाबा बालकनाथ ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार की भावना को जाग्रत करते है आदर्श विद्या मंदिर। उन्होंने कहा कि शांति चाहिए तो ज्ञान हासिल करो और सम्मान चाहिए तो चरित्रवान बनकर दिखाना होगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से गोरक्षनाथ महाराज ने जाति प्रथा को तोड़कर समाज एक है, राष्ट्र एक है की भावना के साथ काम किया। उसी परंपरा को आगे बढ़ाने का काम वर्तमान महंत गंगानाथ महाराज कर रहे हैं। बालकों को अच्छी शिक्षा मिले, उनमें संस्कार पैदा हो, वे आगे बढ़कर देश और दुनिया में भारत का मान और सम्मान बढ़ाएं व यहां की संस्कृति शिक्षा की अलख जगाएं। ऐसे विचार, ऐसी शिक्षा यहां मिले इसको लेकर ऐसा विद्या का मंदिर का निर्माण किया गया है। योगी ने कहा कि हम सब धर्म और संस्कृति से जुड़े हुए हैं। हमारी संस्कृति संसार को आगे ले जाने का काम करती है। एक बालिका यहां पढ़कर आगे बढ़ेगी तो वो राष्ट्र का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि कॉन्वेंट स्कूल में पढ़ने वालों में एक दो प्रतिशत में स्वार्थ का निर्माण होता है। जबकि विद्या भारती में पढ़ने वालों में सेवा का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा पद्धति विश्व को शांति का संदेश देती है। हमारी शिक्षा गांव ढाणी तक पहुंचनी चाहिए। देश में इस समय बहुत अच्छा कार्य हो रहा है और पांच सौ साल बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने भामाशाहों की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से कमाया धन समाज के उत्थान के लिए लगाने का सौभाग्य आज दानदाताओं को मिला है जो प्रशंसनीय है।

### भामाशाहों का किया सम्मान

*कार्यक्रम में जिले के कई भामाशाह जिन्होंने इस बालिका विद्यालय के लिए अपना योगदान दिया, साथ ही अपने अपने क्षेत्र में विद्यालय बनाकर भेंट किए उन भामाशाहों सहित अन्य भामाशाहों का भी सम्मान किया गया। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, सांसद लुम्बाराम, आहोर विधायक छगनसिंह का भी सम्मान किया गया।*

### यह भी रहे मौजूद

*लेटा महंत रणछोड़ भारती, शंकराचार्य, प्रेमनाथ, रेवतिनाथ, आनंदनाथ, ईश्वरनाथ, अजय गुप्ता, पारस माली, नवीन सुथार आदि का आतिथ्य रहा। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया। पुखराज भंसाली, भारताराम चौधरी, नाकोड़ा जैन तीर्थ अध्यक्ष रमेश मूथा, रणछोड़राम चौधरी, मनोहर पुंगलिया, शिवनाथसिंह राणावत, दिनेश सोनगरा, लालचंद केसाराम राजपुरोहित, जोमतसिंह आदि मौजूद थे।*

## एक नजर

### वित्त आयोग की टीम सिक्किम पहुंची

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग की पूरी टीम अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में रविवार को पांच दिवसीय दौरे पर सिक्किम पहुंची। मुख्य सचिव आर तेलंग, मुख्य प्रशासक वीबी पाठक और डीजीपी अक्षय सचदेवा ने बुर्तुक हेलीपैड पर उनका स्वागत किया। यात्रा के दौरान टीम विभिन्न हितधारकों से बातचीत करेगी।

### जीपी सिंह बने सीआरपीएफ के डीजी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने असम के डीजीपी जीपी सिंह को सेंट्रल रिजर्व्ड पुलिस फोर्स के डायरेक्टर जनरल की जिम्मेदारी सौंपी है। असम मेघालय कैडर के 1991 बैच के आईपीएस ऑफिसर ज्ञानेंद प्रताप सिंह 27 नवंबर 2027 तक इस पद पर रहेंगे। सीआरपीएफ के मौजूदा डीजी की जिम्मेदारी स्पेशल डीजी वितुल कुमार को दी गई थी। ज्ञानेंद्र अब उनकी जगह लेंगे।

### काकचिंग से एक उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के काकंचिंग इलाके से पुलिस ने एक उग्रवादी को शनिवार देर रात को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार सुबह बताया कि उग्रवादी यूनाइटेड पीपल्स पार्टी ऑफ कांगेपक संगठन से जुड़ा हुआ है। उसके पास से एक स्नाईपर, एक राफल और एक हैंड ग्रेनेड भी मिला है।

#### केजरीवाल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखी चिट्ठी, बोले...

### केंद्र जमीन दे, सफाई कर्मचारियों के घर हम बनाएंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार सुबह सफाई कर्मचारियों के लिए घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार सब्सिडी पर जमीन दे तो हम उस पर मकान बनवाकर आसान किस्तों में सफाई कर्मचारियों को मालिकाना हक देगी। दिल्ली में जमीन का मामला केंद्र के अधीन है, इसलिए पीएम मोदी को इस संबंध में पत्र लिखा है। केजरीवाल ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं प्रधानमंत्री इसके बारे में राजी होंगे, क्योंकि ये गरीबों के कल्याण के बारे में है और जैसा कि पीएम ने भी कहा है कि दिल्ली में कल्याणकारी योजनाएं लागू रहेंगी।



# इजरायल-हमास के बीच युद्ध विराम लागू

### हमास ने जिंदा जला दिया था परिवार | मृतकों में तीन मासूम भी थे शामिल

**गाजा।** इजरायल और हमास के बीच करीब 15 महीनों से जारी संघर्ष के बाद रविवार से युद्ध विराम लागू हो गया है। हालांकि सुबह बंधकों की लिस्ट नहीं देने से इजरायल भड़क गया था और गाजा पर हमला कर दिया था। इसमें आठ लोग मारे गए। इसके बाद हमास ने इजरायली बंधकों की सूची उसे सौंप दी। अब इजरायल-हमास के बीच गाजा में युद्ध विराम लागू हो गया है। इस बीच इजरायल ने एक हंसते-खेलते इजरायली परिवार का वीडियो जारी किया है, जिसे हमास के आतंकियों ने सात अक्टूबर को अपहरण करने के बाद जिंदा जला दिया था। इसमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल थे। वीडियो को सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जारी करते हुए इजरायल ने लिखा है, इस पूरे परिवार को हमास के आतंकियों ने सात अक्टूबर को जिंदा जला दिया था। जब आप पन्ना पलटते हैं और युद्ध विराम व बंधक समझौते के बारे में पढ़ते हैं, तो यह मत भूलिएगा कि यह युद्ध कैसे शुरू हुआ। हम उन पीड़ितों और बंधकों के परिवारों के साथ खड़े हैं जो हर दिन 7 अक्टूबर की याद ताजा करते हैं। हम कभी नहीं भूलेंगे।



# दिल्ली में बनेगी एनडीए की सरकार : अमित शाह

**अमरावती।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के पास नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के दक्षिणी परिसर और नेशनल डिजास्टर रिसपॉन्स फोर्स की 10वीं बटालियन परिसर के साथ अन्य प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। इस दौरान एक जनसभा में उन्होंने कहा कि जब कोई आपदा भगवान द्वारा भेजी जाती है तो एनडीआरएफ मदद के लिए आती है। मैन मेड (मानव निर्मित) आपदा होती है तो एनडीए मदद के लिए आती है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के बाद एनडीए 2025 में दिल्ली में सरकार बनाएगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का पूरा समर्थन है। केंद्र ने सिर्फ 6 महीनों में राज्य के लिए 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण और केंद्रीय मंत्री के राम मोहन नायडू भी मौजूद रहे।

#### कोटा में 300 मीटर में तीन हादसे

## कोहरे के कारण 8 वाहनों में टक्कर, एक की मौत

### एंबुलेंस को भी ट्रक ने मारी टक्कर

**कोटा।** राजस्थान में रविवार 19 जनवरी को 15 से ज्यादा जिलों में कोहरे का प्रभाव रहा। नेशनल हाईवे 27 के कोटा बाईपास पर तीन अलग-अलग हादसे होना सामने आया है, जहां पर हाईवे पर पड़े मलबे और घने कोहरे के चलते 8 वाहन टकरा गए। इनमें दो ट्रक, एक बलगर, एक ट्रेलर, एक कंटेनर, एक डम्पर, एक कार और एक एंबुलेंस भी शामिल हैं। इनमें एक ट्रक चालक की मौत हो गई है, जबकि अन्य चालक और खलासी सहित वाहनों में सवार कुछ लोग घायल हो गए हैं।

### तीनों हादसों में पांच से ज्यादा लोग घायल

कोहरे के कारण कोटा-उदयपुर हाईवे पर विजिबिलिटी 30 मीटर के करीब थी। यहां उद्योग नगर थाना क्षेत्र में 300 मीटर में करीब तीन एक्सीडेंट हुए। एक एक्सीडेंट में 3 ट्रक आपस भिड़ गए। इसमें एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। वहीं, दूसरे हादसे में एंबुलेंस, कार और ट्रक टकरा गए। इसमें ट्रक ड्राइवर के दोनों पैर कट गए। एक और एक्सीडेंट में डंपर ने ट्रेलर को टक्कर मार दी। तीनों हादसे में 5 से ज्यादा लोग घायल हो गए।

## मोदी सरकार की गलत नीतियों से गरीब परेशान

# राहुल गांधी का 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' शुरू



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को गरीब और मेहनतकश वर्ग के लिए 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' अभियान शुरू किया है। कांग्रेस का कहना है कि व्हाइट टी सिर्फ कपड़े का टुकड़ा नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा और न्याय के लिए खड़े होने का प्रतीक है। पार्टी ने आगे कहा कि आज मेहनतकश वर्ग मोदी सरकार की गलत नीतियों की वजह से भयंकर दबाव में जी रहा है। बढ़ रही महंगाई ने इनके सपने को तोड़ दिया है। कंपनियां तो फायदे में हैं, लेकिन इनकी आमदनी नहीं बढ़ रही है। जिंदगी और बदतर होती जा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि मेहनतकश वर्ग उत्पीड़न, हिंसा और शोषण का शिकार होते जा रहे हैं। देश में धन असमानता सभी बड़ी समस्या है। जाति और धर्म के आधार पर ये खाई और बड़ी है। इस खाई को हमें पाटना हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी का फोकस अमीरों को अमीर करने पर मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से अपना मुंह मोड़ लिया है। सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है। गरीबों को न्याय दिलाने के लिए कैंपेन से जुड़ें ऐसे में हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर उन्हें न्याय और हक दिलाने के लिए मजबूती से आवाज उठाएं। इसी सोच के साथ हम 'व्हाइट टी-शर्ट मूवमेंट' की शुरुआत कर रहे हैं। राहुल ने कहा कि मैं युवा और मेहनतकश वर्ग के साथियों से अपील करता हूं कि वे इस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

### मुश्किल में राहुल गांधी! असम में दर्ज हुई एफआईआर

गुवाहाटी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ गुवाहाटी के पान बाजार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोप है कि राहुल ने भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले बयान दिए। बीएनएस की धारा 152 के तहत दर्ज एफआईआर गैर जमानती है। यानी अगर राहुल की गिरफ्तारी होती है तो उन्हें जमानत के लिए सीधे कोर्ट जाना पड़ेगा। एफआईआर गुवाहाटी हाईकोर्ट के वकील मोनजीत चेतिया ने दर्ज कराई है। चेतिया ने कहा कि, राहुल के बयान से देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। विपक्ष के नेता का सार्वजनिक मंच से दिया गया बयान साधारण राजनीतिक टिप्पणी नहीं है। दरअसल, 15 जनवरी को नए कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन के उद्घाटन में राहुल ने भागवत के बयान पर कहा कि भाजपा-आरएसएस ने हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा-आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.